CMYK

तापमान
अधिकतम :$33^{0}$C
न्यूनतम: $17^{0}$C

सेंसेक्स 75,364.69
निफ्टी 22,904.45

सोना 91,455
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 6 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# जस्टिस वर्मा ने ली इलाहाबाद में शपथ

## मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने लाइब्रेरी हॉल में पद वगोपनीयता की दिलाई शपथ

**प्रयागराज, वार्ता**

**घर से भारी** मात्रा में नोट मिलने के बाद चर्चा में आए जस्टिस यशवंत वर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में बतौर न्यायाधीश पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर ली है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने उन्हें लाइब्रेरी हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के शपथ ग्रहण पर आपत्ति जताई थी। रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की शपथ सुबह 9.30 पर मुख्य न्यायाधीश के



लाइब्रेरी हॉल में हुई। इलाहाबाद हाईकोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर उनका नाम सातवें नंबर पर अपलोड किया गया। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में रहते हुए कैश कांड में घिरे थे। उधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शपथ पर आपत्ति जाहिर की है। मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा कि बार एसोसिएशन इस बात से परेशान है कि एसोसिएशन को शपथ ग्रहण की

**■ जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हुआ**

जानकारी क्यों नहीं दी गई। जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने के कॉलेजियम के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की थी। इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने सात दिनों तक कामकाज ठप रखा था। बाद में वादकारियों की दिक्कतों को देखते हुए 29 मार्च को हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी थी। मंगलवार से हाईकोर्ट में कामकाज शुरू हो गया था।

# आपदा प्रभावित राज्यों के लिए 1280 करोड़ की सहायता मंजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष बाढ़, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के लिए 1280.35 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की शनिवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने बताया है कि उच्चस्तरीय समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से तीन राज्यों को 1247.29 करोड़ रुपये और एक केंद्रशासित प्रदेश



**■ गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में बैठक में चार राज्यों को मिली सौगात**

को 33.06 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो राज्य आपदा मोचन निधि में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अंतर्गत है। अभी जारी कुल 1280.35 करोड़ रुपये की राशि में से बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 136.22 करोड़ रुपये, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपये और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह अतिरिक्त सहायता केन्द्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष और केंद्र शासित प्रदेश आपदा मोचन कोष में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पास है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केन्द्र सरकार ने राज्य आपदा कोष के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा कोष के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

### रामनवमी पर बंगाल में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को रामनवमी के अवसर पर शांति सुनिश्चित करने के लिए राजधानी कोलकाता समेत पूरे राज्य में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने 10 जिला पुलिस आयुक्तालय का सीमांकन किया और रामनवमी समारोह के दौरान शांति एवं सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए 29 आईपीएस अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने भी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के साथ कई बैठकें की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अंजनी पुत्र सेना और विश्व हिंदू परिषद को संवेदनशील और अत्यधिक आबादी वाले हावड़ा में अपनी-अपनी रैलियां निकालने की शुक्रवार को अनुमति दी है।

### आईएनएस सह्याद्रि कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा

**कोलंबो।** आईएनएस सह्याद्रि शुक्रवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा, जहां श्रीलंका की नौसेना ने उसका गर्मजोशी से स्वागत किया। 'डेली मिरर' की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री 143 मीटर लंबा फ्रिगेट है, जिस पर 320 लोगों का दल है और जहाज की कमान कैप्टन रजत कुमार के हाथ में है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री के चालक दल अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए श्रीलंका की नौसेना की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे देश भर के कई पर्यटन स्थलों का भी दौरा करेंगे। यात्रा के समापन पर, आईएनएस सह्याद्री सात अप्रैल को कोलंबो से रवाना होने वाला है।

### रामनवमी पर श्रद्धालुओं पर करेंगे पुष्पवर्षा : अंसारी

**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करके रामनवमी मनाएंगे। बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबांल अंसारी ने कहा कि रविवार को रामनवमी के दिन अर्थात श्रीरामजन्मोत्सव पर्व पर देश, विदेश से आए हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या धर्म की नगरी है। अयोध्या पूज्य है, अयोध्या में सरयू नदी है, अयोध्या में हनुमानगढ़ी है और अयोध्या में भगवान राम का मंदिर है। अयोध्या में देश-दुनिया की आस्था है। अयोध्या में जितने भी श्रद्धालु आएंगे उनका हम स्वागत करेंगे।

### रामलला के ललाट पर हुआ भगवान सूर्य का तिलक ट्रायल

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर भगवान सूर्य का तिलक का ट्रायल शनिवार को किया गया। सूत्रों के अनुसार रामनवमी के पूर्व भगवान रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य ने तिलक किया। तिलक का ट्रायल ठीक बारह बजे किया गया।

# भारत हर परिस्थिति में श्रीलंका के साथ: मोदी

## श्रीलंका से हमारे सदियों पुराने आध्यात्मिक व आत्मीयता भरे संबंध

**कोलंबो, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने कहा है कि भारत- श्रीलंका के सुरक्षा हित समान हैं, उनकी सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है तथा भारत सच्चे पड़ोसी तथा मित्र के रूप में हर प्रतिकूल परिस्थिति में श्रीलंका के साथ खड़ा है।

श्रीलंका यात्रा पर आए श्री मोदी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के संयुक्त प्रेस वक्तव्य के अवसर पर कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और आत्मीयता भरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है और हम अपने पार्टनर देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दोनों देश अपनी भागीदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई और श्री मोदी ने मछुआरों को तुरंत रिहा किए जाने और उनकी नौकाओं को वापस भेजने पर जोर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि मैं श्रीलंका के लोगों के धैर्य और साहस की सराहना करता हूं और आज श्रीलंका को वापस प्रगति के पथ पर देख कर हर्ष महसूस कर रहा हूं। भारत -शेष पृष्ठ दो पर



### भारत और श्रीलंका ने रक्षा सहयोग पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच कोलंबो में शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग पर अपने पहले सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए यूएई के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

### मोदी को मिला श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**कोलंबो।** पीएम मोदी को श्रीलंका सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया है। श्रीलंका की यात्रा पर गए श्री मोदी को राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार को कोलंबो में एक समारोह में 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया और इस सम्मान के प्रतीक पदक को उनके गले में पहनाया।

### दिल्ली आयुष्मान भारत योजना में शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' में शनिवार को दिल्ली शामिल हो गई। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में यहां इस आशय के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। हाल में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आयुष्मान भारत में दिल्ली राज्य को शामिल करना एक प्रमुख मुद्दा था। आयुष्मान भारत योजना में दिल्ली की जनता को केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख का रुपये का उपचार नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को पांच लाख रुपये का प्रति वर्ष उपचार भी मिलेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने दिल्ली सरकार के साथ आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दिल्ली में लागू करने के एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड करेगा आंदोलन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग के साथ पूरे देश में आंदोलन करेगा। शनिवार शाम को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोड मे दो पेज का लेटर जारी किया। बोर्ड ने कहा कि हम सभी धार्मिक, समुदाय-आधारित और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे।

यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि संशोधन पूरी तरह से निरस्त नहीं हो जाते। वक्फ संशोधन बिल इस्लामी मूल्यों, धर्म और शरीयत, धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता, सांप्रदायिक सद्भाव और भारतीय संविधान के आधारभूत ढांचे पर गंभीर हमला है। कुछ राजनीतिक दलों का भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को दिए गए समर्थन ने उनके




**■ कहा: संशोधन संविधान पर हमला, सुप्रीम कोर्ट में तीसरी याचिका दाखिल**

तथाकथित धर्मनिरपेक्ष मुखौटे को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। शनिवार को 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने बिल के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं लगाई गईं थीं। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई।

### कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में हिस्सा लेने आए रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस कारवाड़ में बुनियादी ढांचे की एक विस्तृत परियोजना श्रृंखला का उद्घाटन किया। कारवाड़ की यात्रा के दौरान नौ पियर्स, अत्याधुनिक समुद्री उपयोगिताओं और ट्रंक सुविधाओं के साथ- साथ नाविकों और रक्षा नागरिकों के लिए 480 आवास इकाइयों सहित 2000 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया गया। नौसेना के अनुसार इन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का पूरा होना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में बड़ी छलांग है।

# कनाडा में भारतीय की हत्या

**ओटावा।** कनाडा की राजधानी ओटावा के पास रॉकलैंड में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और कहा है कि वे सभी सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक संघ के साथ निकट संपर्क में हैं।

भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम ओटावा के पास रॉकलैंड में चाकू घोंपकर एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। पुलिस ने कहा है कि एक संदिग्ध को हिरासत में

**■ भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख जताया**

ले लिया गया है। उच्चायोग ने कहा कि हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक स्थानीय सामुदायिक संघ के माध्यम से निकट संपर्क में हैं। रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार चार अप्रैल को कनाडा के रॉकलैंड में लालोंडे स्ट्रीट पर स्थित एक आवास में हुई घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# बीएसएफ ने किया घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक घुसपैठिए को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि चार-पांच अप्रैल की मध्य रात्रि में बीएसएफ के जवानों ने जम्मू क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा कि जवानों ने एक घुसपैठिए को अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करते देखा, जिसके बाद उसे चुनौती दी गई, लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने खतरे को भांपते हुए घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जबकि समकक्षों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

# सैफ अली हमला में तीनों टुकड़े एक ही चाकू के निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमला केस में आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका पर मुंबई की एक कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रिपोर्ट में बड़ा खुलासा किया।

पुलिस ने कोर्ट में बताया कि आरोपी से बरामद टुकड़ा, वारदात की जगह से मिला हिस्सा और सैफ की रीढ़ की हड्डी से निकला टुकड़ा, तीनों एक ही चाकू के हैं। आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत हाथ लगे हैं। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की

**■ फॉरेंसिक रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

जाएगी। आरोपी को जमानत मिली, तो वह बांग्लादेश भाग सकता है। आरोपी की ओर से दाखिल जमानत याचिका में कहा गया था कि एफआईआर झूठी है और जांच पूरी हो चुकी है, सिर्फ चार्जशीट दाखिल होना बाकी है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला हुआ था। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे।

### वक्फ विधेयक का समर्थन करने पर शाहनवाज हुसैन को मिली धमकी

**समस्तीपुर।** वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन को जान से मारने की धमकी मिली है। श्री हुसैन ने शनिवार को समस्तीपुर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में इसका स्वयं खुलासा करते हुए बताया कि उनके मोबाइल फोन के साथ-साथ सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार संदेश भेजकर धमकी दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के फायदे के बारे में पार्टी की ओर से लोगों खासकर मुसलमानों के बीच अपनी बात मजबूती के साथ लगातार रख रहा हूं।

# पंचतत्व में विलीन हुए मनोज कुमार



**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्मकार-अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। मुंबई में जुहू के पवन हंस श्मशान घाट पर शनिवार को उनके परिजनों, मित्रों और प्रशंसकों की उपस्थित में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अभिनेता के पार्थिव शरीर को उनके पुत्र कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। मनोज कुमार की पत्नी शशि गोस्वामी श्मशान घाट पर थीं।

### शिवराज ने की डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ बातचीत की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन समाप्त करने की अपील की है। श्री चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पहले से तय तिथि के अनुसार चार मई को बातचीत होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच उनकी मांगों को लेकर चल रहा बातचीत का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल अब अस्पताल से वापस आ चुके हैं और हम उनके अतिशीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही हम उनसे अनुरोध करते हैं कि वह अपना अनशन समाप्त करें।

# तेलंगाना में 86 नक्सलियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

**बस्तर/हैदराबाद, वार्ता**

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह के छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे के बीच शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में माओवादी संगठन को एक और झटका देते हुए 86 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर दिया।

इनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण




करने वालों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी माओवादी लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि इन सभी ने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सामूहिक आत्मसमर्पण बस्तर में बढ़ती पुलिस कार्रवाई और सुरक्षा बलों के सतत दबाव का परिणाम है।

**■ लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे**



## संक्षिप्त समाचार

### कंपनी अधिनियम 2013 में संशोधन पर टिप्पणियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत फास्ट ट्रैक विलय के दायरे को बढ़ाने के लिए नियमों में प्रस्तावित संशोधन पर सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। कंपनी मामलों के मंत्रालय ने आज यहां कहा कि कंपनी अधि. नियम 2013 की धारा 233 में केंद्र सरकार के अनुमोदन के माध्यम से कुछ कंपनियों (फास्ट ट्रैक विलय) के विलय या समामेलन का प्रावधान है। चालू वित्त वर्ष के बजट भाषण के अनुसार ऐसे विलय के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस उद्देश्य के लिए कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 में संशोधन का प्रस्ताव करने वाली एक मसौदा अधिसूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा संशोधन नियमों पर टिप्पणियां/सुझाव मंत्रालय की वेबसाइट पर ई-परामर्श मॉड्यूल के माध्यम से 5 मई 2025 तक भेजे जा सकते हैं।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार बरामद किए गए है। मणिपुर पुलिस ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के खोंगजोम-पीएस के अंतर्गत खोंग. जोम खेबाचिंग क्षेत्र से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति थौबल जिले के खोंगजोम क्षेत्र से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल है। उसके पास से एक एम20 पिस्तौल, एक मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खुरई कोंगपाल लैशराम लेइकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पार्ट-4 से एक व्यक्ति के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल-पीएस के अंतर्गत नाम्बोल फोइलजग इलाके में घेरा. बंदी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान उक्त व्यक्ति के अपहरण में शामिल दो यूएनएलएफ (पी) कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। अपहृत व्यक्ति को भी बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि दो अन्य अभियानों में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### आईजीएनसीए में 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान'

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के संरक्षण प्रभाग एवं सांस्कृतिक अभिलेखागार 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान' में कला आलोचना के ऐतिहासिक दृष्टिकोण और उसके विकसित होते आयामों पर प्रकाश डाला गया। आईजीएनसीए की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में प्रसिद्ध कला इतिहासकार, सांस्कृतिक आलोचक, राजनीतिज्ञ और विचारक सुनीत चोपड़ा के भारतीय कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को याद किया गया। इस विशेष अवसर पर कर्नाटक चित्रकला परिषद के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के कला इतिहास विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डा. आरएच कुलकर्णी मुख्य वक्ता थे।

## अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा

# जमीनों की लूट-खसोट पर लगेगी रोक: योगी

**महाराजगंज, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर महाराजगंज पहुंचे। जनसभा को संबो. धित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया कि अगले तीन साल में यूपी से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में देश की संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित किया गया है, जिससे वक्फ के नाम पर जमीनों की लूट-खसोट और अवैध कब्जे पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा। सरकारी संपत्ति का उपयोग विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, बैराज और आवास निर्माण जैसे जन कल्याणकारी कार्यों में होगा। सीएम योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर नाजायज तरीके से कब्जाई गई थी, जिससे गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा था। अब इस मनमानेपन पर लगाम लगेगी। मुख्यमंत्री ने वासंती नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर मां बनैलिया देवी को नमन करते हुए कहा कि उन्हें नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में रोहिन नदी पर बैराज के लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बैराज से 16 हजार अन्नदाता किसानों और 54 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि यह बैराज मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा। रोहिन नदी का पानी मीठा है और यह नेपाल से गोरखपुर तक बहती है। इस बैराज से किसानों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। रोहिन बैराज के बारे में उन्होंने कहा कि 25 साल से इसकी मांग थी, लेकिन पहले की सरकारें अपने परिवार की जेब भरने और जमीन की लूट में व्यस्त थीं। अब यह बैराज बाढ़ से बचाव और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। इसके आसपास वाटर बाडी, पर्यटन, नौकायन और रेस्टोरेंट बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



■ संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित होने को लेकर उप्र के मुख्यमंत्री ने किया बड़ा दावा

### कांग्रेस और सपा गरीब मुस्लमानों के नहीं भूमाफियाओं के साथ: अरुण सिंह

**मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने आज विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस सपा सहित सभी दल गरीब मुसलमानों के साथ नहीं बल्कि भू-माफियाओं के साथ है। वक्फ बिल दोनों सदनों में पास हो जाने के बाद अब सरकार माफियाओं के कब्जे से जमीन को मुक्त करा कर गरीब एवं पिछड़े मुसलमानों के लिए काम करेगी। अरुण सिंह भाजपा के स्थापना दिवस पर एक सप्ताह तक पार्टी द्वारा कार्यक्रम के लिए पूजा कर शुभारंभ किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मुस्लिम समुदाय में भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि उनके मंसूबों पर पानी फिर जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि विपक्षी दलों के लिए यह नया नही है। मोदी सरकार द्वारा जब भी कोई बड़े बदलाव किए जाते हैं। तब तब भ्रम फैलाने में कोई कोर कसर नही छोड़ते हैं। चाहे सीसीए बील हो या धारा 370 हो, लेकिन अब मुस्लिम समाज सब समझ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वक्फ बिल पास हो जाने के बाद गरीब मुसलमानों को इसका लाभ मिलेगा, जो अब तक कुछ माफिया लोग ले रहे थे।

### पीएम के नेतृत्व में तेजी से बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था, प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन

**महराजगंज।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है, तो अपना यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रदेश भय और अराजकता से मुक्त हो सुशासन और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका एक बड़ा उदाहरण महराजगंज में बना यह रो. हिन बैराज भी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुई कहीं। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जहां बिना किसी भेदभाव के काम होता हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पुरा देश एक नए भारत का दर्शन कर रहा हैं, जो भारत बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सबको देता है। किसानों हो, नौजवान, मजदूर हो या महिलाएं सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जो काम पिछली सरकारों ने सत्तर सालों में नहीं किया वो काम मोदी सरकार ने दस वालों में कर दिखाया। डबल इंजन की सरकार में आज देश के 80 करोड़ लोगों को फी राशन मिल रहा है। चार करोड़ गरीब परिवारों को उनका अपना आशियाना मिला है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई से लेकर लोगों की दवाई तक के लिए भाजपा सरकार काम कर रहीं हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए विकास और सुशासन में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल मंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल व संजय पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

सीएम योगी ने बताया कि पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। 2017 में यूपी देश में सातवें नंबर की अर्थव्यवस्था था, आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुसहर, वनटांगिया और थारू जैसी जनजातियों के गांवों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर और महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि यह विकास और विरासत का अनूठा समन्वय है। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि 1972 में बनी परियोजना को पूरा होने में 49 साल लग गए, वो भी तब पूरा हुआ, जब भाजपा की सरकार आई।

## भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



■ जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी जीरो, अखिलेश ने कसा योगी सरकार पर तंज

राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी यूपी में जीरो हो गई है।

सपा मुखिया ने कहा कि बहुत कम देखने को मिलता होगा कि पुलिस फिरौती के लिए खुद अपहरण कर रही है। पुलिस ही पुलिस पर मुकदमे दर्ज कर रही है। अब बताओ जीरो टालरेंस कहां बचा। प्रदेश में कहीं भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोगों को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। बीच में जो दलाल था, उसे भी पकड़ा गया। पकड़ा गया दलाल और भी आईएएस अफसरों का काम करता था। ये करप्शन का मामला नहीं, बल्कि बंटवारे का झगड़ा था। जो लोग 80-20 का नारा देते हैं, मैं उनसे पूछता हूं कि हम 80 में आते हैं या 20 में। ये 80-20 का मामला नहीं, बल्कि 90-10 का मामला है। आधी आबादी और पीडीए भाजपा से नाराज है। जो लोग निवेश लाना चाहते थे, वो विनाश ले आए। ये भ्रष्ट अधिकारी छुपे हुए हैं। यूपी के एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला। अखिलेश ने कहा कि इतिहास को नहीं पलटना चाहिए। जो इतिहास खुशहाली के रास्ते पर ना ले जाए, उसे नहीं पलटना चाहिए। क्योंकि इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। जबसे वक्फ बिल पास हुआ है, तबसे भाजपा के लोग इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे हैं। भाजपा यही चाहती है कि हम लोग बुनियादी सवालों पर चर्चा ना करें। क्या यूपी में गेहूं की सरकारी खरीद हो रही है। सरकार ने खरीद के लिए प्राइवेट लोगों को लाइसेंस दे दिया है। यूपी और उत्तरखंड से सबसे ज्यादा युवा फौज में जाते थे। लेकिन पक्की भर्ती बंद करके अग्निवीर योजना शुरू कर दी गई। सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति से सीखे कि वह लोग अपने देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए दूसरे देशों पर पाबंदी लगा रहे हैं। क्या हमारी सरकार चीन पर पाबंदी लगा पाएगी? ये सरकार झूठ के एक्सप्रेसवे बना रही है। एक पोस्टर में लिखा था कि छह बन चुके हैं और सात निर्माणधीन हैं, तो क्या बाकी हवा में बन रहे हैं।

## अमेरिका से व्यापार समझौते पर बने टास्क फोर्स

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस ने ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता जताते हुए उठाई मांग

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, पश्चिम एशिया, चीन, जापान, लैटिन अमे. रिकी देश तथा अफ्रीकी संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौतता (एफटीए) पर नए सिरे से विचार करने तथा अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर बातचीत करते रहने और इसके लिए टास्क फोर्स बनाने का सुझाव दिया है, जिसमें सभी क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हों।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दो दिन पहले अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की, जिससे पूरी दुनिया के व्यापार को चोट पहुंची है और इस फैसले से सात दशक पुरानी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था एक झटके में चौपट हो गई है। दशकों से दुनिया में निवेश के लिए सहमति बनी और टैरिफ तथा व्यापार पर आम सहमति के बाद विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई थी। इस व्यवस्था के बाद अब पहली बार किसी बघे देश ने रेसिप्रोकल टैरिफ शब्द का इस्तेमाल किया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहला फैसला है, जिससे पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल बना और इससे अमीर तथा गरीब देश सीधे प्रभावित हो रहे हैं। इसकी वजह है कि आज दुनिया के सभी देश अपनी आर्थिक और सामाजिक प्रगति के अलग-अलग पयदान पर खड़े हैं। कुछ अमीर हैं, कुछ विकासशील अर्थव्यवस्था में हैं, कुछ बहुत गरीब हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव होगा, इस पर देश की क्या रणनीति है, इसकी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इसको लेकर भारत की जो भी प्रतिक्रिया हो, उसमें राष्ट्रहित ही सबसे ऊपर रहे। अमेरिका के साथ भारत के कई बड़े समझौते हैं और बड़े ट्रेडिंग पार्टनर भी हैं। संकेत हैं कि सरकार द्विपक्षीय ट्रेड के लिए कुछ टर्म्स और रिफ्रेंस तैयार किए जा रहे हैं। वो क्या हैं और उसके मापदंड क्या हैं, इस पर देश को विश्वास में लेना चाहिए। बिना बताए ऐसे कोई निर्णय न हों, जिसकी कीमत लंबे समय तक देश चुकाता रहे। बेहतर होता कि संसद में सरकार इस पर बयान देती और चर्चा की जाती। अब विपक्ष के नेताओं से बैठक कर सरकार बताए कि उनकी इस पर क्या रणनीति है। इस पर जो समझौता हो, वो संतुलित और सम्मानजनक होना चाहिए।

### खड़गे-राहुल ने समता दिवस पर जगजीवन राम को किया नमन

**नई दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और दिग्गज नेता रहे बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर उनकी समाधि समता स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। खड़गे व गांधी ने समता स्थल पर जगजीवन राम की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वहां जगजीवन राम की पुत्री तथा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार सहित कई अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। इस दौरान वहां सर्व धर्म सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्गों की लोगों ने हिस्सा लिया। खड़गे ने कहा कि समता दिवस पर महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि। समता के महानायक, बाबू जी समाज के कमज़ोर, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान एवं उनके न्याय के लिए नि:स्वार्थ भाव से संघर्षरत रहे।

## निजी स्कूलों-भाजपा सरकार की सांठगांठ की हो सीबीआई जांच: सिसोदिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के निजी स्कूलों में हुई बेहताशा फीस वृद्धि की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। आप के वरिष्ठ नेता वएवं दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, वह रोजाना कुछ न कुछ दिल्ली के लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई जनहित की योजना शुरू की थीं। इसमें अब बसों में महिलाओं को फी टिकट मिलना बंद हो गया है, मोहल्ला क्लीनिक बंद हो गए हैं, अस्पतालों में दवाइयां मिलनी बंद हो गई हैं, टेस्ट होने बंद हो गए हैं। भाजपा की सरकार हर रोज कुछ न कुछ ऐसे कदम उठा रही है, जिससे दिल्ली के लोग परेशान हो रहे हैं। अब दिल्ली के निजी स्कूलों ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ानी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 2015 में जब मैं दिल्ली का शिक्षा मंत्री बना था, उस वक्त निजी स्कूलों की मनमानी और फीस वृद्धि पर लगाम लगाई गई थी। 'आप' की सरकार से पहले निजी स्कूलों का खुला राज चलता था। 2015 से पहले किसी बच्चे का निजी स्कूल में दाखिला हो गया, तो फिर निजी स्कूल हर साल कितना भी पैरेंट्स को लूट सकते थे और पैरेंट्स असहाय महसूस करते थे। उन्होंने कहा कि 'आप' की सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए एक-एक स्कूल का ऑडिट कराया। हर निजी स्कूल को निर्देश दिया गया कि बिना सरकार की अनुमति के कोई भी स्कूल फीस नहीं बढ़ाएगा। फीस वृद्धि से पहले सरकार की अनुमति लेना आवश्यक कर दिया था।

आप नेता ने कहा कि हर निजी स्कूल 10 से 30 फीसदी फीस मनमाने तरीके से बढ़ा दे रहा है। आखिर भाजपा की सरकार की निजी स्कूलों से क्या मिली भगत है। दिल्ली में लोगों को लूटने का खुला भ्रष्टाचार शुरू हो गया है। दिल्ली के लोगों की जेब पर डाका डालने का खुलेआम काम हो रहा है और भाजपा इस काम को करा रही है। नौकरी पेशा लोग बघी मुश्किल से पैसा बचाकर अपने बच्चों की फीस देते हैं। हर महीने अभिभावकों से 30 से 40 फीसदी की लूट को बढ़ा देना भ्रष्टाचार है और इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए।

## निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से वाकिफ: वानी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सलाहकार नासिर असलम वानी ने शनिवार को कहा कि निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से भली-भांति वाकिफ है।

वानी ने संवाददाताओं से बात. चीत के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा मध्यम श्रेणी के अधिका. रियों के तबादले के अपने फैसले का बचाव करने के संदर्भ में यह टिप्पणी की। सत्तारूढ़ गठबंधन ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है और केंद्र को लो. कतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार के अधिकार को कमजोर करने के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने कहा कि हमें भी अपना अधिकार क्षेत्र पता है। हमारा रुख वही है। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। उपराजयपाल के अपने फैसले को संसद द्वारा पारित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अनुरूप बताए जाने के संदर्भ में पूछे जाने पर वानी ने कहा कि निर्वाचित सरकार भी चाहती है कि शासन अधि. नियम और स्थापित व्यावसायिक नियमों के अनुरूप ही चले।मुख्यमंत्री कार्यालय और उपराज्यपाल के बीच गतिरोध 01 अप्रैल को उस समय बढ़ गया, जब सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा के 48 अधिकारियों के लिए तबादला आदेश जारी किए।

### यूपी के कई जिलों में लू की चेतावनी जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में गर्मी पूरी तरह से अपने पैर पसार चुकी है। प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को प्रदेश की ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ ही तपिश भरी धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर तक 25 से ज्यादा जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और बुलंदशहर के लिए लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला जाएगा।

## खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन** : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान मूंग दाल, उड़द दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### आनंदीबेन ने दी देशवासियों को रामनवमी की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने देश एवं प्रदेशवासियों को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके द्वारा स्थापित नैतिकता, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने कामना की कि भगवान श्री राम की कृपा से देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त हो।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत हर ...**

के लिए यह गर्व का विषय है कि हमने एक सच्चे पड़ोसी मित्र के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो, या हाल में आया आर्थिक संकट, हर कठिन परिस्थिति में, हम श्रीलंका के लोगों के साथ खड़े रहे हैं।

मोदी ने कहा कि श्रीलंका की उनकी पिछली यात्रा 2019 में बहुत ही संवेदनशील समय में हुई थी और उस समय उन्हें विश्वास था कि श्रीलंका और अधिक मजबूत होकर उभरेगा। उन्होंने महान तमिल संत थिरुवलुवर को याद करते हुए उनके हवाले से कहा कि चुनौतियों और शत्रुओं के विरुद्ध एक सच्चे मित्र और उसकी मित्रता की ढाल से बढ़कर और क्या सुरक्षा हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीलंका का भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर दृष्टिकोण में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि सामपुर सोलर पावर प्लांट से श्रीलंका की ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी। मल्टी-प्रोडेक्ट पाइपलाइन के निर्माण, और त्रिकोमाली को ऊर्जा हब के रूप में विकसित किए जाने के लिए जो समझौता हुआ है, उसका लाभ श्रीलंका के सभी लोगों को मिलेगा। दोनों देशों के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी समझौते से श्रीलंका के लिए बिजली निर्यात करने के विकल्प खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है।

भारत भागीदार देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देता है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में ही हमने 10 करोड़ डॉलर से अधिक राशि के ऋण को ग्रांट में बदला है। हमारे द्विपक्षीय 'डेट रिस्ट्रक्चरिंग एग्रीमेंट' से श्रीलंका के लोगों को तत्काल सहायता और राहत मिलेगी। आज हमने ऋण की दर को भी कम करने का निर्णय लिया है। यह प्रतीक है कि आज भी भारत श्रीलंका के लोगों के साथ खड़ा है।

### जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी: विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। गुप्ता ने रोहिणी में आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अध्यक्ष की कुर्सी बड़ी है, इसलिए जिम्मेदारी भी बड़ी है। मेरी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा का सदन, दिल्ली की जनता ने अपने लिए चुनकर भेजा है। दिल्ली के कोने-कोने से जो 70 विधायक चुनकर आए हैं, हमारा काम है कि विधानसभा में जनता की समस्याओं पर चर्चा हो, विचार-विमर्श हो और उनके समाधान निकाले जाएं। गुप्ता ने बताया कि मेरा एक ही प्रयास रहता है कि सदन व्यवस्थित रूप से चले। सदन में विचार-विमर्श हो।

## नौ वर्षों में सपनों को पोषित किया है स्टैंड अप इंडिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य 5 अप्रैल 2016 को शुरू की गई स्टैंड अप इंडिया योजना ने नौ वर्षों में न केवल व्यवसायों को वित्त पोषित किया है, बल्कि इसने सपनों को पोषित किया है, आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है।

वित्त मंत्रालय ने इस योजना को नए व्यवसाय शुरू करने में मदद करने के लिए बैंक लोन प्रदान करके बाधाओं को तोड़ने और समाज के कमजोर और महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया था। योजना ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दिखाई है, जिसकी शुरुआत के बाद से स्वीकृत कुल राशि 31 मार्च 2019 तक 16,085.07 करोड़ रुपए से बढ़कर 17 मार्च 2025 तक 61,020.41 करोड़ रुपए हो गई। इसने मार्च 2018 से मार्च 2024 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदायों और महिला उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सशक्तिकरण को प्रतिबिंबित किया किया है।

इस योजना का लाभ उठाने वाले अनुसूचित जाति के खाते बढ़कर 9,399 से 46,248 हो गए, तथा लोन की राशि 1,826.21 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,747.11 करोड़ रुपए हो गई। अनुसूचित जनजाति के खाते बढ़कर 2,841 से 15,228 हो गए तथा स्वीकृत लोन की राशि 574.65 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,244.07 करोड़ रुपए हो गई। इस अवधि में महिला उद्यमियों के खाते 55,644 से बढ़कर 1,90,844 हो गए तथा स्वीकृत राशि 12,452.37 करोड़ रुपए से बढ़कर 43,984.10 करोड़ रुपए हो गई।

मंत्रालय की कहना है कि योजना एक बदलावकारी पहल रही है, जिसने अनुसूचित जाति, अनुस. ूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को अपने व्यावसायिक विचारों को हकीकत में बदलने के लिए सशक्त बनाया है। लोन स्वीकृति और वितरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ, यह समावेशी विकास को प्रोत्साहन देना जारी रखता है। यह योजना केवल लोन के बारे में नहीं है, यह अवसर पैदा करने, बदलाव को प्रेरित करने और आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने के बारे में है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# यमुना की निगरानी करेगी टेरिटोरियल आर्मी, अतिक्रमण से भी होगा बचाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जीवनदायिनी यमुना को प्रदूषण और अतिक्रमण से बचाने के लिए सरकार ने इसके रिवर फ्रंट पर टेरिटोरियल आर्मी तैनात करने की योजना बनाई है। ये नदी के प्राकृतिक सौंदर्य की सुरक्षा करेगी और अनधिकृत खुदाई, अतिक्रमण और नदी में कूड़ा करकट न फेंकने के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। इस पहल से यमुना को नया जीवन मिलने की उम्मीद है।

दिल्ली सरकार ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना नदी भाजपा सरकार के एजेंडे का सबसे अहम विषय है। यमुना की सफाई, इसके प्राकृतिक स्वरूप की रक्षा, पवित्रता और इसे दर्शन योग्य बनाए रखना सरकार का मुख्य फोकस है। जल्द ही सीएम रेखा गुप्ता इस संबंध में रक्षा विभाग को पत्र लिखेंगी।

अगले कुछ महीने में यमुना में सुरक्षा गार्ड तैनात होंगे। अगले करीब तीन साल में दिल्ली में यमुना का एक खूबसूरत रिवर फ्रंट होगा, जिसके किनारे लोग शौक से घूमने आएंगे। उन्होंने कहा कि टेरिटोरियल आर्मी तैनात करने की योजना उन्हीं की है, जिसका उद्देश्य यमुना की सफाई के विषय में दिल्ली के लोगों में जागरूक करना है। लोगों के चालान काटना या सजा देना नहीं है। टेरिटोरियल आर्मी इस काम को बखूबी निभाएगी। डीडीए ने यमुना का आधुनिक रिवर फ्रंट विकसित करने के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान बनाया है।

दिल्ली में यमुना के ५२ किलोमीटर क्षेत्र को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया गया है, जिसमें अभी विशेष रूप से वजीराबाद से ओखला तक के २२ किलोमीटर के हिस्से पर फोकस है। गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट और लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट से प्रेरणा लेते हुए इसे तैयार किया जा रहा है। मास्टर प्लान के तहत दिल्ली में यमुना में गिरने वाले २२ नालों के पानी को १०० फीसदी ट्रीट करने की योजना है।

## रेहड़ी-पटरी वालों को भी नहीं छोड़ा, निवेश पर हाई रिटर्न का झांसा देकर ठगे 10 करोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में करोड़ों रुपये की दिहाड़ी हड़पने का मामला उजागर हुआ है। खुद को एक सरकारी मान्यता प्राप्त कंपनी का एजेंट बताने वाला शख्स दिल्ली के रेहड़ी पटरी वालों से १० करोड़ रुपये लेकर भाग गया है। उसने रेहड़-पटरी वालों को रोजाना ५०० रुपये तक छह माह निवेश करने के बदले ५० प्रतिशत मुनाफा देने का लालच देकर यह राशि इकट्ठा की। आरोपी ने कुछ लोगों को रिटर्न दिया भी, लेकिन राशि ज्यादा होते ही वह परिवार सहित भाग गया। २० शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी कर ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस शिकायतकर्ताओं के बयान और उनके दिए दिए गए दस्तावेजों से ठगी की रकम का आकलन कर रही है। किराड़ी सुलेमान नगर निवासी अर्जुन कुमार ने बताया कि वह नांगलोई मेट्रो पिलर संख्या ३७३ के पास रेहड़ी पर लोअर और टी शर्ट बेचता है। इसी इलाके में स्थित उमराव सिंह कॉम्प्लेक्स में गौरव नाम का व्यक्ति फाइनेंस का काम करता था। वह जरूरत पड़ने पर लोगों को १०-१२ हजार रुपये उधार भी देता था। २०१९ में उसने जन विश्वास इंडिया निधि लिमिटेड कंपनी खोली। जिसे वह सरकारी मान्यता प्राप्त बताता था। इलाके में उसने रेहड़ी पटरी लगाने वालों से दिहाड़ी में से बचत होने वाले पैसे को उसकी कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उसने लोगों को इसके बदले ५० प्रतिशत मुनाफे का आश्वासन दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने कहा था कि अगर छह माह में ३६०० रुपये भी निवेश करोगे तो ५६०० रुपये रिटर्न मिलेगा। इससे ज्यादा करने पर रिटर्न बढ़ता जाएगा।

# 32 हजार दवाई की दुकानों की जिम्मेदारी 35 इंस्पेक्टर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ३२ हजार से अधिक छोटी-बड़ी दवा की दुकानें हैं, थोक की दुकानें इससे अलग है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के औषधि नियंत्रण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दवा इन दुकानों से प्रतिदिन ४२ करोड़ और १५ हजार करोड़ से अधिक का वार्षिक कारोबार होता है।

इस पर निगरानी को औषधि नियंत्रण विभाग के पास मात्र ३५ औषधि निरीक्षक हैं, जिनमें से २५ तो अभी कार्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। साफ है कि वर्तमान में मात्र १० औषधि निरीक्षक ही इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। इन पर ही दिल्ली की ३२ हजार से अधिक दवा दुकानों पर दवा कारोबार मानक अनुरूप हो रहा है या नहीं, दुकानों पर फार्मासिस्ट की तैनाती है या नहीं, बिना प्रिसक्रिप्शन दवा की बिक्री तो नहीं हो रही, अधोमानक या नकली दवाओं की बिक्री तो नहीं हो रही है, आदि-आदि पर निगरानी रखने, पकड़े जाने पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी है।

दवा दुकानों और औषधि निरीक्षकों की संख्या का यह असंतुलन दवा बाजार में गुणवत्ता नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की चुनौती मुश्किल बनाने के साथ-साथ फर्जी फार्मासिस्ट के धंधे, दवा की अवैध दुकानों व कारोबार को बढ़ावा दे रहा है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग और औषधि नियंत्रण विभाग से मिले आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि प्रति इंस्पेक्टर औसतन ९२० दवाई की दुकानों की निगरानी का जिम्मा है।

हालांकि सही मायनों में यह आंकड़ा ३२०० दुकानों का है। विशेषज्ञों के अनुसार यह अनुपात अंतरराष्ट्रीय मानकों से कहीं नीचे है।बताते हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारतीय औषधि नियंत्रण मानकों के अनुसार एक ड्रग इंस्पेक्टर को प्रभावी निगरानी के लिए २०० से २५० दुकानों की ही जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

## एक नजर

### हम प्रयास करते हैं कि जिंदगी को बेहतर बनाएं: चोपड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने अपना नया प्रीमियन अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन पेश किया है। प्रोडक्ट लॉन्च पर बोलते हुए, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड - होम इलेक्ट्रिकल्स और पंप्स रजत चोपड़ा ने कहा, "क्रॉम्पटन में, जो कंज्यूमर ड्यूरेबल्स क्षेत्र क्षेत्र में नवाचार और विश्वसनीयता का पर्याय है, हम ऐसे उत्पाद बनाने का प्रयास करते हैं जो उत्कृष्ट इंजीनियरिंग और डिजाइन के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाएं।

### एकल श्रीराम कथा में 'एकल एक क्रांति' पुस्तक का विमोचन



**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग में चल रही एकल श्री राम कथा के दौरान उच्चतम न्यायलय की जानी मानी वकील और बीजेपी नेता नाजिया इलाही खान द्वारा लिखित पुस्तक 'एकल एक क्रांति' का भव्य रूप से हुआ विमोचन हुआ । प्रेस वार्ता के दौरान नाजिया इलाही खान ने बताया की इस पुस्तक में शिक्षित स्वास्थ्य और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए समर्पित भाव से सेवारत एकल अभियान द्वारा समाज निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया गया है द्य साथ ही एकल अभियान से संबद्ध भारत लोक शिक्षा परिषद् के २५ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती मनाया जा रहा है द्य इस पुस्तक में भारत लोक शिक्षा परिषद् के २५ वर्षों की यात्रा का क्रमवार व्यख्या की गयी है द्य

इस अवसर पर लेखिका नाजिया इलाही खान, भारत लोक शिक्षा परिषद् ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, नरेश कुमार, सुरेश कुमार जिंदल, विवेक नागपाल, मुख्य यजमान अनिल गुप्ता, मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता, राष्ट्रीय संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री बृजमोहन अग्रवाल, केन्द्रीय अभियान प्रभारी, एकल अभियान श्री राजेश गोयल, पश्चिमी दिल्ली चौप्टर के संरक्षक राजेश गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य डॉ कीर्ति गोयल सहित कई गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

### एआई-पॉवर्ड स्क्रीनर क्रिएटर पेश किया

**नई दिल्ली।** टेक-संचालित स्टॉकब्रोकिंग प्लेटफॉर्म, फायर्स ने एफआईए (फायर्स इंटैलिजेंट असिस्टैंट) का लॉन्च किया है। यह एक एआई-पॉवर्ड स्क्रीनर क्रिएटर है, जो सरल, प्राकृतिक लैंग्वेज इनपुट की मदद से ट्रेडर्स को प्राईस, वॉल्यूम, और ओपन इंटरेस्ट (ओआई) डेटा का उपयोग कर हाथों-हाथ स्टॉक स्क्रीनर्स का निर्माण करने में समर्थ बनाता है। एफआईए के लॉन्च के एक हफ्ते में ही इसके द्वारा १ लाख स्क्रीनर्स का निर्माण किया जा चुका है। अपने बीटा फेज में इस प्रोडक्ट को ८५ प्रतिशत रिटेंशन रेट प्राप्त हुआ है, जिससे भारत के ट्रेडर समुदाय में इसकी उपयोगिता और एडॉप्शन प्रदर्शित होते हैं।

इस बाबत तेजस खोडे, को-फाउंडर एवं सीईओ, फायर्स ने कहा, "बाजार बहुत तेजी से चलता है, इसलिए उसकी जानकारी भी ऐसी ही होनी चाहिए। एफआईए द्वारा हम एआई को जिस तरह से ट्रेडिंग में ला रहे हैं, वह बहुत उपयोगी है। इसे ट्रेडर्स के सोचने और काम करने के तरीके के अनुरूप बनाया गया है। यह मानव निर्णयों को प्रतिस्थापित नहीं करता है, लेकिन डेटा को तुरंत उपलब्ध कराने के लिए उनमें वृद्धि करता है।

### दो दिवसीय जनकल्याण समारोह का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** विश्व की महान आध्यात्मिक विभूति माताश्री राजेश्वरी देवी की पावन जयंती मातृशक्ति दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस मौके पर हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा परमपूज्य श्री भोले जी महाराज एवं माताश्री मंगला जी के सानिध्य में हंसलोक आश्रम, दिल्ली में दो दिवसीय जनकल्याण समारोह का शुभारंभ हुआ। आध्यात्मिक विभूति तथा समाजसेवी माता श्री मंगला जी ने देश के विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालु-भक्तों एवं संत-महात्माओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संत-महापुरुष बड़े दयालु और परमार्थी होते हैं जो स्वयं कष्ट सहकर भी हमेशा मानव कल्याण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि माता श्री राजेश्वरी देवी अपने समय की एक ऐसी ही महान आध्यात्मिक विभूति थीं जिन्होंने अपना सारा जीवन अध्यात्म ज्ञान के प्रचार और मानवता की सेवा में लगाया। माताश्री मंगला जी ने कहा कि माताश्री राजेश्वरी देवी ने देश-विदेश में फैले करोड़ों लोगों के हृदय में ज्ञान की ज्योति जलाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया। वे दया, करुणा, प्रेम और वात्सल्य की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं, इसलिए देश-विदेश में फैले उनके लाखों भक्त श्रद्धा से उन्हें आज भी जगतजननी माता जी के नाम से पुकारते हैं।

### कोर्ट के स्टे के बाद भी नहीं रुक रहा निर्माण कार्य

**नई दिल्ली।** कादीपुर के केशव नगर में सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य रोकने के लिए कोर्ट ने आदेश जारी कर दिया है। कोर्ट के स्टे के बाद भी खसरा नंबर २२८ पर निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय लोगों ने इस मामले में निर्माण कार्य रोकने के लिए अब उपराज्यपाल, सीएम और पुलिस से गुहार लगाई है। मामले में स्वरूप नगर थाने में शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता रामअवतार त्यागी में का आरोप है कि कादीपुर के केशव नगर इलाके में कुछ लोग डीडीए की जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे हैं। जबकि रोहिणी कोर्ट ने इस जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य न हो इसके लिए स्टे लगाया हुआ है।



आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल-3 पर उपराज्यपाल विनय कुमार सकसेना स्मार्ट पुलिस बूथ का उद्घाटन करते हुए।

# टर्मिनल-3 पर उपराज्यपाल ने किया स्मार्ट पुलिस बूथ का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्मार्ट पुलिस बूथ बनाया गया है,जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया। इस मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा,विशेष पुलिस आयुक्त, रॉबिन हिबू,डायल, जीएमआर के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार और पुलिस उपायुक्त ऊषा रंगनानी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जीएमआर के महत्वपूर्ण योगदान के लिए डायल, जीएमआर के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार को स्मृति चिन्ह और मान्यता प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने मुख्य अतिथि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का स्वागत किया और उन्हें एक पौधा भेंट किया। जबकि आईजीआई एयरपोर्ट की डीसीपी ऊषा रंगनानी ने उन्हें इसके उन्नत तकनीकी एकीकरण और जनता को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, एरोसिटी में आतिथ्य उद्योग में काम करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए आत्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित करने वाले दो प्रशिक्षकों को मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे महिलाओं को सशक्त बनाने और विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को बल मिला।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने डिजिटल इंडिया और स्मार्ट पुलिसिंग के प्रति दिल्ली पुलिस की और बूथ की स्थापना में दिल्ली पुलिस और जीएमआर के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान सार्वजनिक सुरक्षा और सुविधा की आधुनिक समय की मांगों को पूरा करने के लिए पुलिसिंग को बदल सकते हैं।

पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि स्मार्ट पुलिस बूथ एक अत्याधुनिक सुविधा है। यह वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करता है, जिसमें उड़ान आगमन और प्रस्थान, सुरक्षा अलर्ट, आपातकालीन संपर्क विवरण और यात्रा दिशानिर्देश शामिल हैं, जो सहज डिजिटल बोर्ड और इंटरैक्टिव पैनल के माध्यम से सुलभ हैं। यात्री आसानी से ई-एफआईआर दर्ज कर सकते हैं।

# वाटर पार्क में रोलर कोस्टर से गिरी युवती की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कापसहेड़ा इलाके में गुरुवार शाम वाटर पार्क में रोलर कोस्टर पर राइड के दौरान झूला टूटने के चलते एक युवती मौत हो गई है। युवती अपने होने वाली पति के साथ वाटर पार्क गई थी। जहां वह झूले की राइड लेते समय हादसे की शिकार हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची कापसहेड़ा थाना पुलिस ने युवती के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस ने संबंधित धारा में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि २४ वर्षीय प्रियंका अपने परिवार के साथ चाणक्यपुरी के विनय मार्ग पर सी-२ १६५ में रहती थी। प्रियंका एक निजी कम्पनी में सेल्स मैनेजर थी। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा एक बहन और भाई शामिल है। प्रियंका के भाई मोहित ने बताया कि फरवरी २०२६ में प्रिंयका की शादी नजफगढ़ में रहने वाले निखिल से तय की गई थी। गुरुवार दोपहर निखिल का फोन आया और दोनों ने वाटर पार्क जाने का कार्यक्रम तय किया। जिसके बाद दोनों दोपहर करीब १ बजे

**■ पुलिस ने युवती के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया**

कापसहेड़ा बार्डर पास के मौजूद फन एंड फूड विलेज पहुंचे। जहां दोनों ने करीब ६ बजे तक वाटर राइड ली और उसके बाद दूसरे राइड एम्यूजमेंट पार्क की ओर गए। वहां पर दोनों रोलर कोस्टर पर राइड के पहुंचे।

राइड के दौरान जब झूला उपर पहुंचा तो उसका स्टैंड टूट गया और प्रियंका उपर से सीधे नीचे आ गिरी। नीचे गिरने के चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। निखिल ने प्रियंका के परिजनों और पुलिस को मामले की सूचना दी। कापसहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निखिल के बयान पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मरम्मत के लिए बंद किया गया प्रियंका के भाई मोहित ने आरोप लगाया कि वाटर पार्क में सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। प्रियंका के गिरने के बाद उसे देरी से अस्पताल पहुंचाया गया। जिसके चलते उसकी मौत हुई है। मोहित ने आरोप लगाया कि प्रियंका की मौत के बाद वाटर पार्क के एक हिस्से को मरम्मत के लिए बंद कर दिया गया है। जिसमें रोलर कोस्टर भी है। मोहित ने आरोप लगाया कि अगर एम्यूजमेंट पार्क में झूलों को मरम्मत की जरूरत थी तो वह खोला ही क्यों गया था। ऐसे में वहां लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

परिजनों ने बताया कि प्रियंका शुरू से ही पढ़ाई में बहुत होशियार थी। वह शादी से पहले अपना भविष्य बनाना चाहती थी। परिजनों ने उसकी सगाई जनवरी २०२३ में कर दी थी। लेकिन शादी से पहले वह नौकरी कर अपने परिवार की आर्थिक मदद करने के साथ ही खुद ही भविष्य बनाना चाहती थी। जिसके चलते उसने परिवार से शादी के लिए समय मांगा। ऐसे में परिवार और उसके होने वाले पति निखिल ने भी उसका साथ दिया। दोनों की रजामंदी के बाद शादी २०२६ में होनी तय हुई। दोनों की शादी फरवरी में होनी थी, लेकिन उससे पहले ही प्रियंका की हादसे में मौत हो गई।।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर शुरू होगा फुल बॉडी स्कैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर मई से उन्नत फुल बॉडी स्कैनर का परीक्षण शुरू होगा। इसके लिए दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने नवीनतम दिशा निर्देश जारी किए हैं।

डीआईएएल के एक अधिकारी के अनुसार, चार अत्याधुनिक स्कैनर खरीदे गए हैं, जिनमें से दो टर्मिनल एक पर तथा दो टर्मिनल तीन पर लगाए गए हैं। साथ ही, डीआईएएल ने कहा कि इन मशीनों के लिए आईटी इंटरफेस को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डीआईएएल की ओर से जानकारी दी गई कि तीन से चार महीने का परीक्षण पूरा होने पर बीसीएएस के नेतृत्व वाली समिति निष्कर्षों का मूल्यांकन करेगी और पूर्ण पैमाने पर कार्यान्वयन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) स्थापित करेगी। ७० से ८० गीगाहर्ट्ज के बीच संचालित मिलीमीटर-वेव प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ये स्कैनर यात्रियों की गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा बढ़ाते हैं। इसमें एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इन स्कैनरों को यात्रियों की आवाजाही में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे प्रतीक्षा समय कम होने के साथ हवाई अड्डे पर अधिक सहज अनुभव सुनिश्चित होता है।

## माता-पिता ने डांटा,पहुंच गए जम्मू कश्मीर,परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** माता पिता ने शराब के नशे में डांटा तो परिवार को बिना बताए तीन नाबालिग घर से निकलकर जम्मू पहुंच गए। जिनको दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत जम्मू रेलवे स्टेशन के पास शिव मार्केट के इलाके से सकुशल बरामद करके उनके परिजनों से मिलवाया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २७ मार्च को समयपुर बादली से तीन नाबालिग १३, १४ और १७ वर्ष के अचानक लापता हो गए थे,जिनकी गुमशुदगी स्थानीय पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई गई थी। एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश के निर्देशन में एसआई विशाल गुप्ता और हेड कांस्टेबल अमित को बच्चों को सकुशल तलाशने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने बच्चों के परिजनों,दोस्तों और रिश्तेदारों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पता चला कि नाबालिग में से एक सोशल साइट यानी इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट अपडेट करता रहता था। तकनीकी निगरानी के आधार पर पीडिघ्तों को रेलवे स्टेशन जम्मू तवी के पास शिव मार्केट से खोजा गया।

# रीसाइकिल बोतलों से बनी पर्यावरण अनुकूल बेंच का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्लियर प्रीमियम वॉटर के एन्ड कुओट ड्रिंक, डिस्पोज एंड ट्रांसफॉर्मएन्ड कुओट अभियान के तहत विकसित किए गए यह बेंच, रीसाइकल

चन्ज (आरपेट) बोतलों से बनाई गई हैं और यह जिम्मेदार वेस्ट मैनेजमेंट वास्तविक और मजबूत परिणामों का प्रतीक हैं । अहमदाबाद। भारत के प्रमुख पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ब्रांडों में से एक क्लियर प्रीमियम वॉटर ने ३८वें राष्ट्रीय खेलों के साथ अपने सहयोग के तहत, देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज (एमपीएससी) में रीसाइकल प्लास्टिक की बोतलों से बनी बेंचें स्थापित की हैं।

ब्रांड का यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल प्लास्टिक वेस्ट को कम करने और सार्वजनिक स्थानों पर पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। राष्ट्रीय खेल कार्यक्रम के समापन के बाद उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य की उपस्थिति में यह स्थापना की गई। क्लियर प्रीमियम वॉटर के संस्थापक और सीईओ, नयन शाह ने कहा कि एन्ड कुओट एमपीएससी देहरादून में रीसायकल बेंच की स्थापना हमारे विश्वास को दर्शाती है कि स्थिरता को वास्तविक, व्यावहारिक और वास्तविक दुनिया के समाधानों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। उपयोग की गई प्लास्टिक की बोतलों को सार्वजनिक उपयोगिताओं में परिवर्तित करके हम प्लास्टिक वेस्ट को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही हम पर्यावरण संरक्षण के लिए एक मॉडल बना रहे हैं, जो अंततः लोगों को सीधे लाभ पहुंचाता है।

## 10वां ऑक्सफोर्ड बुक स्टोर बुक कवर प्राइज जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर ने देवांगना दाश को ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज के १०वें संस्करण का विजेता घोषित किया है। इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार की घोषणा की गई। दाश को यह पुरस्कार हार्पर कॉलिन्स के प्रकाशन पेरेनियल द्वारा प्रकाशित 'कन्वर्सेशन्स विद औरंगजेब' के असाधारण कवर डिजाइन के लिए दिया गया। इस पुस्तक को चारु निवेदिता ने लिखा है और नंदिनी कृष्णन ने तमिल से इसका अनुवाद किया है।

विजेता को एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और १ लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पैनल में म्यूजियम क्यूरेटर, कला इतिहासकार, लेखिका एवं जूरी अध्यक्ष डॉ. अलका पांडे; लेखक एवं संसद सदस्य डॉ. शशि थरूर; भारत, श्रीलंका एवं भूटान में नॉर्वे की राजदूत महामहित सुश्री मे-एलिन स्टेनर; साउथ एशिया गोएथे-इंस्टीट्यूट / मैक्स म्यूएलर भवन में सूचना सेवा निदेशक अंजा रीडबर्गर; इंस्टॉलेशन आर्टिस्ट, मेंटर एवं टेड स्पीकर समर जोधा और एपीजे ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर्स के सीईओ स्वागत सेनगुप्ता शामिल थे।

## दोपहर की पाली के स्कूलों में प्रार्थना सभा पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने राजधानी में बढ़ते तापमान के चलते स्कूलों में दोपहर की पाली में प्रार्थना सभा नहीं करने का निर्देश दिया है। निदेशालय ने स्कूलों को पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बच्चों में गर्मी से जुड़ी बीमारियां रोकने को जरूरी कदम उठाने को कहा है।

निदेशालय ने कहा कि गर्मी के मौसम में दिन का तापमान काफी बढ़ जाता है। इसके चलते दोपहर की पाली के दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों की सभा से बचें। विद्यार्थियों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को पानी पीने का समय दिया जाए। सीधे धूप के संपर्क में आने पर सिर ढकने को जागरूक करें। कक्षाओं में पंखों का उचित संचालन और उपलब्धता निश्चित की जाए।

# देश की उज्जवल तस्वीर के लिए आपसी सौहार्द जरूरी : अजय चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ईद-उल-फित्र का त्योहार, जो खुशी, मेलजोल और इंसानियत की सीख देता है, पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व सिर्फ इबादत और रोजों के समापन का प्रतीक नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी देता है। इसी भावना को और मजबूत करने के लिए सर्व समाज राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी द्वारा दरियागंज स्थित शबनम विला में एक ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मकसद समाज के हर वर्ग को एक मंच पर लाकर प्रेम और एकता को बढ़ावा देना था। आयोजन स्थल पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। मुख्य अतिथियों में दिल्ली पुलिस में स्पेशल कमिश्नर अजय चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह सागर, न्यायाधीश मौ. फारूक, सीबीआई डायरेक्टर सुबू, दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी, ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ. उमेर इलियासी, बंगला साहेब गुरुद्वारे के प्रमुख परमजीत सिंह चंडोल, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार एवं विधायक इमरान हुसैन, विधायक आले इकबाल, निगम पार्षद सारिका चौधरी, दिल्ली प्रदेश कैट अध्यक्ष विपिन आहूजा जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल रहीं। सभी ने समाज में सौहार्द बनाए रखने और एक-दूसरे की खुशियों में शरीक होने की आवश्यकता पर जोर दिया। फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, जावेद सिद्दीकी, नियाज मंसूरी, जाहिद हुसैन व मौ. अथर की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में अजय चौधरी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, "हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी खासियत यही है कि हर त्योहार हमें जोड़ता है, न कि तोड़ता।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की सशक्त और उज्ज्वल तस्वीर के लिए आपसी सौहार्द बेहद आवश्यक है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## महर्षि कश्यप महाकुंभ सम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब

# डिप्टी सीएम ने केशव प्रसाद मौर्य ने कहा अब जम्मू कश्मीर में भी करेंगे कश्यप जयंती का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** घंटाघर रामलीला मैदान में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर कश्यप निषाद संगठन और उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर और मुख्य अतिथि पहुंचे। साथ ही कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व विधायक सुनील शर्मा, विधायक मंजू शिवाच, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ ही कई अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कश्यप समाज आज देश भर में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर नाम भी महर्षि कश्यप के नाम पर ही पड़ा है। उन्होंने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, तो कश्मीर से लेकर देश में कहीं पर भी तिरंगा लहराया जा सकता है।

भगवा रंग फैलाया जा सकता है, तो क्यों ना अगली बार से कश्यप महर्षि जयंती का आयोजन कश्मीर में भी किया जाए, जिस पर आयोजक नरेंद्र कश्यप ने सहमति जाता दी है। वही नरेंद्र कश्यप ने आए अतिथियों का उत्तर प्रदेश के मुख्य उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और अन्य गणमान्य लोगों को प्रतीक चिन्ह व पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ सागर कश्यप और डॉ सौरभ जायसवाल द्वारा किया गया। नरेंद्र कश्यप ने सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा ने मंच से नरेंद्र कश्यप की प्रशंसा की। महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर महाकुंभ में महर्षि कश्यप को इस सृष्टि का रचयिता से लेकर उनके जीवन के कई महत्वपूर्ण अध्याय को बताने का काम किया गया। तो वही एक लघु डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई। साथ ही मंच पर मौजूद समर कूल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, सिविल डिफेंस के चीफ वॉर्डन और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहने वाले ललित जायसवाल, उद्यमी और भाजपा नेता अतुल जैन अशोक अग्रवाल के अलावा भी कई गणमान्य जिसमें पंकज जैन दिल्ली 6 मॉल के चेयरपर्सन सहित प्रमुख शहर लोग के इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस की तैयारी के लिए भाजपा ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष चौन पाल सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने फूड प्लाजा रेस्टोरेंट मोदीनगर पर विधानसभा मोदीनगर एवं आंशिक धौलाना के मंडलों की भाजपा स्थापना दिवस की तैयारी हेतु योजना बैठक की भाजपा जिला अध्यक्ष चौन पाल सिंह ने जानकारी दी की हर वर्ष स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाता है 6 अप्रैल 1980 को भाजपा पार्टी की स्थापना की गई थी। यह कार्यक्रम 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलना है जिसमें 6 अप्रैल को कार्यालय की सजावट एवं कार्यालय एवं घरों पर भाजपा का झंडा लगाना है 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि करनी है 8 से 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होना है जिसमें तीन वक्ताओ का उद्बोधन होगा 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान रहेगा जिसमें भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांव मोहल्ला एवं बस्तियों में प्रवास करेंगे।

पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल अध्यक्षों एवं कार्यक्रम संयोजकों को आगामी कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताते हुए अहम जिम्मेदारी सोपी साथी उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित हुए करते हुए कहा जिस तरह से गत वर्षो से सभी आयामों को आप सफल बनाते आए हैं आगे भी सभी आयामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सत्येंद्र त्यागी जितेंद्र चित्तौड़ा अमित चौधरी सुदेश जैन नितिन मित्तल साधना शर्मा नवीन जायसवाल आकाश शर्मा सचिन त्यागी दीपक गुर्जर नीरज चौधरी रोहित तोमर टेंपल पवार सौरभ शर्मा हिमांशु थापर जीत सिंह विमल शर्मा सहित आयाम संयोजक उपस्थित रहे।

# भूमाफियाओं पर प्लाट कब्जाने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** दिल्ली निवासी यासीन पुत्र रफीक ने डी एस पी ग्रामीण को एक पत्र देकर आरोप लगाया है की कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उसके प्लॉट पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है एसपी ग्रामीण के आदेश पर नामजद व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार तेली बाड़ा आजाद मार्किट दिल्ली निवासी यासीन ने ग्राम अगरौला लोनी में 200 वर्ग गज का प्लाट वेदप्रकाश पुत्र लिखीराम निवासी मौजपुर दिल्ली से क्रय किया था। यासीन द्वारा बताया गया कि उसका नाम खसरा खतौनी में बतौर दाखिल खारिज दर्ज है। जिसके सभी जरूरी दस्तावेज मेरे पास मौजूद है। बावजूद इसके कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नूर हसन भाटी पुत्र एहसान,अब्दुल हसन पुत्र एहसान, इमरान पुत्र एहसान, नाजिम पुत्र कल्लन, अब्दुल सलाम पुत्र एहसान, आसिफ पुत्र अब्दुल सलीम, जमील आदि द्वारा जबरन दबंगई कर मेरे प्लाट पर अवैध कब्जा कर रहे है। यासीन ने बताया कि 15-2-2025 की रात को उपरोक्त सभी भूमाफिया मिलकर मिट्टी डालकर मेरे प्लाट पर कब्जा कर रहे थे। जब मुझे इसका पता चला तो मैं मौके पर गया। तो इन्होंने तमंचा दिखाकर मुझे जान से मारकर परिवार को गायब करने की धमकी देकर वहाँ से भगा दिया। यासीन द्वारा इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद यासीन द्वारा डी सी पी ग्रामीण को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी जिन्होंने थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दे दिए।

# माँ वैष्णो धाम सपनावत में माता की चौकी का हुआ भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नवरात्रों की अष्टमी पर सपनावत स्थित माँ वैष्णो धाम में माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। नवरात्रों के अवसर पर माँ वैष्णो धाम में प्रथम नवरात्रि से ही मेले के आयोजन और प्रतिदिन भंडारे के साथ ही हजारों श्रृद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाता है तथा प्रत्येक नवरात्रों की अष्टमी को माँ वैष्णो धाम में सांयकाल से माता रानी की चौकी का आयोजन किया जाता है। इस बार दिल्ली के भजन गायक संदीप और साक्षी साहनी और वृन्दावन से आयी खुशबू राधा जी ने माता रानी की भेंट सुनाते हुए भक्तों को भक्ति के आनंद में सराबोर कर दिया। शनिवार शाम को समरकूल वाले गुप्ता परिवार और माँ वैष्णो धाम सेवा समिति के सदस्यों ने माता रानी की चौकी में दिव्य ज्योति प्रज्वलित करके इसका शुभारंभ किया तथा देर रात्रि तक मंदिर प्रांगण भजनों और माता रानी के जयकारों से गुंजायमान रहा तथा प्रशाद वितरण के साथ ही माता रानी की चौकी का समापन किया गया। इस अवसर पर माँ वैष्णो धाम सेवा समिति के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सुरभि गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, उमेश गर्ग, सुबोध गुप्ता, राकेश गोयल, रेनू गोयल, रोहित गोयल, विकास गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, ताराचंद गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, तरूण ढींगरा, राधा गोयल, आदेश गर्ग, नीरज गोयल, धीरज गोयल, राजेश गर्ग, प्रमोद गुप्ता, अशोक गुप्ता, पारस गुप्ता, अर्नव गुप्ता, वैभव गुप्ता, निश्चल गर्ग, ऋषभ गोयल, यश गोयल, आदि उपस्थित रहे।

# करणी सेना पर कार्रवाई को लेकर यादव समाज ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यादव समाज की सभी संस्थाओं के पदाधिकारियो के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में करणी सेना द्वारा यादव समाज को लक्षित करते हुए सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर अमर्यादित एवं असंवैधानिक भाषा का प्रयोग बार बार किए जाने से यादव समाज की भावनाओं को भारी ठेस पहुंची है जिसको लेकर यादव समाज मैं भारी आक्रोश पनप रहा है यादव समाज हमेशा से सभी जाति एवं धर्मों सम्मान करता है।

श्रृष्टि के रचना से आज तक यादव समाज का वृहत एवं गौरवशाली इतिहास रहा है। बैठक में करणी सेना को चेतावनी देते हुए प्रशासन से करणी सेना के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दिए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ साथ ही साथ यह निर्णय भी लिया गया कि करणी सेना पर यदि आवश्यक कार्यवाही नहीं की जाती है तो समाज बड़े स्तर पर आन्दोलन की तैयारी करेगा क्योंकि करणी सेना के उक्त वक्तव्यों की वजह से समाज के भाई चारे पर आघात पहुंचा है और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से रामावतार यादव (यादव वैवाहिक परिचय सम्मेलन) देवेंद्र यादव (यादव महासभा) के के यादव (अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा) जितेन्द्र यादव (भारत यादव महासभा) सिकंदर यादव राकेश यादव (कृष्णवंशी महासभा) महाराज यादव, सत्यपाल यादव, संजय यादव, सत्यप्रकाश यादव, नरेश यादव, एडवोकेट महेंद्र यादव, वीरपाल यादव, श्यामवीर यादव एडवोकेट महेश यादव, कृष्ण यादव, रवि यादव, एस आर यादव, अंकुर यादव, जितेन्द्र यादव, राजपाल यादव, रामानंद यादव कोशलेंद्र यादव, विकाश यादव, नवल किशोर यादव, किरणपाल यादव एवं यादव समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, महिला की हत्या के मामले में चल रहा था फरार

**गाजियाबाद।** मुरादनगर की व्यापारीयान कॉलोनी में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी आरोपी परवेज कुरैशी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही एक आरोपी, महिला का पति इतखांव आलम, जेल में है। यह घटना 28 फरवरी की है, जब मुवाशिरा उर्फ भूरी की हत्या की गई। महिला की शादी 2005 में इतखांव आलम से हुई थी। आरोपियों ने महिला पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और फिर उसे बाथरूम में बंद कर दिया। महिला की चीखें सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बाथरूम से बाहर निकाला, फिर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को दिल्ली रेफर किया गया, लेकिन सात मार्च को सफदरगंज अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इसके बाद, दस मार्च को पुलिस ने मृतका के पति इतखांव आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उधर, मामले में जानकारी देते हुए एसीपी मसूरी, लिपि नगायच ने बताया कि दूसरे आरोपी परवेज कुरैशी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कमिश्नर ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने छापेमारी के बाद उसे दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित रावली कट से गिरफ्तार किया।

## साफ पानी, टूटी सड़कें व सफाई व्यवस्था से परेशान जनता के लिए पार्षद ने मुख्यमंत्री को खून से लिखा पत्र

**गाजियाबाद।** नगर निगम के वार्ड 95 की पार्षद रुखसाना सैफी ने मुख्यमंत्री को खून से एक पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने अपने वार्ड की बुनियादी समस्याओं को उठाया है। रुखसाना सैफी ने पत्र में पीने का साफ पानी, टूटी सड़कें और सफाई व्यवस्था की समस्या को प्रमुख रूप से उल्लेख किया है। रुखसाना सैफी पहले आम आदमी पार्टी से पार्षद चुनी गई थीं, लेकिन पार्टी की नीतियों से असहमत होने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनके वार्ड में लगभग 70-80 हजार की आबादी है, जिसमें से 12 हजार मतदाता हैं। पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने बताया कि नगर निगम उन कॉलोनियों का विकास कर रही है जिन्हें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध घोषित किया है।

**नगर निगम का आदेश**

# रामनवमी पर बंद रहेंगी मांस-मछली की दुकानें




**गाजियाबाद।** नगर निगम ने रामनवमी के अवसर पर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है, जिसके तहत 6 अप्रैल 2025, रविवार को नगर निगम क्षेत्र की सभी मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी।

मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना में मांस-मछली दुकानदारों और ठेली संचालकों को आदेश दिया गया है कि वे इस दिन अपनी दुकानें बंद रखें। इस आदेश का मुख्य उद्देश्य धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की मांस-मछली की खरीद-फरोख्त करने पर संबंधित व्यवसायी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह आदेश नगर निगम क्षेत्र की सभी मांस-मछली की दुकानों पर लागू होगा। नगर निगम ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि रामनवमी के इस पवित्र अवसर पर शांति और सद्भावना बनी रहे।

## एक नजर

# आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एल्यूमनी मीट का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एल्यूमनी ऐसोशियसन के द्वारा ''एल्यूमनी मीट'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के निदेशक, डॉ0 एस0 सदीश कुमार, डॉ0 राजकुमारी, डीन, अतिथियों तथा शिक्षको ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान करके किया।

डॉ0 एस0 सदीश कुमार निदेशक, आई0 टी0 एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने कहा कि यह कार्यक्रम देश-विदेश से आए पुरातन छात्रों को अपने कॉलेज में बिताए दिनों को याद करने का है। उन्होंने पुरातन छात्रों का स्वागत करते हुए कॉलेज की विगत वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया। डॉ0 राजकुमारी डीन, आई0 टी0 एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने बताया कि हमारे कॉलेज के छात्र देश- विदेश में हेल्थकेयर क्षेत्र में ऊंचे पदों पर कार्य कर रहे है। पूर्व छात्र नितिन ने अपने यूनाइटेड किंगडम में स्थित कार्यक्षेत्र का अनुभव साझा किया तथा लंदन में कार्यरत पूर्व छात्र मि0 गौरव नरूला ने क्लिनिकल रिसर्च के क्षेत्र में अपने द्वारा किये गये रिसर्च के बारे में विस्तार से बताया। पुराने छात्रों के साथ फिर से जुडने, उनकी सफलता और उपलब्धियों के बारे मे जानने के लिए ये कार्यक्रम हुआ।

पूर्व छात्रों ने कॉलेज के दिनो को याद किया तथा कॉलेज की उन्नति में सुझाव देकर सहयोग देने की बात की। छात्रों ने पुराने मित्रों और शिक्षको के साथ सेल्फी भी खीची। इस अवसर पर डॉ0 आर0 पी0 चढ्ढा चेयरमैन, अर्पित चढ्ढा वाइस चेयरमैन, आई0 टी0 एस-दि एजुकेशन ग्रुप ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 सागरिका मांझी, डॉ0 इति चौहान एंव स्वाति वर्मा ने किया।

# रिहायशी इलाके में शराब की दुकान खोलने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैशाली में शराब का नया ठेका खोलने के विरोध में भाजपा नेता पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल के नेतृत्व में आबकारी अधिकारी संतोष सिंह तथा एडीम विवेक मिश्रा को ज्ञापन सोपा गया। जिसमे बताया गया कि शराब का ठेका रिहायशी कॉलोनी में खोला जा रहा है ठेके के सामने और कुछ ही दूरी पर मैक्स हॉस्पिटल और इसी क्षेत्र के चार बड़े स्कूल है इसे जल्द से जल्द बंद होना चाहिए नहीं तो एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष शर्मा डॉ राजकुमार लक्ष्मीकांत पी के तुली उपस्थित रहे।

# दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** चैत्र नवरात्र मां दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सदस्य राजा इंडिया के डायरेक्टर लॉयन बालकिशन गुप्ता बालू भाई के प्रतिष्ठान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे से पूर्व कन्याओं को तिलक करके उनके चरण स्पर्श कर उनकी पूजा की गई तथा उसके बाद सुरुचि पूर्ण भोज की व्यवस्था ऑफिस पर की गई तथा मेंन रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का उद्घाटन 'शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया तथा भंडारे में आमंत्रित अतिथियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण करके सदैव सभी से कन्या भ्रूण हत्या न करने कन्याओं की रक्षा करने और बेटियों को सदैव समाज में ऊंचा स्थान देने के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय आशु पंडित समीर शर्मा मनोज गुप्ता प्रदीप चौधरी सौरभ यादव संदीप त्यागी रसम तपेंद्र राजीव अग्रवाल अजय सिंघल सूर्य प्रताप अनिल गुप्ता मनोज शर्मा प्रोड्यूसर हिमांशु शर्मा पार्षद विक्रांत चौधरी ज्योति तोमर नीता भार्गव राकेश गुप्ता एसके वर्मा मनोज अग्रवाल आशु गोयल नीरज शर्मा अशोक अग्रवाल कपिल शर्मा राजेश गुप्ता विशाल जैन विपुल अग्रवाल प्रतिनिधि संजीव गर्ग लवी गर्ग मनीष शर्मा समीर शर्मा डायरेक्टर शैलेंद्र सक्सेना प्रतीक माथुर निशा चौहान परमानंद सिंगल विपुल गोयल पार्षद जितेंद्र चित्तौड़ा प्रवीण भाटी अंकुर गोयल आदि उपस्थित रहे।

# सुभास पार्टी ने मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने अपने कार्यालय एफ 10 जगदीश नगर पर मशहूर फिल्म एक्टर मनोज कुमार को उनके चित्र पर माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार का 87 वर्ष की आयु में 4 अप्रैल, 2025 को मुंबई में निधन हो गया। मनोज कुमार को उनकी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था और उन्हें प्यार से 'भारत कुमार' कहा जाता था। मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई, 1937 को एबटाबाद (अब पाकिस्तान में) में हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी के रूप में हुआ था। विभाजन के बाद उनका परिवार दिल्ली आ गया। उन्होंने 1957 में फिल्म 'फैशन' से अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन उन्हें पहचान 1965 की फिल्म 'शहीद' से मिली, जिसमें उन्होंने शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई थी।

मनोज कुमार ने कई देशभक्ति फिल्मों में अभिनय किया और उनका निर्देशन किया, जिनमें ष्उपकारष (1967), 'पूरब और पश्चिम' (1970), और 'क्रांति' (1981) प्रमुख हैं। 'उपकार' में उनका 'जय जवान जय किसान' का नारा बहुत लोकप्रिय हुआ था। उनकी इन फिल्मों ने उन्हें 'भारत कुमार' की उपाधि दिलाई। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी के संगठन सुभाष युवा मोर्चा ने सन 2000 में फिल्म एक्टर मनोज कुमार उनकी देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों के लिये नेताजी सुभाष चंद्र बोस रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया था।

श्रद्धांजलि देने के बाद सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के संयोजक सतेंद्र यादव ने कहा कि वैसे तो फिल्में मनोरंजन के लिए बनाई जाती हैं लेकिन मनोज कुमार ने इस विधा का प्रयोग देशभक्ति की फिल्में बनाने में किया जिससे देश और समाज में देश भक्ति का प्रचार प्रसार हुआ मनोज कुमार को उनकी देशभक्ति की फिल्मों के लिए सदा याद किया जाएगा।

पार्टी के मुरादनगर से पूर्व विधायक प्रत्याशी मनोज शर्मा ने कहा कि मनोज कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर फिल्म ष्उपकारष बनाई थी। उन्होंने इमरजेंसी के दौरान सरकार का विरोध किया था और अपनी फिल्मों पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ कानूनी लड़ाई जीती थी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में अनिल सिन्हा राम नरेश ठाकुर संजय श्रीवास्तव राजेंद्र यादव सुनील दत्त गोपाल सिंह रोहित प्रिंस विवेक राणा हरीश शर्मा जगदीश गोयल अक्षय कुमार रिंकू नवीन नसरू मलिक आबिद इरशाद, शिव वंश विकास विजय शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में सिकंदरपुर चौकी पर भव्य स्वागत किया गया। अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी एवं पार्षद रवि भाटी ने डिप्टी मुख्यमंत्री से बैठक के दौरान मुलाकात की एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया की अध्यक्षता में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों की संगठन बैठक ली और कार्यों की समीक्षा की

# दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू, 10 अप्रैल से मिलेगा कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में गरीबों के लिए आयुष्मान योजना लागू हो गई है। इस सुविधा के तहत पंजीकृत व्यक्ति दिल्ली सहित देशभर के निजी अस्पतालों में १० लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। इसको लेकर शनिवार को दिल्ली में आयुष्मान के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच समझौता हुआ है।

दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव और केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र, स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह, सभी सातों सांसद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस योजना को लागू करवाया और बढ़ा फंड दिया। केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार एक दिशा में काम न करें इसका उदाहरण है। दिल्ली को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। मंहगा इलाज होता था। निजी अस्पताल में मिल सकते थे। इस योजना के लागू होने पर मनपसंद अस्पताल में इलाज करवा सकेंगे।

१९६१ चिकित्सा बीमारी का इलाज करवा सकता है। ३०९५७ देशभर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। २ लाख ३५ हजार को पहले चरण में लाभ मिलेगा। १० अप्रैल से कार्ड मिलेगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि ये एक ऐतिहासिक दिन है। इस दिन को मोदी जी ने ९ साल पहले सोचा था वो आज लागू हो रही है। २००९ में जेनेवा गया था। क्या भारत में ऐसा सोच सकेगा। पीएम से बात की तो हेल्थ कवरेज के बारे में सोचा। तो एक लाख की स्कीम लेकर गए। दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। ये पहली योजना है जो गरीब को जोड़ती है। हेल्थ कवर दिया गया। इस साल मोदी जी ने ७० साल अधिक के सभी को ५ लाख का इलाज दिया है। इसकी मदद से लोगों के इलाज में खर्च होने वाला पैसे में कमी आई है। ६ लाख लोग ७० से अधिक के होंगे। जबकि ३० लाख गरीब लोगों को इस योजना का फायदा होगा। ३६ लाख लोगों को दिल्ली में इस योजना से सुविधा मिलेगी। दिल्ली सरकार के मुताबिक, समझौते के साथ ही योजना के तहत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीद है कि अगले एक माह में एक लाख परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। योजना के पहले चरण के लिए एएवाई और पीआरएस कार्ड को चुना है। इसके अलावा दूसरे नियम भी बनाए जा रहे हैं। समझौते के साथ ही योजना में शामिल करने के लिए नियम और शर्त सार्वजनिक हो जाएंगे।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अमानतुल्लाह खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आप विधायक और दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान ने वक्फ (संशोधन) विधेयक २०२५ को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अमानतुल्लाह खान ने कहा कि वक्फ (संशोधन) बिल की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दावा किया कि यह संवैधानिक प्रविधानों का उल्लंघन करता है। इससे पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी बिल के खिलाफ याचिका दाखिल की। जिसमें उन्होंने तर्क दिया कि विधेयक के प्रविधान मुसलमानों और मुस्लिम समुदाय के मौलिक अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन करते हैं। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद की याचिका में कहा गया है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाता है, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होती है। इस याचिका को अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर किया गया है।मोहम्मद जावेद ने बताया कि वक्फ बिल के खिलाफ पहली याचिका उन्होंने दायर की है। वक्फ संशोधन बिल दो और तीन अप्रैल को लोकसभा-राज्यसभा में १२-१२ घंटे की चर्चा के बाद पास हो गया। अब इस वक्फ संशोधन बिल को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। उनकी सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा।

## दिल्ली की करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना विधानसभा की जिम्मेदारी: विधानसभा अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, ष्अध्यक्ष की कुर्सी बड़ी है, इसलिए जिम्मेदारी भी बड़ी है। यह संबोधन विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी, स्थित विनोबा कुंज अपार्टमेंट्स के निवासियों द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में दिया। इस समारोह में सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। निवासियों ने गुप्ता का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया और उन्हें उनके निर्वाचन क्षेत्र में सेवाओं की सराहना स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश रहती है कि दिल्ली की २ करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे ।ष्उन्होंने आगे कहा, षदिल्ली विधानसभा का सदन, दिल्ली की जनता ने अपने लिए चुनकर भेजा है। दिल्ली के कोने-कोने से जो ७० विधायक चुनकर आए हैं, हमारा काम है कि विधानसभा में जनता की समस्याओं पर चर्चा हो, विचार-विमर्श हो और उनके समाधान निकाले जाएं।ष गुप्ता ने यह भी बताया, ष्मेरा एक ही प्रयास रहता है कि सदन व्यवस्थित रूप से चले। सदन में विचार-विमर्श हो। पिछली बैठक में २८ घंटे की बहस हुई, जिसमें जनता की कई समस्याओं के समाधान निकले। यही समाधान हमें जनता तक पहुंचाना है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा "मैं इस आत्मीय स्वागत और विनोबा कुंज अपार्टमेंट्स के निवासियों द्वारा दिए गए अपार समर्थन का अत्यंत आभारी हूँ।

# मुख्यमंत्री ने नवरात्र पर शालीमार बाग के स्कूल में किया कन्या पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज शालीमार बाग के एस के वी स्कूल में कन्या पूजन (कंजक) का आयोजन कर मां दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक मानी जाने वाली कन्याओं का विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्कूल की बालिकाओं को तिलक लगाया, उपहार भेंट किए और सामूहिक रूप से उन्हें भोजन कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि देवी उपासना का पर्व हैं; नारी शक्ति, संस्कार और समर्पण का उत्सव है। अष्टमी के पावन अवसर पर हमारी संस्कृति में इस दिन कन्याओं का पूजन करते हैं, उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मैं स्वयं पिछले २० वर्षों से हर वर्ष दोनों नवरात्रों में कन्या पूजन का आयोजन करती आई हूँ। आज यहाँ आकर हजारों बच्चियों का स्नेह और आशीर्वाद पाकर मैं भावविभोर हूँ। मुझे विश्वास है कि यह मेरा सौभाग्य है जो प्रभु ने मुझे दिल्ली की सेवा और इन बच्चियों के भविष्य के लिए कुछ विशेष करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

कन्या पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने स्कूल की छात्रों के साथ संवाद किया और उनके समस्याओं को जानने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि आज यहाँ बच्चियों के साथ हुई बातचीत के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, स्वच्छता, साफ पानी की उपलब्धता और बेहतर स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस संवाद के दौरान मुझे यह महसूस हुआ कि ये समस्याएं केवल किसी एक बच्ची की नहीं, बल्कि दिल्ली की हर बेटी की आवाज हैंख्रजो बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा की उम्मीद लेकर सरकार की ओर देख रही हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह खुद भी एक सरकारी स्कूल की छात्रा रही हैं और आज दिल्ली की मुख्यमंत्री के पद पर हैं। इसका अर्थ है कि हर बच्ची अपने सपनों को साकार कर सकती है, बस उसे अपने ऊपर विश्वास रखना होगा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि वह हर कदम पर छात्राओं के साथ हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी छात्रा को किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो, तो वह नि:संकोच अपनी अध्यापिका को बताए। अध्यापिका सीधे मुख्यमंत्री से संपर्क कर सकती हैं।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नवरात्रि पर शालीमार बाग के स्कूल में कन्या पूजन करते हुए।

## भाजपा सरकार का संकल्प 45 दिन में पूरा : सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भाजपा सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का दोहरा लाभ दिल्ली वालों को देने का विधानसभा चुनाव २०२५ के संकल्प पत्र का अपना सबसे महत्वपूर्ण संकल्प सरकार स्थापना के मात्र ४५ दिन में पूरा कर दिया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की देश में अनेक दल चुनाव जीतते हैं पर मात्र ४५ दिन में महिला समृद्धि योजना के २५०० रूपए प्रति माह देने एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत १० लाख रूपए का निशुल्क इलाज कवर देने के जैसे महत्वपूर्ण एवं बड़े आर्थिक व्यय वाली योजनाओं की प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करके श्रीमती रेखा गुप्ता की भाजपा सरकार ने एक कीर्तिमान बनाया है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अरविंद केजरीवाल के विश्व स्तरीय शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण के दावे थोथे दावे थे पर दिल्ली की नव स्थापित भाजपा सरकार एक वर्ष में अपने संकल्प पत्र २०२५ के लगभग सभी वादों की पूर्ति का रोड मैप जारी कर देगी।

## जुआ रैकेट का किया भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने खानपुर एक्सटेंशन, टिगरी में संचालित जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर ९ जुआरियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दांव की नकदी १०३००/- रुपये, ०५ श्वेत पत्र चार्ट, जुए में इस्तेमाल की गई तस्वीरों वाला एक फ्लेक्स चार्ट, जुए की रकम का विवरण लिखने के लिए ०४ पैड, कार्बन पेपर, ०२ कैलकुलेटर, पेन, तराजू बरामद किए है।दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि दक्षिण जिले के क्षेत्र में संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में जाल बिछाए गए थे। इसी बीच एएटीएस के हेड कांस्टेबल अरविंद को खानपुर एक्सटेंशन में एक घर में चल रहे जुआ रैकेट के बारे में एक विश्वसनीय सूचना मिली।

इस सूचना के मिलते ही एसीपी ऑपरेशन अभिनेद्र जैन की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश यादव के नेतृत्व में एसआई दीपक महला, रघुविंदर, हेड कांस्टेबल अरविंद, लेखराज, कांस्टेबल देवेंद्र, कानाराम और ईश्वर सिंह की टीम ने घर के आसपास जाल बिछाया। मुखबिर की निशानदेही पर, एक छापा मारा गया, जहाँ ०९ लोग फ्लेक्सी चार्ट, कार्ड और नंबरिंग पैड के साथ जुआ खेलते पाए गए।

## प्रॉपर्टी के फर्जी दस्तावेज बनाकर दो करोड़ 35 लाख लिया लोन, पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी, जालसाजी और संपत्ति हड़पने के एक मामले में भगौड़ा घोषित बदमाश को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये वह ठिकाने बदल रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्ष २०२२ में,आर्थिक अपराध शाखा में धोखाधड़ी और जालसाजी का एक मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने आपस में मिलीभगत करके सेक्टर-२३, रोहिणी में स्थित एक संपत्ति के जाली दस्तावेज तैयार किए, जिसकी कीमत वर्ष २०१९ में करीब ६ करोड़ रुपये थी। उसे अपने नाम पर ट्रांसफर करवा लिया। बाद में उन दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने बैंक से २.३५ करोड़ रुपये का लोन भी ले लिया।

## सुविधा शिविर में जनता से मिली 65 शिकातयतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए कन्वेन्शन सेंटर, जयसिंह रोड में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया।नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से ६५ शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया। पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया।

नीति स्तर के निर्णयों की आवश्यकता वाली शिकायतों को उनके निवारण की संभावित समय-सीमा के साथ समझाया गया। पालिका परिषद के ३० विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोस्ती करना महिला को पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पति की मौत के बाद उनके अंजान दोस्त से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोस्ती करना महिला को भारी पड़ गया।

पति के दोस्त बने जालसाज ने पहले मां का बीमारी का बहाना कर महिला से पैसे मांगे और महिला के पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी महिला को बदनाम करने की धमकी देने लगा। यह घटना द्वारका इलाके की है। महिला की शिकायत पर द्वारका साइबर सेल ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। ३९ साल की पीड़िता परिवार के साथ द्वारका इलाके में रहती हैं। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि २०२२ में उनके पति का देहांत हो गया था। इस घटना से वह डिप्रेशन में थी। इससे बाहर निकलने के लिए उसने स्नैपचौट पर आईडी बनाकर लोगों से चौटिंग करने लगी। इस दौरान उसकी विनय कुमार से बातचीत होने लगी, जिसने खुद को उसके पति का दोस्त बताया और बताया कि वह सेना में कार्यरत है।

दोनों के बीच लगातार मैसेज से बात होने लगी। फिर एक दूसरे का मोबाइल नंबर लेकर दोनों बात करने लगे। बातचीत के दौरान ही विनय ने उसे अपनी मां की तबीयत कारण होने की बात कही और कुछ पैसे मांगे। पीड़िता ने उसकी बातों पर विश्वास करके कुछ पैसे दे दिए। फिर आरोपी उससे लगातार पैसे की मांग करने लगा। पैसे नहीं होने की बात कहने पर आरोपी उसे धमकाने लगा और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बदनाम करने की धमकी देने लगा। काफी फोन करने पर पीड़िता ने आरोपी के मोबाइल नंबर पर अलग-अलग खातों में १.३० लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

पैसे मिलने के बाद आरोपी ने महिला के नंबर को ब्लॉक कर दिया। ठगी का अहसास होने पर महिला ने इसकी शिकायत नेशनल क्राइम पोर्टल पर की। शिकायत मिलने के बाद द्वारका साइबर सेल ने पीड़िता का बयान लेकर ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह के मुताबिक मामले की जांच कर आरोपी की पहचान की जा रही है



दिल्ली विश्वविद्यालय में 'कर्तव्यम' उद्घाटन सम्मेलन से की राष्ट्रीय नागरिक पहल की शुरूआत।

## दिल्ली विवि ने 'कर्तव्यम' उद्घाटन सम्मेलन से की राष्ट्रीय नागरिक पहल की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के संविधान के ७५ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक वाइस रीगल लॉज में "कर्तव्यम" नामक एक उच्च स्तरीय सम्मेलन का उदघाटन किया गया। कर्तव्यम का उद्घाटन डीयू की एक साल तक चलने वाली राष्ट्रीय पहल की शुरुआत का प्रतीक है जिसका उद्देश्य आधुनिक लोकतांत्रिक समाज में कर्तव्य की अवधारणा की गहरी समझ को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम भारत और पड़ोसी देशों के १६ विश्वविद्यालयों के सहयोग से शुरू किया जा रहा है जिसका उद्देश्य राष्ट्रव्यापी नागरिक और शैक्षणिक आंदोलन को गति देना है।उद्घाटन सम्मेलन में दो प्रतिष्ठित न्यायविदों, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी, ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने अपने मुख्य भाषण में, अधिकारों और कर्तव्य (कर्तव्य) के बीच अंतर्निहित संबंध पर चर्चा करते हुए कहा कि जीवन के कई पहलुओं में यह स्वाभाविक रूप से एक दूसरे से प्रवाहित होते हैं। उन्होंने संवैधानिक नैतिकता पर आधारित समाज के निर्माण के लिए विशेष रूप से छात्रों के बीच नागरिक ने जागरूकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने लोकतांत्रिक समाजों में सार्वजनिक जिम्मेदारी के सांस्कृतिक विकास पर विस्तृत व्याखान दिया। उन्होंने अधिकारों के दावे को साझा कर्तव्य की नई भावना के साथ सामंजस्य स्थापित करने वाली नागरिक सोच में आदर्श बदलाव का आह्वान किया। सम्मेलन में दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, विधि संकाय की डीन प्रो. अंजू वली टिकू, कैंपस लॉ सेंटर की प्रभारी प्रोफेसर अलका चावला और कर्तव्यम की कार्यक्रम निदेशक डॉ. सीमा सिंह सहित अनेकों शिक्षाविद शामिल हुए। प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने जोर देकर कहा: "लोकतंत्र का संरक्षण केवल सरकार के स्वरूप में नहीं, बल्कि लोगों की आदतों में निहित है।"

## मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। एमसीडी प्रशासन ने वर्तमान मेयर को पत्र लिखकर चुनाव की तिथि तय करने का आग्रह किया है।

उम्मीद जताई जा रही है कि यह चुनाव २० अप्रैल के बाद होंगे। एमसीडी की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह चुनाव बेहद दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। एमसीडी अधिकारियों ने बताया कि चुनाव की तिथि निर्धारित होने के बाद अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। उधर एमसीडी में सत्तारूढ़ आप अल्पमत में है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद एमसीडी में उसके विधायक अच्छी खासी संख्या में नामित हुए हैं। इसके अलावा आप के करीब दो दर्जन पार्षद भाजपा के पाले में आ गए हैं। ऐसे में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा छू लिया है। मौजूदा गणित के अनुसार एमसीडी में २५० वार्ड हैं, जिनमें से १२ रिक्त हैं। भाजपा के पास ११७ पार्षदों का समर्थन हैं, जबकि आप के पास ११३ पार्षद हैं। इसके अलावा कांग्रेस के आठ पार्षद हैं। वहीं, भाजपा के ७ सांसद व ११ विधायक हैं, जबकि आप के तीन सांसद व तीन विधायक है। इस तरह भाजपा के लिए यह स्थिति उत्साहजनक है, क्योंकि वह अब मेयर पद का चुनाव जीतने की स्थिति में पहुंच चुकी है।

## रील बनाने के शौक ने दो दोस्तों को पहुंचाया जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर खुद को पैसे वाला और गाड़ियों का शौकिन दिखाने के शौक ने दो दोस्तों को जेल पहुंचाया दिया। मोती नगर थाना पुलिस ने १ मार्च को दो दोस्तों को गाड़ी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों मोहम्मद तबरेज उर्फ घ्य्यूसुफ और मोहम्मद तौसीफ की निशानदेही पर दिल्ली और बिहार से दो एसयूवी बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि ३० मार्च को रामा रोड, मोती नगर स्थित कंपनी के गैरेज से स्कॉर्पियो एन कार के चोरी होने के शिकायत पुलिस को दी। इंस्पेक्टर वरुण दलाल की टीम ने शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। एसआई राम लाल, एएसआई मनोज की टीम ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। कंपनी के कर्मचारियों की सीडीआर की जांच की गई और सभी से पूछताछ की गई।

३० मार्च और उसकी बाद की फुटेज में चोरी होने वाली गाड़ी को कहीं भी नहीं देखा गया था। पुलिस ने ३० मार्च से पहले ही फुटेज देखी तो पता चला गाड़ी कई दिनों से चोरी थी और गाड़ी को अंतिम बार कंपनी के कर्मचारी मोहम्मद तबरेज उर्फ घ्य्यूसुफ के पास थी। पुलिस ने तबरेज को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि गाड़ी चोरी कर अपने साथी मोहम्मद तौसीफ को सौंप दी थी।

## कबाड़ निपटान के क्षेत्र में उत्तर रेलवे ने कायम किया रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुरक्षित रेल परिचालन में पटरियों के किनारे पड़े हुए कबाड़ बाधा बनते हैं। उत्तर रेलवे में पटरी किनारे व अन्य स्थानों से कबाड़ हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। उत्तर रेलवे ने कबाड़ निपटान के क्षेत्र में एक और रिकॉर्ड कायम किया है।

उत्तर रेलवे ने रेलवे बोर्ड के वार्षिक बिक्री लक्ष्य ५३० करोड़ रुपये के मुकाबले ७८१.०७ करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो लक्ष्य से १४७.३६ प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष उत्तर रेलवे ही एकमात्र रेलवे है, जिसने ७०० करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री का आंकड़ा पार किया है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर रेलवे वित्त वर्ष २०२४-२५ में ७८१.०७ करोड़ रुपये मूल्य के कबाड़ का निपटान करके भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों के बीच स्क्रैप बिक्री में नंबर एक पर रहा। यह लगातार चौथा वर्ष है जब उत्तर रेलवे ने ६०० करोड़ रुपये से अधिक की कुल बिक्री दर्ज की है और लगातार चार वर्षों से सभी क्षेत्रीय रेलवे एवं उत्पादन इकाइयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रक्रिया में, उत्तर रेलवे ने आठ स्थानों से ५९२ ई-नीलामी की गई। कबाड़ निपटान एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, यह न केवल राजस्व उत्पन्न करता है, बल्कि कार्यस्थल को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में भी सहायक होता है। रेलवे लाइनों के आसपास पड़े रेल टुकड़े, स्लीपर, टाई बार आदि से सुरक्षित ट्रेन परिचालन में बाधा उत्पन्न होती है।उत्तर रेलवे ने परित्यक्त संरचनाओं जैसे कि स्टाफ क्वार्टर, केबिन, शेड, जल टंकी आदि के निपटान को मिशन मोड में लिया है। इससे न केवल राजस्व अर्जित हुआ, बल्कि मूल्यवान स्थान भी उपलब्ध हुआ, जिससे इन संरचनाओं का दुरुपयोग रोका जा सका।

इनके त्वरित निपटान को सर्वोच्च स्तर पर प्राथमिकता दी गई है। बड़ी मात्रा में जमा कंक्रीट स्लीपर भी बेचे जा रहे हैं, जिससे रेलवे गतिविधियों के लिए बहुमूल्य क्षेत्र मुक्त हो रहा है और साथ ही राजस्व भी उत्पन्न हो रहा है।

## घरेलू सहायक बनकर चोरी करने वाले गिरोह के चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डिफेंस कॉलोनी थाना पुलिस ने घरेलू सहायक बनकर घरों में चोरी करने वाले गिरोह के महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक घर में ८६ लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों निर्मल मलिक और उसकी पत्नी, प्रभाकर साहू, रतिरंजन मालिक के पास से ६ लाख रुपए नकदी और भारी मात्रा में ज्वैलरी बरामद की है। प्रभाकर साहू ज्वैलर है जो चोरी की ज्वैलरी खरीदता था। जबकि रतिरंजन कमीशन पर चोरी की ज्वैलरी का सौदा करता था। वह आरोपियों और ज्वैलर के बीच में सौदा करवाने का काम करता है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है और उनके गिरोह के सरगना की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि २६ दिसम्बर को बी-ब्लॉक, डिफेंस कॉलोनी स्थित एक घर में चोरी होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास घर में काम करने वाली महिला का फोन आया और उसने बताया कि घर के ताले टूटे हुए हैं। उसने अपनी मालिक २३ दिसम्बर को दिल्ली से बाहर गई थी।उन्हें फोन कर बताया कि घर में चोरी हुई है। जिसके बाद घर में जांच में पाया गया कि घर से ६ लाख रुपए कैश और करीब ८० लाख रुपए की ज्वैलरी चोरी हुई है।

इंस्पेक्टर संजय शर्मा, इंस्पेक्टर हरपाल सिंह की टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसआई योगेश, एसआई निरंकार नागर की टीम ने घर में और उसके पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर विश्लेषण शुरू किया। एक टीम ने घर में मौजूद सभी लोगों से पूछताछ की और उनके सीडीआर की जांच की। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने एक घर में १४ दिसम्बर को एक घरेलू सहायक रखा था, जो वारदात के बाद से गायब है। पुलिस ने घरेलू सहायक निर्मल मलिक की फोटो से उसकी पहचान की और उसके व उसके दोस्तों के सीडीआर जांच की और उन पर सर्विलांस बढ़ाया। जिससे पता चला कि आरोपी वारदात के बाद ओडिशा भाग गए हैं।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनसमस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण, सम्बंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बागपत में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वगर्हीय भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जन सामान्य की शिकायतें सुनीं और उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 55शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान किया जाए, ताकि जनता को बार-बार परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति को त्वरित न्याय मिले, यही प्रशासन की प्राथमिकता है। शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व, बिजली, जल आपूर्ति, पेंशन, सड़क और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामले शामिल थे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समाधान नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए और समाधान की स्थिति से आवेदकों को अवगत कराया जाए। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेने के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष जांच के बाद उचित समाधान किया जाए। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया जबकि खेकड़ा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 9 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से दो का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर एसडीएम बागपत अभिनाश त्रिपाठी तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को बागपत नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस परियोजना की कुल लागत 1 करोड़ 63 लाख रुपये है और इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह गौशाला बागपत नगरीय क्षेत्र और आसपास के गांवों के 500 गोवंशों को संरक्षित करने की क्षमता प्रदान करेगी। इस परियोजना से क्षेत्र के गौवंश को बेहतर संरक्षण और देखभाल का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिका. रियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता परक हो और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी हो ताकि जल्द से जल्द इसे क्रियान्वित किया जा सके। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी बागपत नगर पालिका के के भड़ाना उपस्थित रहे।



# मार्ग बनवाने को लेकर जिलाधिकारी को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** घिटौरा गांव रेलवें स्टेशन को जाने वाला मार्ग जर्जर हो चुका है जिससे लेकर ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने डीएम को पत्र लिख मार्ग बनवाने की मांग की है।

घिटौरा गांव में शिव मंदिर से लेकर रेलवे स्टेशन का खड़जा मार्ग बना है जिसमे गहरे गढ्ढो के कारण राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के ही देवेंद्र ने बताया कि मार्ग जर्जर हो चुका और देश आजाद होने के बाद से यहा खड़जा लगा है। आज तक इस मार्ग को पक्का नही किया गया है जिससे राहगीर और ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मार्ग को पक्का बनवाने की मांग की है।



# कश्यप जयंती पर नगर में गाजेबाजे के साथ निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भगवान महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर शनिवार को कश्यप समाज के लोगों ने गाजेबाजे के साथ में रैली निकाली। रैली कश्यप कॉलोनी से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस कश्यप कॉलोनी में जाकर सम्पन्न हुई।

कश्यप समाज के लोगों ने शनिवार को महर्षि कश्यप की जयंती मनाई और यज्ञ पूजन कर भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने महर्षि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। जयंती के अवसर पर समाज के लोगों ने नगर में एक रैली भी निकाली। रैली में महर्षि के जीवन पर आधारित झाकियां विशेष आक्रशण का केंद्र बनीं हुई थी। रैली कश्यप कॉलोनी से शुरू हुई और नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस कश्यप कॉलोनी में पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया। इस मौके पर संजय कश्यप, राजू कश्यप, भविचंद कश्यप, सहदेव कश्यप, धन्नु कश्यप, अंकित कश्यप, गौरव कश्यप, ललित कश्यप, बन्टी कश्यप, प्रशान्त कश्यप, सचिन कश्यप, विक्की कश्यप, विकाश कश्यप, दिनेश कश्यप व काला कश्यप आदि मौजूद रहे।





## एक नजर

# सपा कार्यकर्ताओं ने भगवान महर्षि कश्यप, निषादराज व सम्राट अशोक की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भगवान महर्षि कश्यप व राजा निषादराज तथा सम्राट अशोक की कार्यालय में धूमधाम से जयंती मनाई। इस के बाद उनके चित्र पर कार्यकर्ताओ ने फूलमाला चढाकर उनको श्रद्धाजलि दी। इस मौके पर उनके कराये गये कार्यो की चर्चा की। इस दौरान संचालन राहुल यादव ने किया। इस अवसर पर अशोक कश्यप, राहुल यादव, काला प्रधान, कविता गिरि, गगन कश्यप, दिपक देशवाल, नेरन्द्र कुमार, राजू प्रजापत, शाहरूख, इदशाद मलिक, राजपाल आदि मौजूद रहे।




# जनसंपर्क कर बताई सरकार की आठ साल की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पत्रक वितरण किया।


पत्र कों के माध्यम से सरकार की प्रमुख उपलब्धियों की जानक. ारी आम जनता तक पहुंचाई गई। इस दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महामंत्री व जिला अभियान संयोजक बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने नगर मंडल के शक्ति केन्द्रों पर जनसंपर्क कर योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक बांटे। इस क्रम में मां शाकंभरी यात्रा संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश वर्मा को भारतीय जनता पार्टी सरकार की 8 वर्षो की उपलब्धियां के बारे में जानकारी देते हुए पत्रक बांटे। इस जन-संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। कार्यकर्ताओं ने लोगों से सीधा संवाद भी किया और सरकार की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने भी संगठनात्मक मंडल बड़ौत देहांत के सेक्टर वाजिदपुर में पार्टी की रीति नीति से लोगों को अवगत कराते हुए सरकार के 8 वर्षो के पत्रक बांटे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल रविवार को भाजपा स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लहराएंगे, साथ ही बूथ स्तर पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।



# दबंग व्यक्ति ने दुकान पर किया कब्जा, एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को टांडा निवासी फर्जंद ने एक ज्ञापन तहसील परिसर में एसडीएम मनीष कुमार यादव को सौपा ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हमारी दुकान पर गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। 9 वर्ष पूर्व फर्जंद ने अपनी दुकान किराए पर दी थी तो दुकानदार किराए के पैसे भी नहीं दे रहा है और नहीं दुकान को खाली कर रहा है। आज दुकान मालिक ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दुकान खाली किए जाने की मांग की। दबंग व्यक्ति ने दुकान मालिक को डराते धमकाते हुए गाली गलौज करते हुए बद्दी बद्दी गलियों जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाते हुए दबंग व्यक्ति से अपनी दुकान खाली कराए जाने की मांग की। इससे पूर्व में भी कई बार पुलिस को अवगत कराया टांडा चौकी प्रभारी को भी शिकायत दर्ज कराई। मगर समस्या का कोई भी समाधान अब तक नहीं हुआ दुकान मालिक का कहना है कि अगर दुकान खाली नहीं की गई तो तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम ने थाना छपरौली से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिलाया। इस मामले से ग्राम प्रधान टांडा नवाजिश खान को भी शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने भी न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।



# भारत गौरव आइकोनिक अवार्ड से सम्मानित हुए बागपत के विपुल जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नई दिल्ली के लोधी रोड़ स्थित आंध्र एसोसिएशन में भारत गौरव आइकोनिक अवार्ड का भव्य आयोजन किया गया।

अवार्ड समारोह में देश के सर्वश्रेष्ठ योजना मंत्री के रूप में सम्मानित व अंडमान और निकाबार में उपराज्यपाल व असम, मिजोरम व नागालैंड़ राज्यों के सबसे प्रभावशाली राज्यपालों में शुमार माननीय जगदीश मुखी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में जगदीश मुखी ने इंटरनेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित बागपत के वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को शॉल ओढ़ाकर भारत गौरव आइकोनिक अवार्ड से सम्मानित किया। विपुल जैन को यह सम्मान उनके द्वारा किये जा रहे समाजसेवी कार्यो, अपने प्रोफेशन के माध्यम से समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने, जरूरतम. ंदों की मद्द करने, लोगों को न्याय दिलाने व साम्प्रदायिक सौहार्द में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद पुरुषोत्तम खोडाभाई रूपाला, सांसद शंकर लालवानी, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट डाक्टर चुबा आओ नागालैंड़, सांसद ममता मोहंता, पूर्व सांसद सुनील गायकवाड, दिल्ली क्राइम ब्रांच के एसीपी संदीप मल्होत्रा सहित देश के अनेकों सांसद, विधायक व जानी-मानी हस्तियां उपस्थित थी।



# जिपं में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरूद्ध भाकियू का तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन ने जिला पंचायत में नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से ठेकेदारों को टेंडर दिए जा रहे है। यूनियन ने जिला पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर प्रदर्शन किया और इस संबंध जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। डीएम ने इस मामले में तीन दिन के अन्दर जांच कराकर कार्रवाई करने का भाकियू को आश्वासन दिया है।

इस दौरान भाकियू ने जिला पंचायत में चल रहे कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाकियू एनसीआर के अध्यक्ष प्रदीप धामा ने जिला पंचायत अधिकारियों और अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान प्रदीप धामा के अनुसार, जिला पंचायत द्वारा गांवों में विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे ठेकों में ई-ट्रेडिंग नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। अधिक. ारी और जिला पंचायत अध्यक्ष अपने चहेते ठेकेदारों को काम दे रहे हैं। इससे न केवल कमीशनखोरी बढ़ रही है, बल्कि विकास कार्यों में देरी भी हो रही है और सरकार को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। बच्चों के लिए ऑटोमैटिक प्रोटेक्शन्स जो तय करे कि उनसे कौन कॉन्टैक्ट कर सकता है और वे किस तरह का कंटेंट देख सकते हैं। बार-बार शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले की तीन दिन में जांच का आश्वान दिया। भाकियू नेता प्रदीप धामा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं, लेकिन यहां प्रदेश सरकार के नियमों की अवहेलना हो रही है। अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोई तैयार नहीं है। फिलहाल किसान संगठन डीएम के आश्वासन पर कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।




# आँखों का नि:शुल्क ऑपरेशन कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में लायंस क्लब चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के शहर कार्यालय जिन्दल निवास नेहरू रोड बड़ौत पर आँखों का नि:शुल्क ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया गया। मरीजों की आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत कि टीम सुमीत, काजल, रो. हित ठाकुर, इशु, मोनी, आरजू के द्वारा कि गई समाचार मिलने तक 36 मरीजों की आँखों की जाँच की गई तथा 12 मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया। कैंप चेयरमैन लाइन डा.योगेश जिन्दल ने बताया कि इन मरीजों का ऑपरेशन क्षेत्र की प्रसिद्द नेत्र चिकित्सक डा.शस्या तोमर के द्वारा मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे नि:शुल्क किया जायेगा। जिन्दल ने बताया कि यह कैप पूर्व की भांति हर महीने की 5 तारीख को लगाया जायेगा। कैंप मे अंकुर जिन्दल, ललित जैन, कृष्णा गोयल, रोबिन गोयल, हर्ष, सरिता जिन्दल, पूजा जिन्दल, स्वीटी का विशेष सहयोग रहा।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबू जगजीवन राम व निषादराज की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी बडौत के तत्वावधान में दिल्ली रोड़ पर स्थित प्रतिष्ठान पर निष्ठावान व कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ताओं ने युग-पुरुष आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती व निषादो के राजा महाराजा निषादराज गुह की जन्मशती बडे उत्साह पूर्वक बडे धूमधाम के साथ मनायी। उनकी तशवीर पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण स्मरण करते हुए शत-शत नमन किया और मिषठान वितरण किया। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उनके महान जीवन पर देशहित में किये गये महान कार्यो को याद करते हुए प्रकाश डाला गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा गरीबों के मसीहा बाबू जगजीवन राम ने दलितो शोषित पीड़ितो वंचितों मजदूरों के हितो की रक्षा हक व अधिकारो की रक्षा के लिए मजबूती से कार्य किये उनके दुआरा किये गये कानूनी प्रावधान एतिहासिक है। उन्होंने दलितो शोषित पीड़ितो के समान मे हमेशा आवाज बुलंद की अन्याय के खिलाफ सघर्ष किया आपसी मतभेद छुआ छूत को मिटाने काम किया देश के लिए महान योगदान रहा देश उनका रीणी रहेगा। संचालन करते हुए बालमुकुन्द कहा ने निषादो के राजा महाराजा निषादराज गुह को याद करते हुए कहा वे वर्तमान प्रयागराज के राजा थे। उन्होने वनवास काल मे प्रभु श्रीरामचन्द्र माता सीता लक्षमण को अपने सेवको दुआरा गंगा पार करवाया था। वनवास के बाद श्रीरामचन्द्र ने पहली रात अपने मित्र निषादराज के यहाँ बितायी थी। इस अवसर पर पीसी सदस्य अनिल तोमर बावली रामकुमार मुखिया रामरंग पंवार औकार दत्त डा. सुभाष शर्मा अनुज शर्मा गोरव प्रकाश सहेन्द्र औमवीर राज. कुमार राजेन्द्र संजीव कल्लू शहारूख विनीत आदि मौजूद रहे।



# भगवान महर्षि कश्यप जयंती पर फूलमाला से सम्मान कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में भगवान महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई गई और हवन पूजन कर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्राम बाजिदपुर में भी भगवान महर्षि कश्यप जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। भगवान महर्षि कश्यप जयंती के पावन पर्व पर जनपद में नवनियुक कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष लव कश्यप और उनके साथ हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के अध्यक्ष अनंत भारद्वाज भी भगवान महर्षि कश्यप जयंती मनाने के लिए गांव बाजिदपुर पहुंचे। भगवान महर्षि कश्यप धाम पर फूल मालाओ से भगवान महर्षि कश्यप का सम्मान किया। इस दौरान लव कश्यप ने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप सभी समाज में पूजे जाते हैं। अनंत भारद्वाज ने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप के आशीर्वाद से ही सृष्टि चल रही है। कश्यप युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद कश्यप ने भी भगवान महर्षि कश्यप का फूल मालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर लव कश्यप अनंत भारद्वाज, सुभाष चंद कश्यप, नीतू कश्यप आकाश कश्यप, नैन सिंह कश्यप, पालेराम कश्यप, साबू कश्यप, सुनील कश्यप क्रांति देवी आदि ने भी भगवान महर्षि कश्यप का फूल मालाओं से सम्मान किया।



# महर्षि कश्यप भवन किशनपुर बिराल में कश्यप जयंती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के किशनपुर बिराल गांव के नव निर्मित महर्षि कश्यप भवन में कश्यप समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन और महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहब सिंह संचालन रणवीर सिंह उर्फ राणा द्वारा किया गया।

इस दौरान अमित कश्यप ने समाज को संगठित करने पर बल दिया। नरेश प्रजापत ने समाज को शिक्षित करने पर बल दिया। भीम आर्मी के प्रचारक रविंद्र कुमार द्वारा बहुजन समाज के संत महात्मा तथा महापुरुषों के सिद्धांतों पर चलने का आहवान किया। अखिल भारतीय वाल्मीकि नव युवक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने कश्यप ऋषि की प्रेरणा पर चल कर भाईचारा कायम करने ओर संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने का आवाहन किया। अंत में भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर रामकिशन ऋषि नरेंद्र विक्रम सुरेंद्र आजाद बंटी कुलदीप रणधीर मदन प्रमोद सक्सेना इंद्र बिन्दर हरकेश रोहित शिवकुमार शोकेंद्र, विक्रम मास्टर रामफल, सुनील शिवम बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।



# संपूर्ण समाधन दिवस में 141 शिकायतें हुई दर्ज

■ नौ शिकायतों का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निराकरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 141 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 09 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। सदर तहसील में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल 04 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 01 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, उप जिला अधिकारी सदर चारुल यादव, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ललित, तहसीलदार सदर प्रतीक कुमार सिंह चौहान, नायब तहसीलदार सदर ज्योत्सना, रामकृष्ण त्रिपाठी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करने के उपरांत जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर साइट 4 पहुंचकर हवेलिया ड्रेन एवं हवेलिया ड्रेन के किनारे बनायी गई सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि वह सभी उद्योग बंधुओं से वार्ता करते हुए हैं सुनिश्चित कर लें कि अब उनको वाहनों के आवागमन में असुविधा नहीं होगी। उसके बाद ही कार्यदाई संस्था का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

इस मौके पर उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग मोर मुकुट तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते कैमरे में कैद हुए चौकी प्रभारी के खिलाफ भ्रष्टाचार एक्ट में मुकदमा दर्ज, निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक व्यक्ति से रिश्वत लेते हुए वीडियो में कैद हुए नोएडा के थाना फेस- वन में तैनात गोल चक्कर चौक प्रभारी के खिलाफ भ्रष्टाचार एक्ट के तहत थाना फेस- वन में मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि पुलिस आयुक्त के कड़े तेवर के चलते दरोगा की विभागीय जांच की जा रही है, तथा उसकी बर्खास्तगी की रिपोर्ट भी दी गई है।पुलिस आयुक्त के कड़े तेवर से भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अभी 2 दिन पहले नोएडा के पुलिस उपायुक्त के यहां तैनात पेशकार को निलंबित कर दिया गया था। पेशकार के निलंबन को लेकर भी तरह-तरह की चर्चा है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राम बदन सिंह ने बताया कि गोल चक्कर चौकी प्रभारी प्रदीप गौतम कुछ लोगों से रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद हुए थे। इसकी वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल हुई। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक के खिलाफ थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान की शिकायत पर थाना फेस- वन में भ्रष्टाचार सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि इनकी विभागीय जांच की जा रही है। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी के निलंबन और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद यहां तैनात थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। चर्चा है कि जल्द ही कुछ और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के खिलाफ पुलिस आयुक्त कड़ा एक्शन लेगी। अभी 2 दिन पूर्व ही पुलिस उपायुक्त के पेशकार को निलंबित कर दिया गया था। इसको लेकर भी शहर में तरह-तरह की चर्चा है। बताया जाता है की चौकी प्रभारी के बर्खास्तगी की रिपोर्ट भी गई है। जल्द ही इस पर कार्रवाई होने की चर्चा है।




# चौड़ीकरण से परेशान लोगों ने की सड़क जाम

**नोएडा।** शाहबेरी में स्थित बालाजी एनक्लेव के निवासियों ने रोड चौड़ीकरण के दौरान हो रही समस्याओं से परेशान होकर सड़क पर शुक्रवार देर रात को प्रदर्शन किया। निवासियों ने सड़क जाम करते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की। आरोप है कि शहाबेरी में रहने वाले लोगों को ही अंदर जाने से रोका जा रहा है। गर्भवती महिला को अंदर ले जाते समय गार्ड ने वाहन को नहीं जाने दिया। साथ ही, उनकी कालोनी के बाहर रास्तों को खोद दिया गया है, जिसका लोगों द्वारा विरोध जताया गया। बालाजी एनक्लेव के निवासी पंकित ने बताया कि शहाबेरी से क्रॉसिंग रिपब्लिक की तरफ जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, जिसके चलते वहां रहने वाले निवासियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को वह डॉक्टर को दिखा के वापस घर जा रहे थे। तभी आम्रपाली गोल्फ होम्स की तरफ से शहाबेरी में जाने वाले वाले मार्ग से उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। वहां खड़े गार्ड ने बैरिकेडिंग पर ही रोक दिया, जिसको लेकर उनकी गार्ड से कहासुनी भी हुई। काफी देर बाद उन्हें अंदर जाने दिया गया। आरोप है कि उनकी कॉलोनी के दो रास्ते हैं, जो कि शाहबेरी मुख्य रास्ते पर ही स्थित है, इसके अलावा आने और जाने का कोई भी रास्ता नहीं है। वहीं, चौड़ीकरण के कार्य के दौरान उनकी कालोनी के दोनों रास्तों के सामने खुदाई कर दी गई है, जिससे लोगों को बाहर जाना और अंदर आना मुश्किल हो गया है।

# माल ढोने वाले अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली पर कार्रवाई के लिए अभियान शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** माल ढोने वाले अपंजीकृत ट्रैक्टर- ट्राली पर कार्रवाई के लिए परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान शुरू कर दिया गया। शनिवार को जगह- जगह पर जांच पड़ताल की गई। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई के साथ चालकों को मोटर वाहन अधिनियम के बारे में जागरूक भी किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अपील की है कि ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग केवल कृषि कार्य के लिए किया जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ॰ उदित नारायण पांडेय ने बताया कि माल ढोने वाले अपंजीकृत ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके लिए परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है। नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर चालकों को जागरूक करते हुए उन्हें बताया जा रहा है कि ओवरलोड माल ढोने के कई नुकसान हो सकते हैं। ट्रैक्टर ट्राली को कृषि कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। ओवरलोड करने से वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है, जिसके कारण पलटने या ब्रेक फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। इससे सड़क पर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग और ओवरलोडिंग गैरकानूनी है। पकड़े जाने पर भारी जुर्माना, वाहन जब्ती, या कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि इन नुकसानों को देखते हुए, यह जरूरी है कि ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग केवल कृषि कार्य के लिए किया जाए और ओवरलोडिंग से बचा जाए।

## एक नजर

### नोएडा-ग्रेनो डिपो से एक मई से नई बसें चलेंगी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से नई बसें चलने का रास्ता साफ हो गया है। अप्रैल के अंतिम हफ्ते में ये बसें मिल जाएंगी। एक मई से इनका संचालन होगा। बसों के लिए नए रूट भी तैयार किए गए हैं। इनको मंगलवार तक अंतिम मंजूरी दे दी जाएगी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में 260 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो को 80 नई बसें मिलनी है, जिसकी योजना महाकुम्भ से पहले से चल रही है। ये बसें भी साधारण हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि अप्रैल के अंतिम हफ्ते में बसें मिल जाएंगी। जिन रूटों पर नई बसों की जरूरत है, वहां के अलावा नए रूटों पर भी बसें चलाई जाएंगी। नए रूटों की सूची तैयार कर ली गई है, लेकिन इसे फाइनल मंगलवार तक किया जाएगा। अब तक, जो रूट फाइनल हुआ है, उसमें नोएडा डिपो से फर्रुखाबाद तक के लिए बस सेवा शामिल है। इस शहर के लिए यहां से बस सेवा नहीं थी, लेकिन पूछताछ के लिए यात्री डिपों में पहुंचते थे। वॉल्वो और एसी स्लीपर बसें भी मिलनी हैं, लेकिन इसकी तारीख की जानकारी मुख्यालय से अभी नहीं मिली है।

### 250 छात्रों को हेलमेट वितरित किए गए

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** त्रिगुणा- द साइंस ऑफ लिविंग ने वेल्वोलिन और कमिंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में शनिवार को सड़क सुरक्षा बूट कैंप का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने के साथ सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं 250 छात्रों को हेलमेट वितरित किए गए। त्रिगुणा के संस्थापक आदर्श गुप्ता ने यातायात नियमों और अनुशासित जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना बेहद आवश्यक है, क्योंकि देश में होने वाली दुर्घटनाओं का एक बड़ा हिस्सा लापरवाही और असावधानी के कारण होता है। वहीं सुरक्षा विभाग से जुड़े कुलदीप ने तकनीकी और व्यवहारिक दृष्टिकोण से सड़क सुरक्षा के नियमों पर चर्चा की। उनके अनुसार हेलमेट, सीट बेल्ट और मोबाइल के प्रयोग से दूरी जैसी छोटी सावधानियां बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकती हैं।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने का आरोप

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** ऐमनाबाद गांव के रहने वाले व्यक्ति की 17 वर्षीय बेटी गुरुवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि बुलंदशहर का रहने वाला युवक उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम किशोरी और आरोपी की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद किया जाएगा।

### जल्द आएगी आवासीय प्लाट योजना

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की अगले सप्ताह तक औद्योगिक भूखंडों की योजना शुरू करने की तैयारी है। औद्योगिक सेक्टरों में पुराने बचे भूखंडों पर ही नई योजना को शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही यमुना प्राधिकरण ने आवासीय स्कीम भी लाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-18 के पॉकेट 9 में भूखंडों की स्कीम लाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि शासन से तीनों प्राधिकरण में एक समान औद्योगिक नीति अपनाने के आदेश जारी किए थे। नीति के तहत आठ हजार वर्गमीटर तक के भूखंडों का आवंटन ई नीलामी व इससे बड़े भूखंडों का साक्षात्कार के माध्यम से किए जाने पर निर्णय हुआ था। यमुना सिटी का विकास शुरुआती दौर में देखते हुए इसके लिए बोर्ड बैठक में नए मानक तय किए गए थे, अब उन्हीं के हिसाब से प्राधिकरण यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टर 24, 24, 30, 31, 32, 33 में औद्योगिक भूखंड योजना शुरू करेगी। औद्योगिक भूखंडों की योजना करीब एक वर्ष से अधिक समय बाद आने जा रही है। इसका ब्रॉशर तैयार कराया जा रहा है।

**इन कारोबारियों और कंपनियों को वरीयता:** बताया गया कि इन औद्योगिक सेक्टरों में जो भूखंड आवंटित नहीं हुए हैं, या जो रुके हुए है उन्हें ही शामिल किया जाएगा। साथ ही यहां पर सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एमआरओ, एविएशन इंडस्ट्री, इलेक्ट्रॉनिक, डिफेंस, एयरो स्पेस, फिल्म और नवीकरणीय ऊर्जा, गेमिंग एंड कॉमिक, फिल्म, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट एवं वीएफएक्स आदि कंपनियों को वरीयता दी जाएगी।

**आवासीय स्कीम भी लाने की तैयारी:** यमुना प्राधिकरण की आवासीय स्कीम भी लाने की तैयारी है। सेक्टर-18 के पॉकेट 9 में प्राधिकरण ने 200 वर्गमीटर के 274 भूखंडों की स्कीम लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस स्कीम को भी अगले सप्ताह तक लॉच कर दिया जाएगा। लोग नए रेट पर यहां आवासीय भूखंड खरीद करेंगे। बता दें कि पिछले वर्ष यमुना सिटी में आवासीय भूखंड की आवंटन दर 25900 थी, जिसे एक अप्रैल से 35000 कर दिया गया है। नई रेट पर ही यह योजना शुरू की जाएगी।

# पत्नी की गला काटकर और सिर में हथौड़ी मारकर हत्या करने वाला शख्स गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-15 में रहने वाली एक इंजीनियर महिला को सोते समय गला काटने के बाद सिर में पर हथौड़ी मारकर हत्या करने वाले शख्स को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम रामबदन सिंह ने बताया कि सेक्टर-15 के सी-ब्लॉक में रहने वाली आसमा 42 वर्ष को उनके पति नरूला हैदर उम्र 55 वर्ष ने शुक्रवार को दोपहर में सोते समय गला काटने के बाद सिर में पर हथौड़ी से सिर पर वार करके हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर रही थाना फेस-वन पुलिस ने शनिवार को आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त 1 हथौड़ा व 1 अवैध चाकू बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त नूरउल्ला हैदर ने बताया कि वह पिछले दस साल से बेरोजगार है। मेरी पत्नी एनएमसी कंपनी में प्रोजेक्ट मेनेजर थी। इसी बात को लेकर मेरी पत्नी मुझसे दुर्व्यवहार करती थी।जिससे आपसी विवाद चल रहा था। 4 अप्रैल 2025 को भी मेरी पत्नी फिर से मुझसे लडाई करने लगी तब मैने सोचा की रोज रोज की लड़ाई से अच्छा है कि इसे मार दूं। मैंने अपनी सोती हुयी पत्नी के पास जाकर उसकी गर्दन चाकू से काट दीं जिससे खून निकलने लगा फिर कमरे में ही रखी हथौड़ी से उसके सिर व चेहरे पर वार किया जिससे मेरी पत्नी की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी।

# देशभर के 100 शिक्षकों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में शनिवार को छठे ट्रांस्फोर्मेशनल टीचर अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीएसई के डायरेक्टर जेके यादव रहे। इस दौरान देश भर के 100 शिक्षकों को उनके शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान ऐसे शिक्षकों को दिया जाता है,जो अपने छात्रों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मानित होने वाले शिक्षकों को देश भर के छात्रों द्वारा उनके शैक्षणिक या व्यक्तिगत जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए नामित किया गया। विवि के चांसलर पीके गुप्ता ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में नौकरी और व्यवसाय में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक अच्छा शिक्षक हमें समाज में एक अच्छा इंसान और देश का एक अच्छा नागरिक बनने में मदद करता है। वहीं कुछ शिक्षक ऐसे होते हैं, जो छात्रों के मन पर इतनी गहरी छाप छोड़ते हैं कि उन्हें हमेशा याद रखा जाता है। उन्होंने कहा कि छात्रों के फीडबैक के लिए सभी बोर्ड को पोर्टल बनाना चाहिए, जिसमें छात्र अपनी राय दे सकें। सभी में अलग-अलग हुनर होता है। शिक्षक को उसे तलाशना होगा उस क्षेत्र में ले जाना होगा जिससे वो सफल हो जाए।

सीबीएसई के डायरेक्टर जेके यादव ने कहा कि शिक्षक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, वो छात्रों को प्रेरित करता है। अच्छे भविष्य और अच्छा इंसान बनाने में मदद करता है।

## चार स्थानों पर एफओबी बनाने की मांग

**नोएडा।** शहर की चार मुख्य सड़कों पर एफओबी बनाए जाने की जरुरत है। लोगों ने यह मांग विधायक पंकज सिंह से की है। विधायक ने लोगों की मांग पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखा है। सेक्टर-77 प्रतीक विस्टीरिया सोसाइटी में रहने वाले अमित गुप्ता ने विधायक से मांगी है कि सेक्टर-71 के चौराहे पर सेक्टर-72 से सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन की ओर जाने के लिए एफओबी की जरुरत है। आने वाले समय में यहां दो बड़े मॉल बन रहे हैं जिससे और ट्रैफिक बढ़ेगा। इसके अलावा सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-76-78 की तरफ एफओबी बनाया जाना चाहिए। यहां लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। सेक्टर-76 पुलिस चौकी के पास सेक्टर-76 से सेक्टर-78 महागुन सोसाइटी की ओर एफओबी बनाया जाना चाहिए।

# बुजुर्ग महिला से निवेश के नाम पर एक करोड़ की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी निवासी पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल की पत्नी से निवेश के नाम पर एक करोड़ रुपये ठग लिए गए। पीड़िता ने इस मामले में सेक्टर-113 थाने में निजी बैंक के सीईओ, परिचालन प्रबंधक और चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपियों में एक दंपति भी है। सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी निवासी 74 वर्षीय अमिता चतुर्वेदी ने बताया कि उनके पति वीके चतुर्वेदी का निधन हो चुका है। वह सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। पति ने कुछ एफडी और दूसरे निवेश किए थे। इनके मैच्योर होने के बाद राशि जब उनके खाते में आई तो आशीष ने कॉल कर उन्हें रकम निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने की सलाह दी। निवेश से होने वाले मुनाफे के संबंध में आरोपी ने कर्नल और उनकी पत्नी को जानकारी दी। हामी भरने के बाद आरोपी उनके पास चेक लेकर गया और निवेश संबंधी सूची दी। हालांकि, इस संबंध में उनको कोई दस्तावेज नहीं दिया गया। 21 मार्च को वह इस संबंध में जानकारी करने के लिए बैंक पहुंची तो पता चला कि उनके रुपये कहीं निवेश नहीं किए गए। इस मामले में उन्होंने बैंक में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कई दिन तक वह बैंक के चक्कर काटती रहीं, लेकिन किसी ने भी उनको सही जानकारी नहीं दी। आरोपी निवेश के नाम पर महिला से चेक लेता था, जिसमें उसने कुछ चेक ब्लंक तो कुछ अपनी पत्नी कृतिका प्रसाद के नाम पर लिए। आरोपी ने महिला का विश्वास जीतने के लिए बीच में एक बार दो लाख 25 हजार रुपये का मुनाफा भी दिखाया। आरोपी ने निवेश के नाम पर रुपये लेकर उसे पत्नी के खाते में फर्जी तरीके से डाला। पीड़िता का आरोप है कि इतनी बड़ी धोखाधड़ी बिना वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत से नहीं हो सकती है।

## व्यावसायिक प्रोजेक्ट में बुकिंग के नाम पर महिला से ठगी

**नोएडा।** व्यावसायिक प्रोजेक्ट बुक करने के बाद छह लोगों ने मिलीभगत कर महिला से 10 लाख 71 हजार रुपये ठग लिए। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस जल्द ही नामजद आरोपियों से पूछताछ करेगी। कानपुर नगर के नौबस्ता निवासी मालती सिंह ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया कि उन्होंने करीब आठ साल पहले 2018 में एक विज्ञापन देखा, जिसमें ओह माय गॉड व्यावसायिक प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी थी। इस संबंध में जब महिला बायावेयर और अलीशा इंफ्राटेक के ऑफिस गई तो उसे प्रोजेक्ट के बारे में पूरी जानकारी मुहैया कराई गई। ऑफिस में बैठे लोगों ने वादा किया कि प्रॉपर्टी का पजेशन वर्ष 2022 तक हर हाल में दे दिया जाएगा। महिला ने प्रॉपर्टी के लिए 10 लाख 71 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद रिटेल स्पेस का एग्रीमेंट हो गया। महिला को तय समय पर पजेशन नहीं मिला। कुछ समय बाद कंपनी द्वारा साया सीमेंटेशन नाम की कंपनी का प्रोजेक्ट बेचने की जानकारी मिली। महिला जब मौके पर पहुंची तो गार्ड ने उसे गाली देकर वहां से भगा दिया।

# माता के जागरण में भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-73 महादेव अपार्टमेंट में मां अंबे भक्ति कीर्तन मंडली द्वारा जागरण आयोजित किया गया। गायकों ने मां का गुणगान किया। कलाकारों ने जय-जय मां, ऊंचा भवन रंगीला, जिसके सिर पर हाथ हो तेरा नाथ उसे फिर कैसा डर है, आज तेरा जगराता माता, जगमग ज्योति करती पावन ज्योति, हर कोई शीश नवाता भेंट से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कलाकारों ने रण में कूद पड़ी महाकाली गीत पर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बीच बीच में सुंदर झाकियां भी निकाली गई सुबह हवन किया गया कार्यक्रम में सोसाइटी के निवासियों ने परिवार के साथ भाग लिया।

# पुराने विवाद में मारपीट कर कार भी ले गए आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लंबे समय से चले आ रहे विवाद में एक व्यक्ति और उसके साथियों ने कार सवार व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जान बचाने के लिए पीड़ित भागा तो आरोपी उसकी कार अपने साथ ले गए। इस मामले में सेक्टर-39 थाने में एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

नगला चीती गांव निवासी राहुल भाटी ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में वह सदरपुर गांव के गली नंबर तीन में रह रहे हैं। बीते बुधवार को वह अपनी कार से बॉटेनिकल गार्डन होते हुए सेक्टर-45 जा रहे थे। रास्ते में गाजियाबाद के मसूरी निवासी सचिन और उसके दो साथी उनसे मिले और गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने राहुल को लात और घूसों से पीटा। जान बचाने के लिए वह कार वहीं छोड़कर भाग गए।

आरोपियों ने भागते समय उनका पैदल ही काफी दूर तक पीछा किया। जब पीड़ित भागने में सफल हो गया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद जब वह फिर से कार लेने घटनास्थल पर पहुंचा तो कार वहां नहीं थी। जिस समय राहुल भागा था, चाबी कार में ही लगी रह गई थी। आसपास के लोगों ने उनको बताया कि जिन लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी, वही कार ले गए पुलिस ने इस मामले में सचिन यादव और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि उसका सचिन यादव के साथ पुराना विवाद है।

# कबाड़ के दो गोदाम-झुग्गी में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के बेहलोलपुर गांव में बने कबाड़ के 2 गोदाम और करीब 12 से अधिक झुग्गी झोपड़ी में आग लगी है। सूचना पर 10 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची और एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

एडीसीपी हृदेश कठारिया ने बताया- दोनों कबाड़ के गोदाम सुरेश मलखान के है। कोई जनहानि की जानकारी नहीं है।बेहलोलपुर गांव में बड़ी संख्या में कबाड़ की गोदाम और झुग्गियां बनी हुई है। यहां बनी झुग्गियों में पहले भी आग लग चुकी है। आंशका थी आग गोदाम से होते हुए झुग्गी तक न फैले। इसके लिए झुग्गियों पर भी पानी का छिड़काव किया गया। आग का धुआं करीब 5 किमी दूर से भी देखा जा सकता था। कबाड़ होने की वजह से काला धुआं है। जिससे आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है आए दिन यहां इस तरह की घटना होती रहती है।

**शॉट सर्किट या ज्वलनशील पदार्थ से लगी आग:** पुलिस ने बताया कि आग गोदाम में शॉट सर्किट या किसी ज्वलनशील पदार्थ के कारण लगी। प्लास्टिक वेस्ट मटेरियल होने से आग तेजी से फैली। जिसने बगल के गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। करीब 20 मिनट में दोनों गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख गया। इस दौरान एक -एक करके 10 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। आग आगे न फैले इसके लिए पहले पानी और मशीनरी के जरिए उसका दायरा सीमित किया गया। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि अब भी प्लास्टिक आदि से रुक -रुक धुआं उठ रहा है।

**पहले भी हो चुकी घटना:** बता दे इससे पहले यहां आग की घटना हो चुकी है। इसके बाद भी कबाड़ की गोदाम और झुग्गियों की संख्या यहां बढ़ती जा रही है। बता दे नोएडा के सेक्टर-18 और ग्रेटरनोएडा में आग की बड़ी घटना हो चुकी है। बताया गया कि तापमान बढ़ने के साथ आग की घटना बढ़ रही है। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत है।

# टायर फैक्ट्री में भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित एमआरएल टायर फैक्ट्री में रात करीब 11 बजे भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्ट्री का आधे से ज्यादा हिस्सा आग की चपेट में आ गया।

जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे के अनुसार, सूचना मिलते ही एक दर्जन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की तीव्रता को देखते हुए एक दर्जन और गाड़ियां बुलानी पड़ीं।फैक्ट्री में रबड़ और अन्य ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।सुरक्षा के दृष्टिकोण से आसपास की फैक्ट्रियों को खाली करा लिया गया। लगभग 8 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।हालांकि, टायर की मौजूदगी के कारण कुछ स्थानों पर अभी भी धुआं निकल रहा है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# डीएम की निगरानी में तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर तहसील दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहस. ीलदार गढ़मुक्तेश्वर को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में भूमि से संबंधित जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं उनमें स्वयं मौके पर जाकर जांच करें, जांच के उपरांत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये। इसी के साथ जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए की तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं उनका आगामी तहसील दिवस से पूर्व निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे उन



समस्याओं को बार-बार न दोहराया जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील त्यागी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही धौलाना तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुए मेरठ मंडल आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोध ने अधिकारियों को निर्देश दिए तहसील में आई शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर करें। मेरठ मंडल आयुक्त के समक्ष तहसील दिवस में 43 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 9 का निस्तारण मेरठ मंडल आयुक्त के द्वारा कराया गया। इसी क्रम में हापुड़ तहसील की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए हापुड़ तहसील दिवस में 22 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 4 का निस्तारण किया गया।

# सीडीओ ने किया चंडी व मंशा देवी मंदिरों में व्यवस्थाओ का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रमुख सचिव, संस्कृति अनुभाग, शासन के द्वारा चौत्र (वासंतिक) नवरात्रि के
अवसर पर प्रदेश के देवी मंदिरों एवं शक्ति पीठों में बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किये गये कानूनों, योजनाओं एवं कायक्रमों का वृहद प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए हैं के क्रम में आज मुख्य विकास अधिकारी
हिमांशु गौतम के द्वारा चौत्र नवरात्रों के अवसर पर हापुड़ के प्रमुख मंदिर चंडी मंदिर,
बालाजी मंदिर एवं मंशा देवी मंदिर का निरीक्षण किया गया।
मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अष्टमी एवं श्री रामनवमी के अवसर पर जनपद के राम मंदिरों / हनुमान मंदिरों / देवी मन्दिरों / वाल्मीकि मंदिरों / शक्तिपीठों का चयन करते हुए
मंदिरों में रामायण रामचरित मानस में वर्णित सामाजिक मूल्यों व मानवीय गुणों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए भव्यपूर्ण देवी गायन/दुर्गा सप्तशती पाठ/अखण्ड रामायण पाठ के कार्यक्रमों पर हो रहे
आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरंतर मंदिरों की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों के
प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किए गए कानून एवं योजनाओं कार्यक्रमों का बेहतर प्रचार-प्रसार किए
जाने हेतु भी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया ।

# बूथ स्तर पर पार्टी का कार्यकर्ता खड़ा करेगी कांग्रेस: इरफान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को दिल्ली रोड स्थित प्रकाश रीजेंसी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता की। जहां उन्होंने पार्टी और कांग्रेस आला कमान द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व और जनपद हापुड़ के समस्त कांग्रेसी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव/प्रभारी पुरुषोत्तम नागर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। जिनका कांग्रेस जनों ने फूलों के हार से और ढोल नगाड़ों के साथ भव्य और जोरदार स्वागत किया। प्रदेश सचिव व् प्रभारी पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए इस बार पार्टी बहुत सकारात्मक हैं और लगातार इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जिसका परिणाम आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पार्टी ने जिस उम्मीद और आशा के साथ उन्हें ये अहम जिम्मेदारी सौंपी है उसका वे पूरी तत्परता के साथ निर्वहन करेंगे और संगठन को हर संभव मजबूत बनाएंगे।

शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस बूथ स्तर पर पार्टी का कार्यकर्ता खड़ा करेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने सभी को साथ लेकर चलने और पार्टी को मजबूत बनाने का कांग्रेसी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिलाया हैं। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों को लेकर बेहद ही



गंभीरता के साथ विचार विमर्श कर रही है जिसकी शुरुआत उन्होंने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों और महानगरों में अध्यक्ष पद को लेकर शुरू कर दी है उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सामाजिक न्याय और भागीदारी को महत्व देते हुए हर जनपद में संगठन का निर्माण और उसे मजबूत बनाने की स्थिति में कार्य करने पर जोर दे रही है। 4 अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में सभी जिला अध्यक्षों और शहर अध्यक्षों से संवाद के जरिए प्रदेश में संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने और अपने-अपने जनपद की समस्याओं को बुनियादी ढांचे में लाकर उन पर मजबूती से सड़क पर संघर्ष करने के लिए जोर दिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि बहुत जल्द जिला व शहर कांग्रेस कमेटी की इकाई बनाई जाएगी। जिसमें सक्रिय कार्यकर्ताओं को रखने की पार्टी की पहली प्राथमिकता होगी। प्रेस वार्ता से पूर्व देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम और रिंगवेरपुर (वाराणसी) के महाराजा निषादराज गुह की जयंती उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। दोनों महान विभूतियों को याद करते हुए पार्टी पदाधिकारियों ने कहा हैं कि बाबू जगजीवन राम एक भारतीय राजनेता तथा भारत के प्रथम दलित उप-प्रधानमंत्री और एक महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता व संविधान सभा के सदस्य थे। रिंगवेरपुर आधुनिक नाम (वाराणसी) के महाराजा निषादराज गुह को भी उनकी जयंती पर याद करते हुए कांग्रेसी पदाधिकारियों ने कहा कि निषादराज गुहा ऋंगवेरपुर (वाराणसी) के महाराजा थे। उनका नाम गुह्यराज भी था। वे [ आदिवासी] समाज के थे और उन्होंने ही वनवासकाल में प्रभु श्रीराम, सीता तथा लक्ष्मण को केवटराज जी से कहकर गंगा पार करवाया था। इस दौरान अभिवादन समारोह का आयोजन भी किया गया। जहां कांग्रेसी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी को नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने कांग्रेसी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए इस अभिवादन के लिए सभी का दिल से धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि वे सभी के सहयोग से कंधे से कंधा मिलाकर संगठन के लिए काम करेंगे और पार्टी को मजबूतबनाएंगे। कार्यक्रम का संच. ालन पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, सेवादल के राष्ट्रीय सचिव दिनेश कौशिक, पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन, पूर्व पीसीसी सदस्य नवरत्न त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मानवी सिंह, पूर्व सभासद ऐजाज अहमद, राहुल शर्मा, निखिल वत्स विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, अबुजर चौधरी, जकरिया मनसबी, देवेंद्र कुमार, सविता गौतम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रामजन्मोत्सव पर्व रामनवमी आज रविवार को मनाया जाएगा




**हापुड़।** भगवान श्री रामजन्मोत्सव पर्व रामनवमी 6 अप्रैल यानी आज रविवार को मनाया जाएगा भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. केसी पाण्डेय ने बताया कि बाल्मीकि रामायण के 18वे श्लोक तथा श्री रामचरित मानस के बाळकांड के 190वे दोहा के प्रथम चौपाई में बताया गया है कि चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि में कर्क लग्न अभिजीत मुहूर्त दोपहर में भगवान श्री राम का जन्म अयोध्या में हुआ था जो इस बार 6 अप्रैल को है नवमी तिथि का प्रारम्भ 5 अप्रैल की रात्रि 7.26 बजे से 6 अप्रैल को सूर्योदय के साथ शुरु हो रहे सर्वार्थसिद्धि योग तथा रविपुष्य जैसे अत्यंत शुभ योग के साथ सायं बाद 7.23 तक रहेगा अभिजीत मुहूर्त दोपहर में 11.56 बजे से 12.46 तक रहेगा जो भगवान श्री राम जी के पूजन के लिए विशेष शुभ फल प्रदान करने वाला होगा। नवमी तिथि को ही नवरात्रि व्रत कर रहे भक्तों द्वारा हवन उपरांत कन्यापूजन व भोजन प्रसाद किया जाएगा तथा नवरात्रि व्रत पारण 7 अप्रैल को सुबह 6.05 बजे के बाद किया जाएगा। **किसी भी नये कार्य की शुरुआत के लिए रामनवमी अत्यंत शुभ दिन।** रामनवमी के पावन अवसर पर भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के तत्वाधान में श्री बालाजी धाम मंदिर स्वर्गाश्रम रोड हापुड़ में अखंड श्री राम चरित मानस का पाठ किया जा रहा है महासभा सदस्य मंदिर के पुजारी पंडित नीरज मिश्रा व महासभा समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय ने बताया कि महासभा द्वारा भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है रामचरित मानस पाठ आज 5 अप्रैल सुबह 11 बजे से पूजन के साथ पाठ शुरु हुआ जिसकी पूर्णता 6 अप्रैल को 11 बजे होगा उसके बाद हवन, आरती व भंडारा होगा कार्यक्रम व्यवस्था में अध्यक्ष पंडित केसी पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पंडित मित्र प्रसाद काफ्ले, परामर्श मंडल विद्वान पंडित ओमप्रकाश पोखरियाल, पंडित शैलेन्द्र मिश्रा शास्त्री, पंडित अमर प्रकाश पाण्डेय, पंडित शैलेन्द्र अवस्थी,अनिशा सोनी पाण्डेय, डा. करुण शर्मा आदि है।

## एक नजर

### श्री हरिहर चंडी मंदिर मेला समिति द्वारा महागौरी की पूजन का आयोजन



**पिलखुवा।** श्री हरिहर चंडी मंदिर मेला समिति द्वारा कल शाम 5:00 बजे सप्तमी हवन का आयोजन किया गया जिसके मुख्य जजमान अजीत तोमर रहे चंडी मंदिर के प्रांगण में प्रात: 8:00 बजे प्रतिदिन के जजमान के रूप में अंकुर मित्तल का परिवार था जिसमें महागौरी की पूजन किया गया और माता से हवन कर आशीर्वाद प्राप्त कियाइस अवसर पर अध्यक्ष अखिलेश मित्तल महामंत्री राहुल मित्तल कोषाध्यक्ष केशव शर्मा धीरज गर्ग वाडीलाल रामबाबू विजयपाल रोहिल्ला अमित मित्तल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### किडजी स्कूल में नवरात्रि महोत्सव पर कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित



**पिलखुवा।** भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित किडजी स्कूल में नवरात्रि महोत्सव पर कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान 101 कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सृष्टि शाखा की कवयित्री बीना गोयल ने बताया कि यह कार्यक्रम वर्ष में दो बार संस्था द्वारा दोनों नवरात्रों में करके संस्था के सभी सदस्य धर्म लाभ उठाते हैं। उन्होंने नवरात्रि के अवसर पर सभी को नवरात्रि महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। स्कूल की प्रधानाचार्य का स्वागत संस्था के अध्यक्ष शशि गुप्ता, सचिव अलका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्वेता बंसल, उपाध्यक्ष महिला सहभागिता हिमानी बंसल ने गिफ्ट देकर व अंगवस्त्र उड़ाकर सम्मानित किया। संस्था की सदस्य सुधा गर्ग ने माता रानी का भजन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शाखा की मार्गदर्शक कवयित्री बीना गोयल ने किया। स्कूल की प्रधानाचार्य स्वाति गर्ग ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट कर संस्था के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में मोनिका सिंघल, वर्षा सिंगल, पूजा गर्ग, गरिमा गर्ग, आरती अग्रवाल, शालू बंसल के अलावा अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### श्री चंडी देवी पंखा एवं रामनवमी उत्सव का भव्य आयोजन



**पिलखुवा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रों के पावन अवसर पर श्री चंडी देवी पंखा एवं रामनवमी उत्सव का भव्य आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया आज की शोभा यात्रा लालशंभू मल अधूरीवालों की धर्मशाला से शाम 5:00 बजे शुरू हुई जिसमें नौ देवी की नौ स्वरूपों की झांकी श्री रामलीला की झांकी महाकुंभ महामंडलेश्वर की झांकी मां काली की मां गंगा अवतरण जी ष्की झांकी मुरादाबाद से आए अर्जुन कला केंद्र ने प्रस्तुत की तथा अमित हापुड़ वालों ने जगन्नाथ जी की झांकी की प्रस्तुति दी जगह-जगह मां के जयकारे लगे और लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया और माता रानी जी का डोला जो भव्य रूप से सिंगार किया हुआ था लोगों ने आरती कर प्रसाद ग्रहण किया समिति के अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया की शोभा यात्रा विगत 80 वर्षों से निकलते आ रही है और मां चंडी महारानी जी एक प्राचीन सिद्ध पीठ है जो भी सच्चे मन से अपनी मनोकामना मांगता है वह अवश्य पूरी होती है और सभीनगर वास. ीलोगों का हमें बहुत-बहुत सहयोग मिला उसके लिए नगर की जनता का समिति ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद देती है और कल शाम 7:00 बजे से चंडी मंदिर परिसर में रामनवमी जन्म उत्सव। बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा इसमें सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन होगा
शोभायात्रा में सहयोग के रूप में समिति के महामंत्री राहुल मित्तल कोषाध्यक्ष केशव शर्मा सुधीर गोयल पंकज मित्तल प्रेम प्रकाश बर्फ वाले नीरज बंटी मनोज मित्तल राम भूषण बुरावाले अमित मित्तल सुदर्शन विजयपाल रोहिल्ला कृष्ण गोपाल कौशिक लोकेश गोयल मोहित गुप्ता मनीष कंसल धीरज गर्ग वाड़ीवाल प्रशांत गोयल विकास शर्मा अमित मित्तल फतेहचंद सक्सेना राजेंद्र राठी कृष्ण गोपाल कौशिक चंद्रपाल उज्जैनी सुशील गोयलआदि सभी सदस्यों ने अपना पूछ को शोभायात्रा को निकलवाने में सहयोग दिया।

# जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस में एनुअल फेस्ट का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स हापुड़ के तत्वावधान में एनुअल फेस्ट शंखनाद 2ज्ञ25 का शुभारम्भ किया गया। जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स हापुड़ के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल बतौर मुख्य अतिथि वाईस चेयरमैन डॉ. हिमांशु सिंघल बतौर विशिष्ट अतिथि, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल, सचिव डॉ. रोहन सिंघल, महानिदेशक डॉ. सुभाष गौतम, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक, जेघ्मएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक अनिरुद्ध विश्वास, प्राचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए शुभारम्भ किया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.आयुष सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि एनुअल फेस्ट शंखनाद 2ज्ञ25 उत्सव का शुभारम्भ स्पोर्ट्स फेस्ट, टेक्निकल फेस्ट, कल्चरर फेस्ट के रूप में किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य खुशी, शांति और सद्भाव के साथ परंपरा, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना था। यह वार्षिकोत्सव जेघ्मएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस के विद्यार्थियों को समृद्ध और उत्कृष्ट सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस उत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम जैसे कि संगीत, नृत्य, नाटक, स्किट, कॉमेडी, प्रतियोगिताएं, आदि से विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का पूर्ण सर्वांगीण विकास करता हैं।संस्थान के सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने कहा कि संस्थान के महानिदेशक डॉ. सुभाष गौतम ने संस्थान के छात्र छात्राओं के अकादमिक, प्रयोगात्मक ,सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए अन्य शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े हुए जेएमएस ग्रुप के क्लब्स के अंतर्गत छात्र-छात्राओ को अपनी क्रिएटिविटी प्रदर्शित करने का भरपूर अवसर प्रदान किया है। जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ. सुभाष गौतम ने अध्यनरत एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने व्याख्यान में कहा कि संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने क्लब जैसे ट्रैडिशनल क्लब बीए, बीकॉम व बीएससी, मैनेजमेंट क्लब बीबीए, टेक्निकल क्लब बीटेक, पॉलिटेक्निक, एमबीए, व एमसीए, मेडिकल क्लब बीफार्मा व डीफार्मा एवं प्रोफेशनल क्लब बीसीए के अंतर्गत अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम जैसे कि संगीत, नृत्य, नाटक, स्किट, कॉमेडी, ग्रुप डांस, फैशन शो प्रतियोगिताएं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया हैं। कल्चरर फेस्ट के दौरान सभी कल्चरर क्लब के प्रभारियों ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी थीम मेडिकल क्लब की थीम युगमंथन, ट्रैडिशनल क्लब की थीम पर्यावरण, मैनेजमेंट क्लब की थीम बलास्ट फ्रॉम दी पास्ट, प्रोफेशनल क्लब की थीम हेलोवीन, टेक्निकल क्लब की थीम डेडिकेट टू जेएमएस के अनुसार अपना अपना प्रस्तुतीकरण देकर ग्रुप के सभी गणमान्य अतिथियों एवं छात्र-छात्राओ के समक्ष अपनी कला, साहित्य एवं संस्कृति की अनूठी मिशाल कायम की। एनुअल फेस्ट के अंतर्गत कल्चरर फेस्ट के दौरान निर्णायक मंडल में उपस्थित सभी सदस्यों के परिणामो के आधार पर कल्चरर फेस्ट के संयुक्त रूप से विजेता प्रोफेशनल व् मेडिकल क्लब के सभी प्रतिभागियों को संस्थान के मैनेजमेंट ने अवार्ड, स्मृति चिन्ह ,सर्टिफिकेट तथा नगद राशि प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएमएस परिवार के सभी सदस्यो




का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आयुष सिंघल ने सभी अतिथियों डायरेक्टर जनरल, निद. ेशक, प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्षो, मैनेजर, प्रशासनिक अधिकारी, रजिस्ट्रार, प्राध्यापकों एवं संस्थान के समस्त स्टाफ के सदस्यों का एनुअल फेस्ट शंखनाद 2 25 में दिए गए योगदान की सराहना की। जेएमएस ग्रुप के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल ने एनुअल फेस्ट शंखनाद 2ज्ञ25 के सफल समापन पर जेएमएस परिवार के सभी सदस्यो, छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा की जेएमएस परिवार एक संगठित परिवार है और यह प्रत्येक कार्यक्रम को परिवार के सभी सदस्यों के साथ प्रसन्नतापूर्वक आयोजित करता है।

संस्थान के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डॉ. सुभाष गौतम ने ग्रुप के प्रबंधतंत्र, अतिथिगणों,सभी प्राध्यापको एवं स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट किया।

## आगजनी की घटना से हुए नुकसान को लेकर, पीड़ित को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

**गढ़मुक्तेश्वर।** एक दर्दनाक घटना में, गढ़ गंगा खादर क्षेत्र के गांव रामपुर न्यामतपुर में एक झोपड़ी में आग लगने से मजदूर बिजेंद्र सिंह की बीस बकरियां जिंदा जल गईं थी। यह घटना मंगलवार की दोपहर हुई थी, जब बिजेंद्र अपने परिजनों के साथ खेत में गेहूं की फसल काटने गया था। आग लगने के कारण झोपड़ी में धुएं और लपटों का गुबार उठने लगा, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई थी । गांव के स्थानीय निवासियों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग बीस बकरियों को जिंदा जलाकर मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक ने भी पीड़ित परिवार का दौरा किया और एसडीएम को मौके पर बुलवाते हुए पीड़ित मजदूर को जल्द मुवाजा दिलाने की मांग उठाई। विधायक ने कहा कि प्रशासन को ऐसे मामले में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके।

## जमीनी विवाद प्रकरण : मुकदमे में आरोपियों के खिलाफ नही हुई कार्यवाही

**गढ़मुक्तेश्वर।** एक सप्ताह पहले जमीनी विवाद के दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने हुई मारपीट में घायल हुए युवक बाबर अली, निवासी वैट, की तहरीर पर सिंभावली थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बाबर अली के अनुसार, सफायत, सहरयाब, नवाजिश और सादाब के खिलाफ धारा 115(2), 352, 351(2), 351(3) बी.एन.एस. के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। घायल युवक बाबर अली के पास मेडिकल रिपोर्ट है, जिसमें उसके दोनों हाथों की अंगुलियों में फैक्चर और पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आने की पुष्टि की गई है। बाबर ने बताया कि घटना के एक सप्ताह बाद भी सभी आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने बताया कि जमीनी विवाद के दौरान बाबर के साथ खुले आम मारपीट की गई थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। यह स्थिति ग्रामीणों के बीच चिंता का कारण बन गई है और स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठाना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस इस मामले में बड़ी घटना का इंतजार कर रही है और पीड़ित के साथ ठीक से कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस घटना ने न केवल बाबर अली के लिए बल्कि पूरे गांव के लिए सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है।

## महाष्टमी पर्व पर घर-घर में हुआ कन्या पूजन

**गढ़मुक्तेश्वर।** इस वर्ष नवरात्र के महाष्टमी पर्व पर घर-घर कन्याओं का पूजन किया। नवरात्र के आठवें दिन माता दुर्गा की आराधना के साथ कन्याओं का सम्मान किया गया, महाष्टमी के अवसर पर भक्तों ने कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें श्रृंगार किया और उनके पैर धोकर उनका स्वागत किया। कन्याओं को पूजा-अर्चना के बाद उन्हें खाने में विशेष रूप से बनाए गए पकवान जैसे पूड़ी, हलवा, चना और अन्य व्यंजन परोसे गए। समाजसेवी मदनपाल चौधरी का कहना है, कि कन्याओं का पूजन माता दुर्गा के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। इस दिन को लेकर सभी तैयारियां विशेष रूप से की गई थीं। मंदिरों में भी विशेष पूजा और आरती आयोजित की गई, जहां श्रद्धालुओं ने माता का गुणगान किया।महाष्टमी पर कई घरों में छोटी-छोटी कन्याओं की टोली देखी गई,जिन्हें देखकर आस-पड़ोस के लोग भी आनंदित हुए। यह पर्व न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामुदायिक एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देता है। इस दौरान लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने के लिए इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेते रहेंगे।

## सिल्वर जोन ओलंपियाड-24 में डीएम स्कूल के छात्रों ने जीते स्वर्ण पदक

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिल्वर जोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित श्सिल्वर जोन ओलम्पियाड-24 प्रतियोगिता में देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल ने शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के छात्रों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तीन स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल के 20 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें युवराज, तमीम और अर्णव ने स्वर्ण पदक, देवांश, शयान और पार्थ ने रजत पदक, और आहिल एवं आरव ने कांस्य पदक प्राप्त किए।विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजु चौधरी ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में धैर्य और साहस का विकास करती हैं। उन्होंने कहा, छोटी आयु में प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे अपने भविष्य के लिए एक मजबूत नींव तैयार करते हैं। लक्ष्य संकल्प के साथ की गई तैयारी सदैव अच्छे परिणाम लाती है।विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने कहा, प्रतियोगिताएं छात्रों को आंतरिक रूप से मजबूत बनाती हैं। हमें बिना किसी भय के परीक्षाओं में भाग लेना चाहिए।प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, प्री-विंग प्राइमरी कोऑर्डिनेटर कविता चौधरी, प्राइमरी विंग कोऑर्डिनेटर प्रियांशी चौधरी, जूनियर विंग कोऑर्डिनेटर राहुल चौधरी, आंचल गुमान, सोनू सैनी, नीतू सिंह, अलीशा और साक्षी राठी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट के एनआईसी बिल्डिंग में लगी आग

## कर्मचारियों में मचा हड़कंप, फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग

■ एसी में आग लगना बताया जा रहा है कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट परिसर में शनिवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते बचा। यहां एनआईसी बिल्डिंग के द्वितीय तल पर आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि, कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जले हैं। आग लगने की वजह स्प्लिट एसी में हुआ धमाका बताया जा रहा है। शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी की बिल्डिंग में आग लग गई है।

सूचना मिलते ही पुलिस लाइन परिसर से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की मशक्कत में जुट गईं। आग बिल्डिंग के द्वितीय तल पर बने हॉल में लगी थी जिसमें प्रथम तल तक घना काला धुआं फैल चुका था। दमकल कर्मियों के लिए हॉल में घुसना मुश्किल हो रहा था। इसके बाद ब्रीथिंग ऑपरेटर सेट मंगाकर कर्मचारी हॉल में घुसे और आग पर काबू पाया। करीब आधा घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग की सूचना पर एडीएम सिटी बृजेश सिंह भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। आग में मुख्य रूप से एक स्प्लिट एसी जला है। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी है। चर्चा है कि आग के दौरान कुछ लोगों ने एक धमाका भी सुना था। संभव है कि स्प्लिट एसी की यूनिट में यह धमाका हुआ और आग लग गई।

## ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शाओं के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेघदूत की पुलिया पर शनिवार को पुलिस ने ई-रिक्शाओं के चालान काटे। इस बीच कुछ रिक्शा चालक चालान होते देख वापस लौट गये। देखते ही देखते कुद देर के लिए इस मार्ग पर ई-रिक्शाओं का आवगमन बंद हो गया।

## सिवाल विधानसभा अध्यक्ष ने कैंप कार्यालय पर की पीडीए पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जानी खुर्द।** सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष तसवार अली चौहान ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय पर पीडीए पंचायत कर समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ने के लिए लोगों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और जो भी सत्ताधारी पार्टी हिंदू मुस्लिम की राजनीति कर रही है इससे देश बर्बादी की तरफ जा रहा है, क्योंकि आज कल के युवा नौकरी व बेरोजगार हो चुके हैं सिर्फ और सिर्फ हिंदू मुस्लिम का जहर घोलने का काम भाजपा सरकार में किया जा रहा है, वहीं उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि हर बुथ पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए अगर हमारी पकड़ बुथ पर मजबूत होगी तभी हम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथ मजबूत करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में मजबूत रहने के लिए कहा। इस मौके पर अशरफ अली, मोहम्मद उमर, परवेज आलम, अजय कुमार यशवी, आजम खान, साहिर राणा आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू अम्बावता ने ट्यूबवैल पर लगे स्मार्ट मीटर को तुरंत हटाने की रखी मांग

## कार्यकर्ताओं ने 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता ने शनिवार को 10 सूत्रीय मांग राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा है। उनका कहना था कि एमएसपी पर सभी फसल की खरीद गारंटी का कानून बने। सभी किसानों की कर्ज मुक्ति हो और किसान आयोग का गठन हो।

वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन पूरे देश में एक समान 5000 लागू की जाए। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान गन्ना एक्ट के अनुसार 14 दिन में जल्द से जल्द कराकर गन्ने का भुगतान 500 कुंतल किया जाए। आवारा पशुओ को पकड़वाकर स्थाई समाधान किसान हित में किया जाए। आवारा पशुओं से हुई फसल बर्बादी की जांच कर फसल मुआवजा दिलाया जाए। स्कूलों में एडमिशन प्रक्रिया फीस और किताबों के नाम पर चल रही लूट पर जनहित में छापेमारी कर कार्रवाई की जाए। ट्यूबवैल पर लगे स्मार्ट मीटर को तुरंत हटाया जाए और बिजली बिल में सुधार किया जाए। किसान को 12 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए। एक माह पूर्व से चल रहा 7 घंटे वाला रोस्टर तुरंत हटाने का आदेश किया जाए। पूरे देश में किसानों के लिए अस्पताल में मुफ्त चिकित्सा व स्कूल में मुफ्त शिक्षा सभी किसानों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाए। क्षेत्र में बन रही खराब सड़कों की जांच कर ठेकेदारों का लाइसेंस निरस्त किया जाए। गांवो में पानी की टंकी से खराब हुई सड़कों की मरम्मत की जाएं। उन्होंने कहा कि यह जनहित के मुद्दों पर कार्रवाई न होने पर भाकियू अंबावता आंदोलन करेगी।

## बाबा साहब की जयंती मनाने की मिले इजाजत, सौंपा ज्ञापन



कमिश्नरी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

■ 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाती है जयंती
■ धार्मिक आयोजनों की तरह बाबा साहब की जयंती पर भी हो सरकारी खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सूद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि करोड़ों लोग डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को अपना आदर्श मानते हैं लोगों की आस्था उनसे जुड़ी है। 14 अप्रैल को उनकी जयंती को धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन प्रशासन द्वारा जयंती को मनाने की अनुमति प्रदान नहीं की जा रही है जिसका सदस्य पूर्वजोर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश सरकार लाखों करोड़ों रुपया धार्मिक आयोजनों में खर्च करती है इस तरह बाबा साहब की जयंती पर भी रुपए खर्च किए जाए। इस दौरान गौतम भैया, शैलेंद्र सिंह, निक्की जाटव, मणि कुमार, रॉबिन, सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुएं से कब्जा हटाने को गौरव गुर्जर का प्रशासन को अल्टीमेटम

## तहसील दिवस में अधिकारियों को सौंपा प्रार्थना पत्र

■ प्रिया टॉकीज के पास स्थित है प्राचीन कुआं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मवाना।** नगर में हिंदू समाज की आस्था के प्रतीक एक प्राचीन कुएं पर कुछ असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर लिया है। जिससे कुआं पूजन जैसे रस्मो-रिवाज निभाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले में हिंदू संगठन के युवा नेता गौरव गुर्जर ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। वह कार्यकर्ताओं के साथ तहसील समाधान दिवस में पहुंचे और कुएं से जल्द कब्जा नहीं हटने पर आंदोलन की चेतावनी दी। उधर, इस मामले को लेकर खुफिया विभाग भी अलर्ट हो गया है। विभागीय अधिकारी ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट शासन को भेज दी है। हिंदू संगठन के युवा नेता गौरव गुर्जर जंधेड़ी अपने साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को लेकर तहसील समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने पुलिस प्रशासनिक अफसरों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कहा कि मवाना नगर में गोल मार्केट से प्रिया टॉकीज की ओर जाने वाले रास्ते पर प्राचीन कुआं स्थित है। नगर क्षेत्र के हिंदू समाज के लोग शादी विवाह व शिशु जन्मोत्सव के मौके पर यहां कुआं पूजन करने आते थे। हिंदू समाज की आस्था के प्रतीक इस प्राचीन कुएं पर कुछ समय पहले असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर लिया है।

इस सार्वजनिक संपत्ति को एक महिला द्वारा अनाधिकृत रूप से वक्फ करने की जानकारी भी मिली है। जबकि भूलेखों व सिजरे में भी यह कुआं व संपत्ति सरकारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द पूरे प्रकरण की जांच कराकर कुआं व आसपास की सरकारी जगह को कब्जामुक्त कराए, अन्यथा हिंदू समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। उनके साथ विहिप नेता सुभाष चंद गाबा, सचिन मोतला, शुभम, अंकुर सैनी, कुलदीप खटीक, चिराग मेहरा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक गुलाम मोहम्मद से मिले प्रधान वेदपाल फौजी

## तालाब का रास्ता पास होने पर जताया विधायक का आभार



■ सिवालखास विधायक ने ग्राम प्रधान से क्षेत्र की अन्य समस्याओं का निस्तारण करने का भी दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को जानी खुर्द के ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी क्षेत्रीय विधायक गुलाब मोहम्मद से मिले और क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। वेदपाल फौजी ने अभी कुछ दिन पूर्व जानी खुर्द झोड़ वाले रास्ता क्षेत्रीय विधायक गुलाम मोहम्मद को लिखकर दिया था जो पास हो गया जल्दी उस पर निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी को लेकर विधायक गुलाम मोहम्मद का ग्राम प्रधान ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक की कार्यशैली सराहनीय कार्य है और वह किसी से भेदभाव नहीं करते। वहीं ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी का विधायक गुलाम मोहम्मद ने गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र में कोई भी समस्या हो तो तुरंत निस्तारण करने की बात कही।

## 10 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयवीर सिंह ने बताया कि 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुपालन में जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के मार्गदर्शन में विभिन्न न्यायालयो में लम्बित जोकि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है। आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल अशमनीय वादों को छोड़कर, वैवाहिक विवाद विवाह विच्छेद तालाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादो जनपद न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लम्बित मात्रा, सिविल वादो किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वादों का निस्तारण होगा।

## दहेज विरोधी कानूनों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महिला कल्याण विभाग की तरफ से वन स्टॉप सेंटर में दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 व महिलाओं से संबंधित अन्य कानूनों पर चर्चा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक मेरठ कैन्ट अमित अग्रवाल मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगल योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर व समस्त हेल्पलाइन नम्बर 1090, 112, 1098, 102, आदि के बारे में अवगत कराया गया। डीपीओ अतुल कुमार सोनी ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 तक 26 स्कूल व विद्यालयों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमित अग्रवाल ने महिला बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण कर और स्वालंबित बनकर समाज में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की बालिका महिलाएं स्वयंसेवी संगठन के लोग मौजूद रहे।

## एनआईईएसबीयूडी ने विजया साई सेवाओं के उदय को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले की शांत गलियों में एक शांतिपूर्ण क्रांति पनप रही थी। गुम्मादी शिव नारायण, पहली पीढ़ी के कई उद्यमियों की तरह, सफल होने की इच्छा रखते थे, लेकिन अभी तक कार्यप्रणाली नहीं थी।

व्यवसाय में उनके शुरुआती प्रयास संदेह, सीमित दृश्यता और औपचारिक दिशा की अनुपस्थिति से भरे थे। आकांक्षा तो थी, लेकिन आगे बढ़ने का तरीका नहीं था। हर गुजरते दिन के साथ, सपने को बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा था।

अथक प्रयास के बावजूद, उनका प्रोजेक्ट गति नहीं पकड़ पा रहा था। निर्णायक मोड़ तब आया जब उन्हें राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम के बारे में पता चला एक ऐसा विकल्प जिसने उनके रास्ते को फिर से परिभाषित किया।

## एमएसडीई ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में जमीनी स्तर पर नवाचार का किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत स्टार्टअप महाकुंभ 2025 की मेजबानी की तैयारी कर रहा है जो स्टार्टअप्स, निवेशकों और वैश्विक विचारकों का अब तक का सबसे बड़ा समागम होगा। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय अपने समर्पित मंडप के माध्यम से समावेशी उद्यमिता की एक आकर्षक कहानी प्रस्तुत करेगा। 3 से 5 अप्रैल तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एमएसडीई द्वारा 15 उद्यमियों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनकी यात्रा जमीनी स्तर पर नवाचार और संस्थागत समर्थन की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम से पहले एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा स्टार्टअप महाकुंभ के माध्यम से हम सिर्फ उद्यमों का प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं हम लचीलेपन, आकांक्षा और भारत की आर्थिक कल्पना के भविष्य की कहानियां बता रहे हैं।

# प्रेस क्लब को पुनर्जीवित करने के प्रयास तेज, उपज पत्रकार संगठन ने दिया समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को मंगल पांडे नगर स्थित प्रेस क्लब परिसर में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स उपज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपज के प्रदेश सचिव व अध्यक्ष अजय चौधरी ने की। बैठक में मेरठ पत्रकार क्लब प्रेस क्लब के पुनर्जीवन और प्रभावी संचालन को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर उपज संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों ने प्रेस क्लब को फिर से सक्रिय करने के लिए सकारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। उपज के महामंत्री ललित ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष विश्वास राणा ने सभी पत्रकार साथियों से प्रेस क्लब में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष लियाकत मंसूरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रेस क्लब को दोबारा सक्रिय करने के प्रयासों का समर्थन किया। सभी उपस्थित पत्रकारों ने संयुक्त पत्रकार मंच मेरठ की नवगठित कार्यकारिणी को समर्थन देते हुए प्रेस क्लब को पुनः स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर उपज के प्रदेश सचिव व अध्यक्ष अजय चौधरी ने संयुक्त पत्रकार मंच मेरठ के नवगठित अध्यक्ष रवि शर्मा को समर्थन पत्र सौंपा। बैठक में प्रमुख रूप से विश्वास राणा, राजू शर्मा, पवन शर्मा, लियाकत मंसूरी, जयवीर त्यागी, अखिल गौतम, अरुण सागर, शाहिद खान, दीपक वर्मा, राहुल राणा, रमेश सोनी, शाहीन खान सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## लापरवाही में अधिशासीअभियन्ता सहित चार अवर अभियन्ता निलम्बित

■ वितरण परिवर्तकों के क्षतिग्रस्त होने पर प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने की विभागीय कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन, ने वितरण परिवर्तकों के रख रखाव और निरीक्षण में लापरवाही बरतने वालेअभियन्ता अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। परिवर्तकों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाओं के मद्देनजर निगम ने एक अधिशासी अभियन्ता और चार अवर अभियन्ताओं को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

प्रबन्ध निदेशक द्वारा विद्युत वितरण परिवर्तकों को क्षतिग्रस्तता से बचाने के लिए बार-बार निर्देश देने, गतवर्ष में माह सितम्बर व माह मार्च में दो बार अनुरक्षण माह के अन्तर्गत अभियान चलाया गया, जिसमें समस्त विद्युत संयन्त्रों हेतु कार्य किया गया था इसी के साथ बिजनेस प्लॉन 2023-24 एवं 2024-25 व अन्य खण्डों को धनराशि आवंटित की थी परन्तु समीक्षा के दौरान संज्ञान मे आया कि कतिपय अभियन्ता अधिकारियों द्वारा अनुरक्षण में लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण परिवर्तकों की क्षतिग्रस्तता की घटना घटित हुई हैं जिसके अनुक्रम में प्रेम प्रकाश सिंह अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-कटघर, मुरादाबाद, को 630 केवीए वितरण परिवर्तक क्षतिग्रस्त होने एवं संजय राणा अवर अभियन्ता 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र ऊंचागांव व आल्दी, अर्न्तगत विद्युत वितरण खण्ड-शामली, ज्योतिप्रकाश अवर अभियन्ता 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र रौण्डा, अर्न्तगत विद्युत वितरण खण्ड-शिकारपुर, एवं पवन कुमार अवर अभियन्ता 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र इटहैरा, अर्न्तगत विद्युत वितरण खण्ड-ग्रेटरनोएडा एवं मनमोहन सिंह अवरअभियन्ता 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र-कालीनदी अर्न्तगत विद्युत वितरण खण्ड डिबाई, प्रत्येक को 100 केवीए परिवर्तक क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

# तहसील सदर का समाधान दिवस, 37 शिकायतों में मात्र तीन का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 37 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, कमल किशोर देशभूषण, सीएमओ डॉ.अशोक कटारिया, बीएसए आशा चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत देवी महापुराण कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** औघड़नाथ मंदिर में सुंदर कांड शक्ति संस्था के तत्वावधान होने वाली श्रीमद्भागवत देवी महापुराण कथा से पहले शनिवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली। इसमें काफी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ औघड़नाथ मंदिर से हुआ। कलश लेकर चल रही महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। क्षेत्र का भ्रमण कर कलश यात्रा वापस मंदिर पर समाप्त हुई। संस्था की सुषमा गुप्ता ने बताया की मां की कृपा से हम युवाओं को भारतीय संस्कृति और संस्कारों के बारे बताकर जागरूक कर रहे हैं।

## अनुशासनहीनता: रालोद मुखिया ने युवा की जिला और नगर कार्यकारिणी की भंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी के कार्यक्रम में अनुशासनहीनता और निष्क्रियता के कारण युवा जिलाध्यक्ष प्रशांत चौधरी और युवा नगर अध्यक्ष हेमंत कुमार की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। रालोद युवा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आसिफ चौधरी ने पार्टी के निर्देश पर यह कार्रवाई की है। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल (युवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी का शुक्रवार को मेरठ आगमन के बाद युवा प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। परन्तु कार्यक्रम में भारी अनुशासनहीनता हुई तथा युवा संगठन भी निष्क्रिय पाया गया। इस कारण मेरठ जनपद के युवा जिलाध्यक्ष तथा महानगर अध्यक्ष और उनकी कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग किया गया है। नए जिलाध्यक्ष (युवा) एवं महानगर अध्यक्ष (युवा) का चुनाव जल्द से जल्द कराया जाएगा। मुखिया की इस कार्रवाई से पार्टी में खलबली मची है।

# खडोली मंदिर में मनाई महर्षि कश्यप जयंती




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** शनिवार को नेशनल हाईवे 58 के निकट खडोली गांव में स्थित महर्षि कश्यप मंदिर में कश्यप निषाद कल्याण महासभा के तत्वावधान में महर्षि कश्यप जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। जिसमें मेरठ, बागपत, बड़ौत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, हापुड़, गाजियाबाद के अलावा दूसरे राज्यों दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस जयन्ती महाकुंभ में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार कश्यप को फूलों की माला पहनाकर सभी ने जोरदार स्वागत किया। मंच का संचालन डॉ. अश्वनीभान कश्यप ने किया।

यह कार्यक्रम सुबह हवन के साथ शुभारम्भ होकर लगभग शाम 4 बजे तक चला। डॉ. विजय कुमार कश्यप ने संबोधन में समाज को भगवान कश्यप जी के नियमों का पालन करने के लिए कहा और कहा कि उनके सिद्धांतों पर चलकर ही समाज का उत्थान हो सकता है। समाज को शिक्षित होने और एकजुट होकर संघर्ष करने को कहा। अन्य वक्ताओं ने भी समाज की दिशा और दशा सुधारने के लिये संघर्ष करने के लिये जोर दिया। इस जयन्ती महाकुंभ को सफल बनाने में नरेश कश्यप, सुरेश कश्यप, मास्टर गुरुदत्त कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप, अशोक फौजी, छोटे लाल कश्यप, लक्ष्मण कश्यप, डॉ. अश्वनी भान कश्यप, शशांक कश्यप, मोहित कश्यप, रेखा कश्यप, बबली कश्यप, ज्योति कश्यप, सीमा कश्यप, आरती कश्यप आदि का विशेष महत्व रहा।

## पुराने सड़क हादसे में किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** क्षेत्र के सरधना रोड पर हुए सड़क हादसे में मुकदमा दर्ज हुआ है। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में नंगलाताशी निवासी चरण सिंह ने दर्ज कराए मुकदमें में बताया कि 23 दिसंबर 2024 को वह घर से किसी काम को जयदुर्गा धर्मकांटा नंगलाताशी की ओर जा रहा था। रास्ते में एक ट्रक ने चरण सिंह में टक्कर मार दी। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हादसे में चरण सिंह के पैर में तीन जगह पर फ्रेक्चर हो गया। उपचार के बाद अब पीड़ित चार अप्रैल को थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने कहा कि ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर केस दर्ज हो गया है। सीसीटीवी फुटेज के खंगाली जाएंगी।

# हितेश मुक्केबाजी विश्व कप के फाइनल में

● हितेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस 2024 ओलंपियन फ्रांस के माकन को 5-0 से हराया



**फोज डू इगुआकु, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाज हितेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस 2024 ओलंपियन फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5-0 से हराया और गुरुवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। शानदार साम-रिक अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन इस साल के विश्व मुक्केबाजी कप सीरीज के पहले संस्करण के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। हितेश अब स्वर्ण पदक के लिए इंग्लैंड के ओडेल कामारा से भिड़ेंगे। भारतीय मुक्केबाज ने सावधानी से शुरुआत की और जवाबी हमले की रणनीति अपनाई, जिससे उन्हें सेमीफाइनल मुकाबले में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिली। अंतिम दौर में पेनल्टी के बावजूद जजों ने सर्वसम्मति से हितेश को 5-0 से जीत दिलाई। अन्य भारतीय मुक्केबाजों में बहादुरी से मुकाबला करने के बावजूद जदुमणि सिंह मंडेंगबाम 50 किग्रा के सेमीफाइनल में पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जलीलोव से 2-3 से हार गए। 90 किग्रा और 60 किग्रा वर्ग में विशाल और सचिन क्रमशः उज्बेकिस्तान के तुराबेक खाबीबुल्लाव और पोलैंड के पावेल ब्राच से हार गए। कई ओलंपियन सहित 19 देशों के 130 से अधिक मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में भाग ले रहे हैं।भारत केवल 10 पुरुष भार वर्गों में एक टीम उतार रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के अगले दो चरण कजाकिस्तान (जून-जुलाई) और भारत (नवंबर) में आयोजित किए जाएंगे।

# पंत पर लगा जुर्माना

● धीमे ओवर गति के लिए 12 लाख का लगा जुर्माना



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर शुक्रवार रात यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 16वें मैच में उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत उनकी टीम पर धीमे ओवर गति के लिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस बीच एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर शुक्रवार को एकाना स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2-5 के तहत उनका दूसरा लेवल 1 अपराध था, और इसलिए, उन्होंने दो डिमेरिट अंक अर्जित किए हैं, इसके अलावा एक डिमेरिट अंक उन्होंने एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के मैच के दौरान अर्जित किया था। आचार सं-हता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

# बैटिंग ट्रैक पर हार के सिलसिले को रोकने के इरादे से उतरेगी हैदराबाद



■ हैदराबाद घरेलू परिस्थितियों के समर्थन का फायदा उठाने की कोशिश करेगी

**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को खेले जाने वाले अहम मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) अपनी हार के सिल-सिले को रोकने के लिए रविवार को गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड पर भरोसा करेगी।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने यहां अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है मगर मौजूदा सत्र में लगातार तीन हार के बाद टीम वापसी करने के लिए घरेलू परिस्थितियों और प्रशंसकों के समर्थन का फायदा उठाने की को-शिश करेगी। शीर्ष क्रम की विफलता और निराशाजनक गेंदबा-जी से एसआरएच बेचैन है और उसके लिए घरेलू मैदान में प्रतिकूल परिस्थितियों को बेहतर का बेहतरीन मौका है। इसके विपरीत, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर आठ विकेट की जीत हासिल कर चुकी गुजरात का इरादा जीत की हैट्रिक को पूरा करने का होगा।

शुभमन गिल की अगुआई में जीटी अपनी बढ़त को जारी रखना चाहेगी, हालांकि उन्हें लीग में सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी ट्रैक पर एसआरएच की बल्लेबाजी लाइन-अप का मुकाबला करने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एसआरएच का बल्लेबाजी क्रम दमदार है, लेकिन इस सीजन में इसमें निरंतरता की कमी रही है। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं, जबकि ईशान किशन का स्ट्राइक रेट औसत से कम रहा है। हेनरिक क्लासेन लाइनअप में कुछ सकारात्मक खिलाड़ियों में से एक हैं, नीतीश कुमार रेड्डी और कामिंडू मेंडिस के साथ मध्य ओवरों में अहम भूमिका निभाएंगे। पैट कमिंस और अनिकेत वर्मा निचले मध्य क्रम में गहराई जोड़ते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, एसआरएच ने संघर्ष किया है। मोहम्मद शमी और कमिंस ने शुरुआती सफलता नहीं दिलाई है, जबकि जीशान अंसारी और मेंडिस की अगुआई में स्पिन आक्रमण में कमी आई है। हर्षल पटेल और सिम-रजीत सिंह को आगे आकर खेलना होगा, खासकर ऐसी पिच पर जो तेज गेंदबाजों के लिए बहुत कम मददगार हो। दूसरी ओर, जीटी का शीर्ष क्रम अच्छी स्थिति में है। पिछले मैच में जोस बटलर के आक्रामक 73 रन और साई सुदर्शन की निरंतरता ने शीर्ष पर मजबूती प्रदान की है। गिल शेरफेन रदरफोर्ड और शाहरुख खान की मौजूदगी वाला मध्य क्रम तेजी से आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। गें-दबाजी जीटी की कमजोरी बनी हुई है। कगिसो रबाडा के बाहर होने के बाद मोहम्मद सिराज और अरशद खान को नई गेंद की जिम्मेदारी संभालनी होगी, जबकि राशिद खान का खराब फॉर्म चिंता का विषय है। साई किशोर और प्रसिद्ध कृष्णा को बीच के ओवरों में रन गति को नियंत्रित करने का काम सौंपा जाएगा। राजीव गांधी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए स्वर्ग होने की उम्मीद है। पिछले दो सत्रों में पहली पारी में औसतन 200 से अधिक का स्कोर रहा है, इसलिए रनों की बरसात होने की संभावना है। स्पिनरों को दूसरे हाफ में कुछ मदद मिल सकती है। मौसम का पूर्वानुमान साफ है, बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। ओस के कारण कोई समस्या नहीं होने के कारण, दोनों कप्तान पहले बल्लेबाजी करके चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने का प्रयास करेंगे। इस मैदान पर रोशनी में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल साबित हुआ है, खासकर जब पारी के अंत में स्पिन की भूमिका आती है। गुजरात ने एसआरएच के खिलाफ अपने तीन मैचों में दो में जीत हासिल की है, जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। हालांकि, इस मैदान का इतिहास घरेलू टीम के पक्ष में है। गुजरात टाइटन्स इस मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल सतह और घरेलू मैदान पर मजबूत रिकॉर्ड के साथ, सनराइजर्स हैदराबाद पसंदीदा के रूप में शुरुआत करेगी।

**सनराइजर्स हैदराबाद (संभावित एकादश):** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेट कीपर), कामिंडू मेंडिस, अनिकेत वर्मा, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, सिम-रजीत सिंह, जीशान अंसारी, ट्रैविस हेड (इम्पैक्ट प्लेयर)।

**गुजरात टाइटन्स (संभावित एकादश) :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेट कीपर), शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, राशिद खान, आर साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड (इम्पैक्ट प्लेयर)।

## जम्मू-कश्मीर का तैराकी दल मोहाली के लिए रवाना

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर से पांच सदस्यीय तैराकी दल सातवें मास्टर्स नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए शनिवार को मोहाली के लिए रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि मास्टर्स नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए जम्मू से पहला मास्टर्स तैराक दल डेविड संधू के मार्गदर्शन में शनिवार को मोहाली के लिए रवाना हुआ। एसोसिएशन ने यहां एक समारोह में दल को विदाई दी और अन्य सदस्यों नीते कौर खलासा, रोमेश शर्मा, विनय सराफ, सोमराज, ममता बजाज और रामेश्वर की उपस्थिति में उन्हें भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। तैराकी टीम में डेविड (46 वर्ष से अधिक), रुद्राक्ष (30 वर्ष से अधिक), राजेश सिंह (36 वर्ष से अधिक), कुलभूषण (72 वर्ष से अधिक) और प्रगुण (30 वर्ष से अधिक) शामिल हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### न्यूजीलैंड की जीत में ब्रेसवेल और सियर्स बने हीरो

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान माइकल ब्रेसवेल (59) के विस्फोटक अर्धशतक और बेन सियर्स के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को वर्षा बाधित तीसरे वनडे में पाकिस्तान को 43 रन से हरा दिया।

गीली आउटफील्ड के कारण मैच को 42 ओवर का कर दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुये आठ विकेट पर 264 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पारी 221 रन पर ही सिमट गयी। ब्रेसवेल ने 40 गें-दों पर 59 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में एक चौका और छह छक्के लगाए। इसके अलावा युवा सलामी बल्लेबाज राइस मारियू ने 58 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया, जबकि डेरिल मिशेल (53 गेंदों पर 43 रन) ने बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। पाकिस्तान का गेंदबा-जी आक्रमण संतुलित होने के क्षणों के बावजूद कीवियों की रन रफ्तार को रोकने में विफल रहा।

आकिफ जावेद ने 62 रन देकर 4 विकेट लिए। 265 रनों का पीछा करते हुए, पाकिस्तान दबाव में लड़खड़ा गया। सीयर्स ने एक तेज स्पेल में 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए जिसने मेहमान टीम के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जैकब डफी ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिसमें खतरनाक मोहम्मद रिजवान (37) शामिल थे। उन्होने बीच के ओवरों में कुछ उम्मीद जगाई थी। बाबर आज़म ने 58 गेंदों पर 50 रनों की तेज पारी खेलकर पाकिस्तान के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, लेकिन उनके आउट होने से टीम ढह गई। एक समय पाकिस्तान के सात विकेट पर 212 रन थे। आखिरी के तीन खिलाड़ी टीम के स्कोर में नौ रनों का ही इजाफा कर सके।

# सीएसके लगातार तीसरा मैच हारी

● दिल्ली ने चेपाक मैदान पर 25 रन से हराया, केएल राहुल ने 71 रन बनाए, विपराज को मिले दो विकेट

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल-18 में लगातार तीसरे मुकाबले में पराजय झेलनी पड़ी है। टीम को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने 25 रन से हराया। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत है। शनिवार के पहले मुकाबले में 184 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बना सकी। विजय शंकर 69 और एमएस धोनी 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। दिल्ली से विपराज निगम को 2 विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। केएल राहुल ने 51 बाल पर 77 रन की पारी खेली। अभिषेक पोरेल ने 33, ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 24 और समीर रिजवी ने 20 रनों का योगदान दिया। खलील अहमद ने 2 विकेट लिए। चेन्नई-दिल्ली मैच का पूरा स्कोरबोर्ड दिल्ली ने लगातार तीसरा मैच जीता है। टीम 6 अंक के साथ पाइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। चेन्नई ने सीजन में लगातार तीसरा मैच गंवाया है। टीम 4 में से एक मैच ही जीत सकी है। सीएसके 8वें नंबर पर है। दिल्ली ने इस मुकाबले को 25 रनों से जीत लिया है। 184 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। विजय शंकर 69 और एमएस धोनी 30 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी ओवर डाल रहे मुकेश कुमार ने 15 रन खर्च किए। 17वें ओवर में विजय शंकर ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने 43 बाल पर हाफ सेंचुरी लगाई। 15वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। । कुलदीप यादव के ओवर की तीसरी बाल पर विजय शंकर ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया।

## सीएसके की खिलाड़ी डॉक्यूमेंट्री 'द मेकिंग ऑफ' लांच

**चेन्नई, वार्ता।** पांच बार आईपीएल जीतने वाली सीएसके ने 'द मेकिंग ऑफ' नाम से अपनी दूसरी खिलाड़ी डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ लॉन्च कर दी है। सीरीज़ का दूसरा एपिसोड श्रीलंकाई गेंदबाज़ मथीशा पथिराना के जीवन यात्रा पर आधारित है। 'मेकिंग ऑफ' सीरीज़ टीम के स्टार खिलाड़ियों के जीवन पर गहराई से नज़र डालती है और बचपन से लेकर मैदान पर उनकी मौजूदा सफलता तक के सफ़र को दिखाती है। सीरीज का पहला एपिसोड सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर था। सीएसके की एक विज्ञप्ति के अनुसार, दर्शकों को पथिराना के बचपन के दिनों की झलक मिलेगी कि कैसे उन्होंने अपना अनूठा एक्शन विकसित किया और सीएसके और श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम तक का उनका सफ़र कैसा रहा। पर्दे के पीछे की विशेष फुटेज, पथिराना, उनके परिवार और बचपन के कोचों के साथ साक्षात्कार के साथ, 'द मेकिंग ऑफ मथीशा पथिराना' प्रशंसकों को एक अद्वितीय गेंदबाजी एक्शन वाले व्यक्ति और उनकी सफलता की कहानी के बारे में एक अंतरंग दृश्य प्रदान करता है।

# दीदी मेरा बहुत साथ देती हैं: महिमा

■ वर्तमान में अपनी बड़ी बहन कैप्टन सलीमा के साथ ट्रैनिंग कर रही है महिमा

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी झारखंड के साथ सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से लेकर सीनियर नेशनल कैंप में जगह बनाने तक महिमा टेटे के लिए पिछले कुछ सप्ताह शानदार रहे हैं।

21 वर्षीय महिमा वर्तमान में अपनी बड़ी बहन कैप्टन सलीमा टेटे सहित सीनियर खिलाड़ियों के साथ साई, बेंगलुरु में ट्रेनिंग कर रही हैं। ट्रेनिंग के दौरान सलीमा के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए महिमा ने कहाकिंमैं हमेशा अपनी बहन के नक्शेकदम पर चलना चाहती थी और अपने देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहती थी। इसलिए अब जब मैं भी यहाँ हूँ, उसके साथ ट्रेनिंग कर रही हूँ, तो मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। जब मैं कुछ गलत करती हूँ, तो वह मेरे पास आती है और मुझे सुधारने के लिए मार्गदर्शन करती है। दीदी मेरा बहुत साथ देती है। महिमा ने यह भी कहा कि कैंप में शामिल होने से पहले उनकी बहन ने उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारी दी थी।

कि उसने मुझे कड़ी मेहनत करने और किसी भी चीज़ से पीछे न हटने के लिए कहा। उसने मुझे मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने के लिए कहा। शुरुआत में महिमा को 65 सदस्यीय कोर संभावित खिलाड़ियों के समूह में चुना गया था, लेकिन प्रशिक्षण और परीक्षण में उनके प्रभावशाली काम ने उन्हें दो अप्रैल को घोषित 40 सदस्यीय सूची में स्थान दिलाया। जब उनसे अब तक सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण के उनके अनुभव के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दियाकिं यह मेरे द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले संयोजन से अलग है। सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करना अच्छा है और मैं बहुत खुश हूं कि मैं अभी सीनियर टीम में हूं, लेकिन मुझे उस स्तर तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी और सुधार करना होगा, जिसकी मुझे जरूरत है।

उन्होंने कहाकिं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें वास्तव में फिट और तेज होना चाहिए, इसलिए, हम सीनियर कैंप में बहुत कठिन प्रशिक्षण लेते हैं। महिमा 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान एक प्रभावशाली खिताब जीतने वाले अभियान के बाद सीनियर कैंप में शामिल हुई। मिडफील्डर ने हॉकी झारखंड के लिए सभी पांच मैच खेले और टूर्नामेंट में अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सिफत ने आईएसएसएफ विश्व कप में दिलाया पहला स्वर्ण पदक

● 50 मीटर राइफल-3 पोजिशन में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया



**अमृतसर, वार्ता।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की प्रतिभाशाली एथलीट और बीपीईएस सेमेस्टर तीन की छात्रा और भारत की प्रसिद्ध निशानेबाज सिफत कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल-3 पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

यह जीत इस विश्व कप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक है। सिफत की यह उपलब्धि उसकी निरंतर मेहनत, प्रतिभा और गुरु नानक देव विश्व-विद्यालय की शूटिंग कोच मिस राजविंदर कौर के अथक मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने भी सिफत को उसके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करमजीत सिंह ने सिफत की उल्लेखनीय जीत की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्वर्ण पदक हमारे देश में खेलों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। सिफत हमारे छात्रों के लिए एक आदर्श हैं, जो उन्हें सिखाती हैं कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय ने लगातार खेलों में उत्कृष्टता हासिल की है और 25 बार अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी जीती है। हाल ही में एथलीटों ने अंतर-विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल करके राष्ट्रीय स्तर पर पदक भी हासिल किए हैं। उन्होंने कहाकिंहमारे एथलीट एथलेटिक्स, हॉकी, शूटिंग और साइकिलिंग जैसे विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। ये सभी उपलब्धियां हमारे कोचों की सामूहिक मेहनत का परिणाम हैं, जिसमें मिस राज-विंदर कौर जैसे समर्पित गुरु, एथलीट और खेल विभाग शामिल हैं। कुलपति ने कहा कि सिफत समरा की जीत सिर्फ एक पदक नहीं है, बल्कि एक संदेश है जो बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और उन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# जयपुर पिंक कब्स ने जीता युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप का खिताब




**हरिद्वार, वार्ता।** जयपुर पिंक कब्स ने युवा योद्धास को 35-29 से हराकर युवा ऑल स्टार्स का खिताब अपने नाम कर लिया।

हरिद्वार के वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम में युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले के शुरुआती दौर में दोनों टीमों 8-8 अंक से बराबरी पर थी, लेकिन फिर योद्धास ने पिंक कब्स को ऑल आउट कर 12-9 की बढ़त ले ली, जिसके चलते पहले हाफ में उत्तर प्रदेश की यह टीम 16-15 से आगे थी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने जमकर मुकाबला किया और स्कोर 20-20 की बराबरी पर पहुंच गया। तभी अनिल की रेड ने जयपुर पिंक कब्स को युवा योद्धास पर ऑल आउट करने का मौका दिया, जिससे उन्हें चार अंकों की बढ़त मिल गई।

इसके बाद दोनों टीमों ने सफल रेड और टैकल से अंक बटोरे, लेकिन जयपुर पिंक कब्स ने अपनी बढ़त बनाए रखी और युवा योद्धास की वापसी की सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया। जयपुर पिंक कब्स ने 25 रेड पॉइंट्स और 8 टैकल पॉइंट्स अर्जित किए, जबकि योद्धास ने 22 रेड पॉइंट्स और 5 टैकल पॉइंट्स हासिल किए। दोनों टीमों ने एक दूसरे को 2-2 बार ऑल आउट किया। खेल की सबसे अविस्मरणीय बात ये रही कि पूरे मुकाबले के दौरान कोई भी टीम एक भी सुपर रेड या सुपर टैकल नहीं कर सकी।

# IMF ने पाक में दूसरा भ्रष्टाचार निरोधक दल भेजा

## व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए काम करेगी टीम

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**अंतर्राष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भ्रष्टाचार, धन शोधन, व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए पाकिस्तान में दूसरा भ्रष्टाचार निरा.धक दल भेजा है।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे भ्रष्टाचार निरोधक दल की चार अप्रैल से 14 अप्रैल तक पाकिस्तान में रहेगा। इस दौरान दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होंगी। आईएमएफ टीम पाकिस्तान शुगर मिल्स एसोसिएशन (पीएसएमए) के साथ बैठक करेगी, ताकि मूल्यों में हेरफेर जैसे मामलों की चल रही जांच पर चर्चा की जा सके। जिसके कारण पाकिस्तान के प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीपी) ने मूल्य हेरफेर और कार्टेलाइजेशन के लिए एसोसिएशन पर अरबों रुपये का जुर्माना लगाया है। अब तक मिशन ने कराची में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के साथ बैठकें की हैं, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र के विनियमन, संदिग्ध लेनदेन और धन शोधन के मुद्दों पर चर्चा की गई है। इससे पहले गत फरवरी में अपनी यात्रा के दौरान भ्रष्टाचार निरा.धक टीम ने न्यायिक नियुक्तियों और अन्य कानूनी मामलों पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी से भी मुलाकात की थी। इस बार आईएमएफ मिशन न्यायिक दक्षता और न्यायाधीशों की जवाबदेही पर चर्चा करने के लिए एससीपी के रजिस्ट्रार से मुलाकात करेगा, और इन मामलों के न्यायिक संचालन पर अपडेट प्राप्त कर सकता है। मिशन पाकिस्तान सॉवरेन वेल्थ एक्ट में संशोधन पर भी चर्चा करेगा, जो पिछले आईएमएफ कार्यक्रम समीक्षा मिशन का हिस्सा था। आईएमएफ ने बजट निष्पादन, ट्रेजरी सिंगल अकाउंट और ऋण प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को भी एक मिशन में शामिल किया है जो ज्यादातर आईएमएफ के भीतर कानूनी मामलों से निपटता है। मिशन का एक अन्य प्रमुख क्षेत्र पाकिस्तान का सूचना तक पहुंच का अधिकार है जो सरकार द्वारा करदाताओं से जानबूझकर जानक.ारी छिपाने के कारण बेहद कमजोर बना हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक दल इस क्षेत्र में सुधार की सिफारिश करेगा और अपने निष्कर्षों के आधार पर एक अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसे पाकिस्तान को जुलाई या अगस्त के अंत तक प्रकाशित करना होगा।



**दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होगी**

## अमेरिका ने गलती से यूक्रेनवासियों को ईमेल भेजकर देश छोड़ने को कहा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने गलती से अमेरिका में रह रहे यूक्रेनी शरणार्थियों को देश छोड़ने के लिए कहा, क्योंकि उनकी कानूनी स्थिति रद्द कर दी गई है। यह ईमेल, संचार त्रुटि के कारण गलती से आंतरिक सुरक्षा विभाग द्वारा भेजा गया जिसमें उन्हें जाने के लिए कहा गया। सीबीएस न्यूज़ के अनुसार, तीन अप्रैल को भेजे गए नोटिस में लिखा था कि डीएचएस अब आपके पैरोल को समाप्त करने के लिए अपने विवेक का प्रयोग कर रहा है, जिसे बाइडन प्रशासन के अंतर्गत यूक्रेनी शरणार्थियों को अस्थायी पैरोल प्रदान किया गया था। इसमें आगे कहा गया कि अगर यह पहले समाप्त नहीं होता, तो आपकी पैरोल इस सूचना मिलने के सात दिनों बाद समाप्त हो जाएगी। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यूक्रेनवासियों को यह संदेश प्राप्त हुआ।




**नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए विरोध करते छात्र।**

## स्पेन में शक्तिशाली तूफान के कारण गोदाम ढहने से तीन लोगों की मौत

**मैड्रिड।** दक्षिणी स्पेन में एक शक्तिशाली तूफान के कारण एक कृषि गोदाम ढह गया, जिससे वहां काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि उन्हें अंडालूसिया क्षेत्र में सेविले के पास डॉस हरमनोस शहर के पास घटना की जानकारी मिली। तूफान के कारण गोदाम की छत उड़ गई और इमारत ढह गई। अंदर काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। स्पेन के श्रम और सामाजिक अर्थव्यवस्था मंत्री ने कहा कि एक निरीक्षण दल घटना की जांच कर रहा है। सेविले के श्रमिक संघ, को. मिसियोनेस ओब्रेरास (श्रमिक आयोग) के सचिव कारमेन तिराडो ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में कंपनियों को काम समायोजित या निलंबित करना कानूनी रूप से आवश्यक है, अन्यथा त्रासदियां हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 22 हजार सैनिकों ने जान गंवाई

**कुर्स्क।** रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं के 22 हजार सैनिक अपनी जान गंवा चुके हैं। सेवर (उत्तर) समूह बल के सूत्रों के मुताबिक दुश्मन को कुल 72 हजार से अधिक लोगों का नुकसान हुआ, जिनमें से 22 हजार लोग मारे गए और 50 हजार से अधिक घायल हुए। ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। मार्च में, रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में आक्रमण कर सुदज़ा और अन्य इलाकों को मुक्त कराया। वर्तमान में, उत्तरी समूह की सेना कुर्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी समूहों को बाहर खदेड़ रही है।

### रूस के उप प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**हवाना।** रूस के उप प्रधानमंत्री दिमित्री चेर्निशेंको ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कैनेल से मुलाकात की है। दिमित्री क्यूबा की यात्रा पर हैं। डियाज़-कैनेल ने दिमित्री को यात्रा के लिए और साथ ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने के लिए धन्यवाद दिया। क्यूबा के नेता ने कहा कि आज पूरी दुनिया में जो हालात हैं उन्हें देखते हुए हम आपकी यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। इन सबके संदर्भ में हम संबंधों के विकास और हमारे सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ वर्तमान चुनौतियों का मिलकर मुकाबला करने के लिए इन संबंधों के महत्व पर विशेष ध्यान देते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी के किम्बे में भूकंप के झटके

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी दूर किम्बे पूर्व-दक्षिण-पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमरीकी भूवैज्ञानिक सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि किम्बे, पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय समय 20:04:41 पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 6.18 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.59 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 33.0 किमी की गहराई पर था।

# चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया

## चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के चलते लिया बड़ा फैसला



**बीजिंग/ लॉस एंजिल्स, वार्ता**

**चीन** ने हाल ही में चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के कारण टिकटॉक की अमेरिकी परिसंपत्तियों को अलग करने के सौदे को मंजूरी नहीं दी है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा दो अप्रैल तक काफी हद तक अंतिम रूप ले चुका था और इसमें सोशल मीडिया के अमे.रिकी परिचालन को एक नई अमेरिकी-आधारित कंपनी में बदलना शामिल था जिसमें अमेरिकी निवेशकों की बहुलांश हिस्सेदारी थी। इस सौदे में बाइटडांस की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे को टिकटॉक के मौजूदा और नए निवेशकों, बाइटडांस और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है। अमे.रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिससे टिकटॉक को अमेरिका में अगले 75 दिनों तक परिचालन जारी रखने की अनुमति मिल जाएगी। इसके अधिग्रहण की प्रगति के बारे में बात.चीत चल रही है। बाद में, टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस ने कहा कि वह वीडियो ऐप कंपनी के अमेरिका में संचालन से संबंधित चल रहे मुद्दे को हल करने के लिए संभावित तरीके पर अमे.रिकी सरकार के साथ चर्चा कर रही है। ट्रम्प ने बुधवार को पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत आधार शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जबकि उन देशों और क्षेत्रों पर उच्च, पारस्परिक शुल्क लगाए गए जिनके साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, नौ अप्रैल से प्रभावी होंगे।

**लॉस एंजिल्स बंदरगाह जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10% गिरावटः सेरोका**

**आयात शुल्क में जापान पर 24%, द. कोरिया 25% व चीन पर 34% का अतिरिक्त शुल्क शामिल**

एनबीसी न्यूज ने बताया कि ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क की घोषणा ने टिकटॉक के अमे.रिकी डिवीजन के लिए एक सौदे को बाधित कर दिया जिसे पहले ही चीनी सरकार द्वारा अनुमोदित किया जा चुका था। वहीं अमेरिका में सबसे बड़े बंदरगाह लॉस एंजिल्स बंदरगाह के कार्यकारी निद.ेशक जीन सेरोका ने आयात शुल्क पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी है कि इससे इस साल के अंत में बंदरगाह से होकर जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

सेरोका ने अमेरिकी डिजिटल समाचार पत्र पोलिटिको को दिए साक्षात्कार में कहा कि हमें कनाडा से लकड़ी, मेक्सिको से उपकरण, चीन से एल्युमिनियम, स्टील, तांबा और फर्नीचर की जरूरत है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कल की घोषणा में इन सभी वस्तुओं और अन्य वस्तुओं पर अब तक का सबसे अधिक कर लगाया गया है तथा बंदरगाहों पर कोई भी मंदी एल-ए-क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गहराई तक प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस साल की दूसरी छमाही में हम कार्गो में गिरावट देखना शुरू कर देंगे। मुझे लगता है कि लॉस एंजिल्स में देश के सबसे बड़े बंदरगाह पर यह गिरावट कम से कम 10 प्रतिशत होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नए शुल्कों की घोषणा की जिसमें पांच अप्रैल से शुरू होने वाले सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ लगाया गया और उन व्यापारिक साझेदारों पर व्यक्तिगत पारस्परिक उच्च दरें लगाई गईं जिनके साथ अमेरिका का 'सबसे बड़ा व्यापार घाटा है' जो 09 अप्रैल से लागू होगा। आयात शुल्क में जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क शामिल था।

इसके अतिरिक्त चीन का नया टैरिफ ट्रम्प द्वारा तथाकथित फेंटेनाइल मुद्दे पर चीन पर लगाए गए 20 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त लगाया गया था। इससे चीन पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 54 प्रतिशत हो गया। लॉस एंजिल्स काउंटी आर्थिक विकास की एक रिपोर्ट के अनुसार व्यापार, परिवहन और उपयोगिता क्षेत्र एल-ए-काउंटी के सबसे बड़े रोजगार समूहों में से एक है जिसने पिछले साल अनुमानित 830000 श्रमिकों को रोजगार दिया था। लॉस एंजिल्स के बीकन इकोनॉमिक्स के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सलाहकार अर्थशास्त्री जॉक ओ' कॉनेल ने कहा कि बंदरगाहों पर और बंदरगाहों से इनलैंड एम्पायर तक जाने वाली आपूर्ति श्रृंखला में रोजगार के अवसर कम होंगे जहां हर दिन बड़ी संख्या में कंटेनर संसाधित किए जाते हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन देशों के साथ टैरिफ वार्ता शुरू की


**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वियतनाम, भारत और इजरायल के प्रतिनिधियों के साथ आयातित वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के संबंध में बात.चीत की है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प अलग-अलग व्यापार सौदों पर बातचीत करने के लिए देशों के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं, जिससे अगले सप्ताह की समय-सीमा से पहले प्रस्तावित टैरिफ में नरमी लाई जा सके।

गौरतलब है कि बुधवार को, ट्रम्प ने पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेस टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जबकि जिन देशों और क्षेत्रों के साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, उन पर उच्च, पारस्परिक टैरिफ नौ अप्रैल से लागू होंगे। कुछ देशों ने टैरिफ वृद्धि के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के अपने इरादे पहले ही घोषित कर दिए हैं, जिसमें चीन ने कहा है कि वह 10 अप्रैल से संयुक्त राज्य अमेरिका से सभी आयातों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जिसके बाद, अमेरिकी शेयर बाजार में दो दिनों में 6-6 खरब डॉलर का नुकसान हुआ, जो इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं अमेरिका में संघीय सरकार में रोजगार घटने के बावजूद इस साल मार्च में करीब 228000 नौकरियां निकाली गई हैं, जबकि बेरोज़गारी दर 4.2 प्रतिशत तक बढ़ गई। श्रम विभाग के श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सहायता, परिवहन और गोदामों में रोजगार में वृद्धि हुई। खुदरा व्यापार में भी रोजगार बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में 11 हजार नौकरियों के नुकसान के बाद मार्च में संघीय सरकार में चार हजार नौकरियां कम हुई और यह कि वे कर्मचारी जो वेतन पर छुटी पर हैं या निरंतर टुकड़ो में वेतन प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें भी नियोजित माना जाता है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत संघीय कार्यबल में लगातार कटौती की जा रही है, जिससे आने वाले महीनों में यह डेटा नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकता है। मार्च में, निजी गैर-खेत क्षेत्र में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की औसत घंटा दर नौ सेंट, यानी 0.3 प्रतिशत बढ़कर 36.00 अमेरिकी डॉलर हो गई।

# अफगान नागरिकों को जबरन वापस भेजने का विरोध

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने इस्लामाबाद के फैसले पर किया एजराज



**अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं**

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने देश में रहने वाले अफगान नागरिकों को अधिकारियों द्वारा जबरन अफगानिस्तान वापस भेजने की निंदा की है। इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि जब तक अफगान सरकार उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होती, हम अप्रवासियों को अफगानिस्तान वापस नहीं भेजेंगे। समा टीवी के अनुसार पाक तहरीक-ए-इस्लाम के मुख्यमंत्री ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस किसी को भी जबरन उसके घर से बाहर नहीं निकालेगी। अफगानिस्तान के साथ बातचीत किए बिना देश शांति प्राप्त नहीं कर सकता।

उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब संघीय सरकार ने गैर-दस्तावेजी शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, क्योंकि उनकी स्वैच्छिक वापसी की समय सीमा 31 मार्च, 2025 को समाप्त हो चुकी थी। बाद में समय सीमा कुछ दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं। जो शरणार्थी स्वेच्छा से जाना चाहते हैं, उन्हें सम्मान के साथ वापस लौटने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। 'द न्यूज इंटरनेशनल' के अनुसार, मुख्यमंत्री ने संघीय सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अभी भी अफगान तालि.बान के नेतृत्व वाली अंतरिम अफगानिस्तान सरकार के साथ वार्ता शुरू करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को मंजूरी देने का इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रवासियों को परेशान करने के कारण, जिसमें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई भी शामिल है, यह मुद्दा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवाद का विषय बन चुका है।

### पाकिस्तान सेना के अभियान में दो आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के केच जिले में सेना के अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुलेदा इलाके में अभियान चलाया। अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकाने पर कब्जा कर लिया गया। बयान में कहा गया कि मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्षेत्र में कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

## मोदी-यूनुस की वार्ता सकारात्मक साबित होगी: फखरुल

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने उम्मीद जताई है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर दोनों देशों के लिए सकारात्मक साबित होगी। थाईलैंड के बैंकॉक में शुक्रवार को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर भारत और बंगलादेश के नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक पर दोनों देशों की नजर थी तथा बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने इसे उत्पादक और पारस्परिक रूप से लाभकारी बताया है। 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, फखरुल ने कल शाम को बीएनपी अध्यक्ष के गुलशन कार्यालय में संवाददाताओं के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि इससे निस्संदेह बंगलादेश और भारत के लोगों को फायदा होगा।

# नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमलों में 52 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में संदिग्ध बंदूकधारियों ने इस सप्ताह के दौरान कम से कम 52 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बुधवार रात से हुए हमलों ने प्लेट्यू राज्य के बोक्कोस स्थानीय सरकार क्षेत्र में समुदायों में दहशत पैदा कर दी है। बोक्कोस सांस्कृतिक विकास परिषद वैनगार्ड के प्रमुख फार्मासुम फुडांग ने राज्य की राजधानी जोस में संवाददाताओं को बताया कि हमलावरों ने स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और घरों में आग लगा दी। हमलों में कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फुडांग शवों की तलाश में आस-पास की झाड़ियों की तलाशी लेने में अन्य स्वयंसेवकों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कम से कम 31 लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया। फुडांग ने बताया कि गुरुवार को ही हुर्ती गांव में पांच युवा पीड़ितों के शव मिले तथा बोक्कोस क्षेत्र के कई गांवों में तलाशी के दौरान 16 अन्य शव मिले। गौरतलब है कि ताजा खून-खराबे का मकसद अज्ञात है। बोक्कोस प्लेट्यू में सबसे अधिक बार हमले की जद में आने वाले क्षेत्रों में से एक है, जो देश के मुस्लिम-बहुल उत्तर और ईसाई-बहुल दक्षिण के बीच के मध्य क्षेत्र में है। एक बयान में, प्लेट्यू पठार राज्य सरकार ने हमलों की निंदा करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने पहले ही 'दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम' के संबंध में कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत-श्रीलंका ने किया हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग

**कोलंबो, वार्ता**

**भारत** एवं श्रीलंका ने हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग बढ़ाने, त्रिकोमाली ऊर्जा हब के रूप में विकसित करने तथा डिजिटल तकनीक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के बीच यहां द्विपक्षीय शिखर बैठक में इन फैसलों के साथ सात समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया।

दोनों नेताओं ने पांच परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने को सराहनीय बताया। यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने त्रिकोमाली में तिरुकोनेश्वरम मंदिर, नुवारा एलिया में सीता एलिया मंदिर और अनुराधापुरा में सेक्रेड सिटी कॉम्प्लेक्स परियोजना के विकास के लिए भारत की अनुदान सहायता अंतर्राष्ट्रीय वेसाक दिवस 2025 पर श्रीलंका में भगवान बुद्ध अवशेषों का प्रदर्शन के अलावा ऋण पुनर्गठन पर द्विपक्षीय संशोधन समझौतों का समापन का भी ऐलान किया। दोनों देशों के बीच जिन 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, उनमें बिजली के आयात/निर्यात के लिए एचवीडीसी इंटरकनेक्शन के कार्यान्वयन के लिए करार, डिजिटल परिवर्तन के लिए जनसंख्या पैमाने पर लागू सफल डिजिटल समाधान साझा करने के क्षेत्र में समझौता, त्रिकोमाली के ऊर्जा हब के रूप में विकास में सहयोग, रक्षा सहयोग, पूर्वी प्रांत के लिए बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता पर समझौता ज्ञापन, स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग और फार्माकोपियाल सहयोग पर समझौता ज्ञापन शामिल है। जिन पांच परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाना है उनमें महो-ओमानथाई रेलवे लाइन के उन्नत रेलवे ट्रैक का उद्घाटन, महो-अनुराधापुरा रेलवे लाइन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम का निर्माण का शुभारंभ, सम्पुर सौर ऊर्जा परियोजना (वर्चुअल) का भूमि पूजन समारोह, दाम्बुला (आभासी) में तापमान नियंत्रित कृषि गोदाम का उद्घाटन तथा श्रीलंका भर में 5000 धार्मिक संस्थानों (आभासी) के लिए सौर छत प्रणालियों की आपूर्ति का शुभारंभ शामिल है।मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायक द्वारा उन्हें 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किए जाने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है। यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्रीलंका का यह मेरा चौथा दौरा है। 2019 की मेरी पिछली यात्रा, एक बहुत ही संवे.दनशील समय पर हुई थी।



**नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की**

# इजरायल ने हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर खुदारी को मार गिराया

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने गाजा में हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया जो कथित तौर पर गाजा शहर में हमास का प्रमुख मनी एक्सचेंजर था।

आईडीएफ के अनुसार खुदारी की गुरुवार को हत्या कर दी गई, 'हमास के भीतर आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रमुख सूत्रधार था।' आईडीएफ ने कहा कि मनी एक्सचेंजर के रूप में अपनी भूमिका के दौरान खुदारी अल वेफाक कंपनी फंड का प्रमुख था जिसे इजरायली सरकार ने 'आतंकवादी संस्थाओं को धन पहुंचाने में इसकी संलिप्तता के कारण' आतंकवादी संगठन घोषित किया था। आईडीएफ के अनुसार खुदारी पिछले कुछ वर्षों में खास तौर पर सात अक्टूबर, 2023 के बाद 'हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था।' आईडीएफ ने कहा कि 2019 में अपने भाई हामिद खुदारी की हत्या के बाद उसकी संलिप्तता बढ़ गई जिसने हमास के सैन्य अभियानों के लिए प्राथमिक वित्तीय माध्यम के रूप में भी काम किया था। आईडीएफ ने दो अन्य बयानों में कहा कि उसने फलस्तीनी मुजाहिद.ीन आंदोलन के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर मोहम्मद हसन मोहम्मद अवद को मार गिराया है।

**2023 के बाद हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था**

# सलमान-रश्मिका के ऐज-गैप पर अमीषा का रिएक्शन



## बोली- फिल्में चल जाती हैं, तो सब माफ, सनी देओल संग अपनी जोड़ी का दिया उदाहरण



**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आई हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज से पहले दोनों के बीच उम्र के अंतर को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। अब इस मामले में अमीषा पटेल ने अपना रिएक्शन देते हुए सनी देओल के साथ अपनी जोड़ी का उदाहरण भी दिया।

मुंबई में एक इवेंट में आईएएनएस ने अमीषा पटेल से सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के अंतर को लेकर राय पूछी।

इसके जवाब में उन्होंने कहा, मेरे और सनी जी के बीच भी उम्र का बड़ा अंतर है, लगभग 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म काम करती है, तो सब कुछ माफ कर दिया जाता है। दरअसल, अमीषा पटेल ने सनी देओल के साथ दो बार गदर: एक प्रेम कथा और गदर 2 में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में हिट साबित हुई हैं। वहीं, सलमान खान ने भी इस मामले में ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'जब हीरोइन को प्राब्लम नहीं हो रही है तो आपको क्यों हो रही है। इनकी शादी होगी, बच्ची होगी, तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी की परमिशन तो मिल ही जाएगी। सलमान और रश्मिका के अलावा, फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, सुनील शेट्टी, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी नजर आए।

इस फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास है। जबकि साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है।



# खाकी के सेट पर घबरा गईं थीं चित्रांगदा सिंह



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की खाकी-द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज हाल ही में रिलीज हुई। सीरीज के रिलीज होने के बाद एक्ट्रेस ने शूटिंग के कुछ किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि वह शूटिंग के समय 400 लोगों के सामने काफी नर्वस फील कर रही थीं। चित्रांगदा सिंह ने सेट के किस्से शेयर करते हुए कहा कि कुछ मोमेंट ऐसे हैं, जिन्हें वह कभी नहीं भूल पाएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए चित्रांगदा ने बताया, 'एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा चेलेंजिंग किरदारों को चुनती हूं। नार्मल किरदार निभाना कामिक बुक जैसा लगता है।' चित्रांगदा ने कहा कि निबेदिता बसाक की भूमिका निभाना मुश्किल था। एक स्पेशल सीन को करते हुए एक्ट्रेस को काफी घबराहट हुई। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर मुझे करीब 400 लोगों के सामने भाषण देना था। इस सीन को विक्टोरिया मेमो. रियल के ठीक सामने एक बड़े मैदान में शूट किया गया था। मैंने डायरेक्टर के साथ वैन में अपने भाषण की प्रैक्टिस की, लेकिन जैसे ही मैं स्टेज पर चढ़ी और रेडी टू रोल सुना, मुझे काफी घबराहट होने लगी और मैं कुछ सेकेंड के लिए फ्रिज हो गई थी। हालांकि, भीड़ की एनर्जी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। यह मोमेंट मुझे हमेशा याद रहेगा। चित्रांगदा ने साल 2005 में हजारों ख्वाहिश ऐसी से अपना डेब्यू किया था। खाकी: द बंगाल चैप्टर नेटफ्लिक्स पर हिंदी और बंगाली में एक साथ स्ट्रीम होने वाली पहली हिंदी सीरीज है। इसमें चित्रांगदा सिंह, निबेदिता बसाक की भूमिका में नजर आ रही हैं। इनके अलावा जीत मदनानी, प्रोसेनजीत चटर्जी, परमब्रत चटर्जी भी लीड रोल में हैं। खाकी: द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज 20 मार्च 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। यह सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर का स्टैंड अलोन सीक्वल है। इसको नीरज पांडे ने क्रिएट किया है।

**एक सीन में 400 लोगों के सामने भाषण देना था, पहली बार पालिटिशियन के किरदार में दिखीं**

## रिलीज डेट्स

### 14 अगस्त को रिलीज होगी रजनीकांत की फिल्म 'कुली'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म कुली 14 अगस्त को रिलीज होगी। रजनीकांत एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म कुली की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कुली के निर्देशक लोकेश कनगराज ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'देवा आ रहा है, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में। सामने आए पोस्टर में रजनीकांत सीटी बजाते नजर आ रहे हैं। कुली में रजनीकांत के साथ आमिर खान भी नजर आएंगे। कुली में नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर की भी अहम भूमिका होगी। पूजा हेगड़े इस फिल्म में स्पेशल आइटम नंबर करती नजर आएंगी।

### 14 अप्रैल से शुरू होगा केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन

**मुंबई।** लोकप्रिय क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति केबीसी सीजन 17 के लिए 14 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। कौन बनेगा करोड़पति ऑफशियिली तौर पर अपने 17वें सीजन के साथ लौट रहा है।इस बात का खुलासा शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर किया है। प्रोमो में बॉलीवुड के महानायक और केबीसी के होस्ट अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं।

वही इस प्रोमो में बताया जा रहा है कि इस शो को रजिस्ट्रेशन जल्द ही शुरू होने वाला है। इस प्रोमो वीडियो में अमिताभ बच्चन एक मरीज के रूप में डॉक्टर के सामने दिखाई दे रहे हैं। उनके पेट में दर्द होता है। ऐसे अमिताभ से डॉक्टर पूछते हैं कि उन्होंने ऐसा क्या खाया कि उनके पेट में दर्द होने लगा। फिर डॉक्टर कहते हैं कि आपके पेट में कुछ बात है, जिसकी वजह से आपके पेट में दर्द हो रहा है। इस पर अमिताभ कहते हैं कि छोटी मोटी बात नहीं है एक सरप्राइज है। इसके बाद वो खुलासा करते हैं कि केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन 14 अप्रैल से रात 9 बजे शुरू होने वाले हैं। इस वीडियो को शेयर कर सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन ने कैप्शन में लिखा, 'तैयार हो जाइए 14 अप्रैल से हॉट सीट पर आने के लिए। केबीसी के रजिस्ट्रेशन और हमारे एबी के सवाल शुरू होने वाले ही हैं। यह रजिस्ट्रेशन सोनी एंटरटेनमेंट और सोनी लिव पर शुरू होंगे।

# रूमर्ड बायफ्रेंड वेदांग रैना के साथ दिखीं खुशी

**मुंबई।** जाने-माने फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। काफी वक्त से चर्चा है कि खुशी अपनी डेब्यू फिल्म द आर्चीज के को-अभिनेता वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। इसी बीच दोनों साथ में एयरपोर्ट के बाहर स्पाट हुए। इस समय खुशी और वेदांग के साथ बोनी कपूर और जान्हवी कपूर भी नजर आए। दरअसल, जान्हवी कपूर गुजरात के जामनगर में अपने बायफ्रेंड शिखर पहाड़िया का बर्थडे सेलिब्रेट करने पहुंची हैं। फैमिली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में जान्हवी और बोनी कपूर मुंबई के एक एयरपोर्ट पर दिखाई दे रहे हैं। इसी वीडियो में खुशी कपूर को वेदांग के साथ देखा गया। खुशी ने अपने पालतू कुत्ते को भी गोद में उठा रखा था। इसके बाद सभी का एक और वीडियो में सामने आया, इसमें वह जामनगर एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। खुशी की बेस्ट फ्रेंड मुस्कान भी कपूर फैमिली के साथ नजर आई। खुशी कपूर और वेदांग रैना ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बालीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद से अक्सर दोनों साथ में नजर आते हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिलेशनशिप को आफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो खुशी इस साल दो फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने 2025 की शुरुआत अद्वैत चंदन की रोमांटिक-कामेडी फिल्म लवयापा से की ।

इस फिल्म से उन्होंने आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ थिएटर में डेब्यू किया। इसके बाद वह डायरेक्टर शौना गौतम की फिल्म नादानियां में नजर आईं । इसमें खुशी के साथ सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्रा. हिम अली खान भी हैं। इब्राहिम ने इस फिल्म से बालीवुड में डेब्यू किया।

# मंदिर जाने के कारण ट्रोल हो गई सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकार सारा अली खान को अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल किया जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस नवरात्रि के मौके पर गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंची। सारा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की। इसके बाद से सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया जा रहा है। सारा अली खान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। फोटोज में सारा सफेद कुर्ता, पायजामा और दुपट्टा पहने नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोग काफी भड़क गए हैं। कुछ लोग एक्ट्रेस को नसीहत दे रहे हैं कि वह अपना नाम बदलकर सीता रख लें। सारा को यूजर्स एडवाइस दे रहे हैं कि वह या तो अपना नाम चेंज कर लें या फिर धर्म बदल लें। एक यूजर ने एक्ट्रेस की पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, यह सब नाटक हैं। तो वहीं एक ने सवाल किया कि सारा कभी इस्लामिक जगहों पर क्यों नहीं जाती हैं? दूसरे ने लिखा, आप इस तरह इस्लाम को बदनाम नहीं कर सकती। इस पहले फरवरी में सारा अली खान झारखंड के देवघर में बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर गई थीं। सारा ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, जय बाबा बैद्यनाथ, जिसके कारण एक्ट्रेस को कमेंट करके ट्रोल किया जा रहा था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

## अकाल-द अनकॉन्क्वेर्ड

### अनकही कहानियों की कहानी है: गिप्पी ग्रेवाल

**नई दिल्ली।** जाने-माने अभिनेता गायक गिप्पी ग्रेवाल का कहना है कि उनकी फिल्म अकाल-द अनकॉन्क्वेर्ड अनकही कहानियों की कहानी है। हाल ही में अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल, निमृत खैरा, निकितिन धीर और गुरप्रीत घुग्गी जैसे सितारे भी अपनी आनेवाली फिल्म अकाल : द अनकॉन्क्वेर्ड के प्रमोशन के सिलसिले में दिल्ली आए। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड की कहानी 1840 के दशक में सेट एक एक्शन ड्रामा है।

जिसमें पंजाब के योद्धा एक विशोधी सेना के खिलाफ खुद का बचाव करते हैं। गिप्पी ग्रेवाल ने बताया कि अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड ऐसी कहानियों के बारे में एक फिल्म है, जो अब तक अनकही रही हैं और इनके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है अकाल का मतलब है कालातीत, यानी जिसे किसी भी काल में जीता नही जा सकता। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड का निर्माण करण जौहर (धर्मा प्रोडक्शंस) द्वारा किया गया है और यह फिल्म-10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।